CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 29° C
न्यूनतम : 15° C

मुजफ्फरनगर, सोमवार 9 मार्च 2026 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 27 अंक 51 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

shahtimes2015@gmail.com फाल्गुन कृष्ण पक्ष 4 विक्रमी सम्वत् 2082 19 रमज़ान 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



मुफ्त सरकारी सुविधा में ईमानदारी जरूरी : राहुल गांधी

पेज 2



रैंडेल प्रथम श्रेणी में 5 गेंदों में लगातार 5 विकेट लेने वाले पहले गेंदबाज बने नेपियर

खेल टाइम्स



न्यूयॉर्क मेयर ममदानी के आवास पर बम हमले की कोशिश

पेज 12

# भारत तीसरी बार टी-20 का सरताज

## फाइनल मुकाबले में न्यूजीलैंड को 96 रनों से दी करारी शिकस्त, टीम इंडिया ने कीवियों के छुड़ाए छक्के

**अहमदाबाद।** भारत ने न्यूजीलैंड को हराकर तीसरी बार टी-20 वर्ल्डकप जीत लिया है। इंडिया लगातार दो बार टी-20 वर्ल्ड कप जीतने वाली टीम बनी। पहली बार किसी मेजबान टीम ने टी-20 वर्ल्डकप जीता है।

टीम इंडिया ने तीसरी बार टी-20 विश्वकप का खिताब जीता है। इससे पहले टीम 2007 में पहले संस्करण और 2024 में रोहित शर्मा की कप्तानी में खिताब जीती थी। सूर्यकुमार यादव का भी नाम विश्व विजेता कप्तानों में शुमार हो गया है। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में रविवार को टॉस जीतकर न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर बॉलिंग का

- **भारतीय टीम ने फाइनल में रिकॉर्ड 255 रन बनाए, न्यूजीलैंड159 पर ढेर**

फैसला लिया था। पहले बैटिंग करने उतरी टीम इंडिया ने भारत ने टी-20 वर्ल्डकप फाइनल में रिकॉर्ड 255 रन बनाए थे। संजू सैमसन ने टी-20 वर्ल्डकप फाइनल का सबसे बड़ा स्कोर 89 रन बनाए। ईशान किशन ने 54 और अभिषेक शर्मा ने 52 रन बनाए। आखिर में शिवम दुबे ने 8 गेंद पर 26 रन बनाए। न्यूजीलैंड से जिमी नीशम को 3 विकेट मिले। 255 रनों का पीछा करने उतरी



न्यूजीलैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही। साइफर्ट (52) और कप्तान सैंटनर (43) के अलावा कोई भी बैटर भारतीय गेंदबाजों के सामने टिक नहीं सका। पूरी टीम 19 ओवर में 159 रन पर आउट हो गई। न्यूजीलैंड को रनों के लिहाज से टी-20 वर्ल्डकप फाइनल में सबसे बड़ी हार मिली। भारत ने पावरप्ले में 92 रन बनाए और 20 ओवर में 5 विकेट खोकर 255 रन बना दिए। भारतीय टीम ने पावरप्ले में वर्ल्ड कप के सबसे बड़े स्कोर की बराबरी की। पिछला रिकॉर्ड 92/1 था, जो 2024 वर्ल्ड कप में वेस्टइंडीज ने बनाया था। सैमसन टी-20 वर्ल्ड कप फाइनल में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बैटर बन गए।



**संजू सैमसन**
फाइनल में 89 रन की आतिशी पारी खेली
------------
टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा 21 छक्के भी लगाए

# ईरान की ऑपरेशन ट्रू प्रॉमिस-4 की 27वीं स्ट्राइक

## नए ड्रोन -मिसाइलों से अमेरिका-इजरायल व सऊदी अरब पर हमला

**तेहरान।** मिडिल ईस्ट में जारी संघर्ष के बीच इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर (आईआरजीसी) ने ऑपरेशन ट्रू प्रॉमिस-4 के तहत 27वीं लहर के हमलों की शुरुआत करने का दावा किया है। ईरान के इस विशिष्ट सैन्य बल ने कहा कि यह कार्रवाई अमेरिका और इजरायल की ओर से कथित उकसावे वाली सैन्य कार्रवाई के जवाब में की गई है।

ईरानी सरकारी प्रसारक प्रेस टीवी के अनुसार, इस चरण में ड्रोन और मिसाइलों के संयुक्त हमले किए गए, जिनका मुख्य निशाना इजरायल के उत्तरी हिस्सों में मौजूद सैन्य ढांचे व सऊदी अरब को बनाया गया। सऊदी अरब में एक भारतीय समेत लोगों के मरने की खबर है, इस हमले में 12 मजदूर घायल बताए जा रहे हैं। आईआरजीसी ने बताया कि इस हमले में उसकी एयरोस्पेस डिवीजन ने नए खैबर-शेकन सॉलिड-फ्यूल मिसाइलों का उपयोग किया। इन मिसाइलों में टारगेट तक पहुंचने के अंतिम चरण तक मार्गदर्शन की क्षमता मौजूद है। ईरानी सैन्य बयान के मुताबिक इन मिसाइलों से इजरायल के उत्तरी शहर हाइफा में मौजूद सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया गया। रिपोर्ट के अनुसार आईआरजीसी ने



**मुख्य निशाना इजरायल के उत्तरी हिस्सों में मौजूद सैन्य ढांचे को बनाया गया, यूएई पर 16 मिसाइलों व 117 ड्रोन से हमला**

**कुवैत अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के ईंधन भंडारण क्षेत्र को शत्रु ड्रोनों से निशाना बनाया गया, सऊदी में एक भारतीय समेत दो की मौत**

**ईरान ने अपने जल शोधन संयंत्र पर हमले के जवाब में बहरीन में अमेरिका के सैन्य अड्डों पर हमला किया**

ड्रोन के जरिये उन इलाकों को भी निशाना बनाया जहां अमेरिकी सैनिक तैनात हैं। दावा किया गया कि एक ड्रोन यूनिट ने उस स्थान को निशाना बनाया, जहां अमेरिकी बल मौजूद थे -शेष पृष्ठ दो पर

### इजरायल का तेहरान में प्रमुख तेल केंद्रों पर हमला

**तेहरान/तेल अवीव।** लेबनान की राजधानी बेरूत स्थित एक होटल पर इजरायल की ओर से किए गए हमले में चार लोग मारे गए, जबकि 10 अन्य लोग घायल हुए हैं। इजरायल ने ईरान की राजधानी तेहरान और अल्बोर्ज प्रांत में पांच प्रमुख तेल केंद्रों को निशाना बनाया।

ईरानी सरकारी टेलीविजन के अनुसार, इन हमलों में कम से कम चार टैंकर चालकों की मौत हो गई है। हमलों के बाद तेहरान का आसमान काले धुएं की मोटी चादर से ढक गया। वहीं अमेरिका और इजरायल ईरान के अत्यधिक संवर्धित यूरेनियम के भंडार को कब्जे में लेने के लिए विशेष बलों की तैनाती की संभावना पर विचार कर रहे हैं। समाचार वेबसाइट एक्सियोस की रिपोर्ट के अनुसार इस विषय पर दोनों देशों के बीच चर्चा हुई है। रिपोर्ट में मामले से परिचित चार सूत्रों का हवाला दिया गया है। रिपोर्ट के अनुसार अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के युद्ध उद्देश्यों में ईरान को परमाणु हथियार हासिल करने से रोकना शामिल है और इसके लिए ईरान के पास मौजूद करीब 450 किलोग्राम (लगभग 992 पाउंड) 60 प्रतिशत संवर्धित यूरेनियम को कब्जे में लेना महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

# राष्ट्रपति दौरा विवाद: गृह सचिव ने बंगाल सरकार से मांगी रिपोर्ट

**कोलकाता/नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के पश्चिम बंगाल दौरे में प्रोटोकॉल फॉलो नहीं करने के मामले में केंद्र ने राज्य के मुख्य सचिव से रिपोर्ट मांगी है। सूत्रों के मुताबिक, गृह सचिव ने रिपोर्ट में कहा कि राष्ट्रपति के लिए बनाए गए वॉशरूम में पानी नहीं था। प्रशासन ने जो रास्ता चुना था, वह कचरे से भरा था।

अधिकारियों के मुताबिक, यह रिपोर्ट रविवार को गृह मंत्रालय को भेजने के निर्देश दिए गए। उधर, पीएम मोदी और भाजपा ने इसे राष्ट्रपति का अपमान बताया है। मोदी ने कहा था कि ये शर्मनाक, ऐसा पहले कभी नहीं हुआ। राष्ट्रपति मुर्मू को 7 मार्च को आदिवासी समुदाय के हर साल होने वाले प्रोग्राम 9वें अंतर्राष्ट्रीय संथाल कॉन्फ्रेंस में बुलाया गया था। कार्यक्रम सिलीगुड़ी के बिधाननगर में होना तय था। हालांकि सुरक्षा और दूसरे लॉजिस्टिक कारणों का हवाला देते हुए, अधिकारियों ने जगह को बागडोगरा एयरपोर्ट के पास गोपालपुर में शिफ्ट कर दिया। राष्ट्रपति मुर्मू ने कार्यक्रम स्थल बदले जाने पर नाराजगी जताई। कहा कि मुझे लगता है बंगाल सरकार आदिवासियों का भला नहीं चाहतीं। नॉर्थ बंगाल दौरे पर न तो मुख्यमंत्री और न ही कोई मंत्री मुझे रिसीव करने आया। मुझे नहीं पता कि ममता मुझसे नाराज हैं या नहीं। वैसे, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। आप सब ठीक रहें।

- **कहा: वॉशरूम में पानी नहीं था, सड़क पर कूड़ा था, ममता सरकार ने प्रोग्राम वेन्यू बदला था**

## मुख्यमंत्री ममता का धरना तीसरे दिन भी रहा जारी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का धरना रविवार को तीसरे दिन भी जारी रहा। टीएमसी सुप्रीमो ने चुनाव आयोग को वैनिश कमीशन कहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा 'इलेक्टोरल रोल से सही वोटर्स के नाम हटाने के लिए वैनिश कमीशन का गलत इस्तेमाल' कर रही है।

उनका यह कमेंट ऐसे दिन आया है जब चुनाव आयोग की पूरी बेंच राज्य विधानसभा चुनाव से पहले चुनाव की तैयारियों का रिव्यू करने के लिए कोलकाता आने वाली है। ममता ने कहा कि एक देश, एक नेता, एक पार्टी के पागलपन में, भाजपा ने जन-विरोधी इच्छाओं को पूरा करने के लिए हर लोकतांत्रिक संस्था और संवैधानिक पद को सिस्टमैटिक तरीके से हथियार बना लिया है। बनर्जी ने दावा किया कि भाजपा का आखिरी मकसद बाबासाहेब अंबेडकर के बनाए गए



- **बोलीं- भाजपा पर एक देश, एक नेता-एक पार्टी का पागलपन सवार, चुनाव आयोग को वैनिश कंपनी कहा**

संविधान को अपने पार्टी मैनिफेस्टो से बदलना है। ममता ने राज्य में एसआईआर में वोटर लिस्ट से नाम हटाने के विरोध में 6 मार्च दोपहर 2 बजे से कोलकाता के एस्प्लेनेड मेट्रो चैनल पर धरना शुरू किया है।

राष्ट्रपति बोलीं- ममता बनर्जी मेरी छोटी बहन जैसी हैं। मैं भी बंगाल की बेटी हूं। अगर प्रोग्राम बिधाननगर में होता, तो बेहतर होता। वहां काफी जगह है और बहुत से लोग आ सकते थे, लेकिन मुझे नहीं पता कि राज्य प्रशासन ने वहां मीटिंग की इजाजत क्यों नहीं दी।

### 19वां रोज़ा

## मगफिरत के लिए अल्लाह के जिक्र पर जोर देता है रोज़ा

कुरआने-पाक में अल्लाह का इरशाद है- सो तुम मुझे याद किया करो, मैं तुम्हें याद किया करूंगा और मेरा अहसान मानते रहना और नाशुक्री नहीं करना। इस आयत की रोशनी में मगफिरत के अशरे को तो समझा ही जा सकता है, साथ में उन्नीसवें रोज़े की खासियत और फजीलत का भी बयान किया जा सकता है। मगफिरत का अशरा अल्लाह के ज़िक्र पर जोर देता है। इसलिए उन्नीसवां रोज़ा अल्लाह की मुसलसल याद है और रोज़ेदार के लिए दुआ की मुकम्मल फरियाद है। आयत में अल्लाह का वादा भी तो जाहिर हो रहा है। अल्लाह का ये वादा सो तुम मुझे याद किया करो, मैं तुम्हें याद किया करूंगा, सिर्फ इशारा नहीं है, बल्कि ज़ाहिर कौल है और करार है। अल्लाह चूंकि रहीम है इसलिए उसने रहम फरमाया है, नरमी बरती है और फिर कहा कि मेरा अहसान मानते रहना और नाशुक्री नहीं करना, तो ये हुक्म तो है यानी आर्डर तो है मगर इसमें भी अल्लाह ने फज़्ल की गारंटी पहले दिए गए कौल में दे दी है।

# लोकसभा अध्यक्ष ने ऑल वुमेन बाइक रैली को दिखाई हरी झंडी

**नई दिल्ली।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर एक समाचार पत्र की ओर से यहां कनॉट प्लेस में आयोजित ऑल-वुमेन बाइक रैली 2026 को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

इस अवसर पर उन्होंने सभी देशवासियों को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं दीं और महिलाओं की भूमिका को राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण बताया।

- **बिरला ने महिलाओं की भूमिका को राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण बताया**

स्वतंत्रता आंदोलन से लेकर भारत के नव निर्माण तक महिलाओं ने हर क्षेत्र में सशक्त नेतृत्व दिया है। उन्होंने कहा कि आज भारत की महिलाएं पंचायत से लेकर संसद तक नेतृत्व कर रही हैं और देश के विकास की मजबूत आधारशिला बन रही हैं।

# सात दिन में खाड़ी देशों से लौटे 50000 भारतीय

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्रालय (एमईए) ने पश्चिम एशिया और खाड़ी क्षेत्र की स्थिति पर अपडेट देते हुए बताया कि 1 से 7 मार्च 2026 के बीच 52,000 से ज्यादा भारतीय सुरक्षित रूप से खाड़ी देशों से भारत लौटे।

इसमें से 32,107 भारतीय एयरलाइंस के जरिये, बाकी लोग विदेशी कमर्शियल फ्लाइट्स और नॉन-शेड्यूल्ड फ्लाइट्स के जरिये वापस आए हैं। मंत्रालय के अनुसार, खाड़ी देशों में बिगड़ते हालात के बीच वहां फंसे भारतीयों की सहायता के लिए एक विशेष कंट्रोल रूम बनाया गया है, जो प्रभावित लोगों और उनके परिवारों के सवालों का जवाब दे रहा है। एमईए ने कहा कि क्षेत्र में मौजूद सभी भारतीय नागरिकों को स्थानीय प्रशासन और भारतीय दूतावास/ वाणिज्य दूतावास द्वारा जारी सलाहों का पालन करने की सलाह दी गई है। विभिन्न देशों में स्थित भारतीय मिशनों ने 24गुना7 हेल्पलाइन भी शुरू की हैं। मंत्रालय के बयान के अनुसार, हाल के दिनों में क्षेत्रीय हवाई क्षेत्र आंशिक रूप से खुलने के बाद भारतीय और विदेशी एयरलाइंस कमर्शियल और स्पेशल फ्लाइट्स संचालित कर रही हैं। आने वाले दिनों में और उड़ानें संचालित करने की योजना है।

- **32,107 को भारतीय एयरलाइंस लेकर आईं**
- **अकेले इजरायल में रहते हैं लगभग 41 हजार इंडियन**

# धोखाधड़ी मामले में अनिल अंबानी पर नया केस दर्ज

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने पीएनबी की शिकायत पर रिलायंस कम्युनिकेशंस के प्रमुख अनिल अंबानी के खिलाफ 1,085 करोड़ रुपये की ऋण धोखाधड़ी और आपराधिक साजिश का एक नया मामला दर्ज किया है।

यह कार्रवाई पीएनबी के मुख्य प्रबंधक संतोषकृष्ण अन्नावरपु की एक शिकायत के आधार पर की गई है। न्यूज एजेंसी के पास मौजूद इस प्राथमिकी की प्रति के अनुसार, इसमें आरोप लगाया गया है कि वर्ष 2013 से 2017 के बीच अनिल अंबानी और रिलायंस कम्युनिकेशंस के तत्कालीन अधिकारियों ने कथित तौर पर पीएनबी के साथ 1,085 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी की। बैंक का आरोप है कि रिलायंस कम्युनिकेशंस ने यह कर्ज वापस न करने की नीयत से प्राप्त किया। पीएनबी ने दावा किया कि कंपनी ने बैंक से प्राप्त धन को जानबूझकर अन्य उद्देश्यों के लिए इस्तेमाल किया। ऐसा करना धोखाधड़ी और विश्वास के आपराधिक उल्लंघन के समान है। सीबीआई द्वारा दर्ज इस प्राथमिकी में रिलायंस कम्युनिकेशंस, अनिल अंबानी के अलावा कुछ अन्य लोगों को भी आरोपी बनाया गया है।

- **1085 करोड़ की पीएनबी धोखाधड़ी का मामला**

# आपदा सरकार ने रोकी थी दिल्ली की विकास यात्रा: मोदी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि आपदा सरकार की वजह से दिल्ली का विकास रुक गया था, लेकिन पिछले एक साल में दिल्ली में चहुंओर विकास हो रहा है और इसका लाभ लोगों को मिल रहा है।

श्री मोदी ने रविवार को यहां बुराड़ी में आयोजित एक कार्यक्रम में दिल्ली में 33,500 करोड़ से अधिक की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करने के बाद कहा कि अब पता चल रहा है कि एक वर्ष पहले दिल्ली ने जिस आपदा से मुक्ति पाई वह कितनी जरूरी थी। अगर आपदा सरकार न



होती, तो मेट्रो का चौथा चरण पहले हो जाता। भाजपा की सरकार बनने के बाद दिल्ली में चारों तरफ विकास में तेजी आई है। दिल्ली में हर दिन लाखों लोग बसों में सफर करते हैं, इसलिए लोगों को साफ आरामदायक बस सेवा मिली है। चार हजार से अधिक बसें दिल्ली की सेवा कर रही हैं जिसमें ईवी बसें भी शामिल हैं। करीब दस वर्षों तक आपदा सरकार ने विकास का काम ठप कर रखा था, लेकिन अब विकास का तेजी से किया जा रहा है। भाजपा सरकार यमुना की सफाई के लिए भी बडे स्तर पर काम कर रही है। दिल्ली में पहले जो आपदा सरकार थी, उसे लोगों की परेशानी से कोई फर्क नहीं पड़ता था। आपदा सरकार ने कभी गरीबों की परवाह नहीं की, लेकिन रेखा गुप्ता के नेतृत्व में निरंतर स्थितियों को ठीक किया जा रहा है।

- **प्रधानमंत्री ने दिल्ली में 33,500 करोड़ से अधिक की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास किया**




**तुरन्त आवश्यकता**

इंडस्ट्रियल एरिया, बिजनौर स्थित फैक्ट्री के लिये

- अलमीरा कारीगर-10
- पार्टिकल बोर्ड के लिये कारपेंटर-4
- सुपरवाइजर मशीन चलाने हेतु- 2

सम्पर्क करें- मो. 7017517607,9389076177

## संक्षिप्त समाचार

### भाजपा ने ममता पर मुर्मू के अपमान का आरोप लगाया

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी ने रविवार को पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली सरकार पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के अपमान करने का आरोप लगाते हुए निशाना साधा है। पार्टी के वरिष्ठ नेता रविशंकर प्रसाद ने भाजपा मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में सुश्री बनर्जी और उनकी तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति के पद का अपमान किया गया है। प्रसाद ने कहा कि श्रीमती मुर्मू संथाल फिल्म फेस्टिवल के उद्घाटन के लिए सिलीगुड़ी गई थीं, लेकिन बागडोगरा एयरपोर्ट पर राष्ट्रपति का स्वागत करने के लिए राज्य सरकार की ओर से कोई मंत्री या अधिकारी मौजूद नहीं था। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम सिलीगुड़ी के एक खुले मैदान में आयोजित होना था, लेकिन अंतिम समय में इसको रद्द कर कार्यक्रम को एयरपोर्ट के पास एक छोटे से हॉल में आयोजित किया गया।

### सिलेंडरों की कीमतों में बढ़ोतरी वापस ली जाए: माकपा

**नई दिल्ली।** मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी ने घरेलू और कमर्शियल गैस सिलेंडरों की कीमतों में की गई बढ़ोतरी का कड़ा विरोध किया है। माकपा ने रविवार को जारी बयान में कहा कि घरेलू उपभोक्ताओं के लिए 60 रूपए की वृद्धि बेहद क्रूर है और इससे उज्ज्वला योजना के गरीब लाभार्थी भी नहीं बच पाए हैं। वहीं, कमर्शियल गैस सिलेंडरों की कीमत में 114.50 रुपये की बढ़ोतरी का बोझ भी आम उपभोक्ताओं पर ही डाला जाएगा। इससे मध्यम वर्ग और मेहनतकश लोगों पर अतिरिक्त बोझ पड़ेगा, जो पहले ही लगातार बढ़ती महंगाई और घटती वास्तविक आय से जूझ रहे हैं।

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर सीएम ने जारी की चिट्ठी

# यूपी की बेटियों को डरने की जरूरत नहीं: योगी

शाह टाइम्स ब्यूरो



- बेटियां सुरक्षित और सम्मानित होने पर ही समाज की प्रगति
- मिशन शक्ति और एंटी रोमियो ने अपराध करने वालों के मन में डर पैदा किया

**लखनऊ।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राज्य की महिलाओं और बेटियों के नाम एक विशेष पत्र जारी किया है। अपने पत्र में मुख्यमंत्री ने प्रदेश की बेटियों को यह आश्वस्त किया है कि उन्हें अब किसी से डरने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने उल्लेख किया कि 2017 से पहले महिलाओं और बेटियों को असुरक्षा का अनुभव होता था, परंतु अब स्थिति बदल गई है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जोर देकर कहा कि सरकार की स्पष्ट नीति और साफ नियत के कारण महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित हुई है। सीएम ने फिर दोहराया कि यदि कोई भी किसी बेटी को छेड़ता है, तो उसके लिए अगले चौराहे पर यमराज मिलेगा। उन्होंने कहा कि यूपी पुलिस को अपराध रोकने के बारे में छूट दी गई है, किसी निर्दोष को परेशान करने की नहीं। सीएम योगी ने अपनी चिट्ठी में लिखा कि मेरे सम्मानित प्रदेशवासियों सशक्त समाज के निर्माण में महिलाओं की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने लिखा कि 2017 से पहले शाम होते ही घर से बाहर निकलने में बेटियां घबराती थी। स्कूल-कॉलेज तक जाने में डर लगता था, महिलाओं के साथ अपराध आम बात थी, लेकिन आज बेटियां रात की पाली में भी काम कर रही हैं।

### यूपी बना '5-टी मॉडल' का उदाहरण: योगी

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 2017 के बाद उत्तर प्रदेश में आए बदलाव के पीछे प्रधानमंत्री के '5-टी' विजन-ट्रेडिशन, टेक्नोलॉजी, ट्रांसपेरेंसी, ट्रस्ट और ट्रांसफॉर्मेशन का महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने कहा कि जब परंपरा, तकनीक, पारदर्शिता और विश्वास एक साथ आते हैं, तो परिवर्तन स्वत: होता है और उत्तर प्रदेश आज इसी 5-टी मॉडल का उदाहरण बन चुका है। रविवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित राज्यस्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि मिशन शक्ति का अगला चरण आगामी नवरात्रि से शुरू किया जाएगा।

### महिला दिवस पर मुख्यमंत्री ने किया नारी शक्ति का सम्मान

**लखनऊ।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित राज्यस्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नारी शक्ति का सम्मान किया। कार्यक्रम में महिला सशक्तिकरण, सम्मान और रोजगार के अवसरों को एक साथ बढ़ावा दिया गया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने विभिन्न योजनाओं की लाभार्थी महिलाओं को चेक, नियुक्ति पत्र और आयुष्मान कार्ड प्रदान किए तथा वीडियो कॉन्फ्रेंसिग के माध्यम से वाराणसी मंडल की महिलाओं से संवाद भी किया। कार्यक्रम के दौरान 'पिंक रोजगार महाकुंभ-2026' के तहत 5000 से अधिक महिलाओं को रोजगार के प्रस्ताव मिले। मुख्यमंत्री ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के लिए बीमा प्रीमियम और साड़ी/वर्दी हेतु कुल 38.49 करोड़ रुपये की धनराशि डीबीटी के माध्यम से उनके खातों में हस्तांतरित की। इसमें साड़ी और वर्दी के लिए 29.59 करोड़ रुपये तथा बीमा प्रीमियम के लिए 8.90 करोड़ रुपये शामिल हैं।

# दो बच्चों की हत्या के बाद युवक ने की आत्महत्या

महराजगंज, वार्ता



- महाराजगंज में पारिवारिक कलह का खौफनाक अंत

पूर्वी उत्तर प्रदेश में महाराजगंज जिले के नौतनवा थाना क्षेत्र के गांधी नगर मोहल्ले में रविवार को एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई। पत्नी से नाराज एक पति ने अपने दो मासूम बच्चों के साथ फंदे से लटककर आत्महत्या कर ली। प्रारंभिक जांच में घटना का कारण पारिवारिक कलह बताया जा रहा है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

जानकारी के अनुसार 66वीं वाहिनी एसएसबी में तैनात वंदना (35) निवासी सैथपुर, जिला गाजीपुर, दोमुहाना घाट बीओपी पर चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के पद पर कार्यरत हैं। वह अपने पति अमरेश कुमार (40), चार वर्षीय बेटे अमरेंद्र कुमार और तीन वर्षीय बेटी कंचन के साथ नौतनवा कस्बे के गांधी नगर मोहल्ले में रहती थीं। बताया जा रहा है कि पति-पत्नी के बीच पिछले कुछ समय से संबंध ठीक नहीं थे और अक्सर दोनों के बीच कहासुनी होती रहती थी। दो दिन पहले भी दोनों के बीच विवाद होने की चर्चा है। शनिवार शाम को वंदना ड्यूटी पर चली गई थीं और रविवार सुबह घरेलू कामकाज निपटाने के बाद फिर ड्यूटी के लिए निकल गईं। इसी दौरान सुबह करीब सात बजे मकान के निचले हिस्से में रहने वाले किराएदार को ऊपर से कुछ असामान्य आवाज सुनाई दी। जब वह ऊपर गया, तो कमरे का दृश्य देखकर सन्न रह गया। कमरे में अमरेश कुमार, उनके बेटे अमरेंद्र और बेटी कंचन तीनों के शव फंदे से लटके हुए मिले। घटना की जानकारी किराएदार ने तत्काल महिला को दी। सूचना मिलते ही वह ड्यूटी छोड़कर घर पहुंचीं और बच्चों के शव देखकर बेसुध हो गईं। आसपास के लोगों ने उन्हें संभाला। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और जांच पड़ताल शुरू कर दी। पुलिस ने तीनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# सवैधानिक पदों के सम्मान पर राजनीति न हो: मायावती

शाह टाइम्स ब्यूरो



- राष्ट्रपति के अपमान पर बोली बसपा सुप्रीमो

**लखनऊ।** पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग में आयोजित नौवें अंतर्राष्ट्रीय संथाल सम्मेलन के दौरान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को उचित प्रोटोकाल न दिए जाने पर सियासत गर्म हो गई है। रविवार को सोशल मीडिया के जरिए प्रतिक्रिया देते हुए बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने कहा है कि भारतीय संविधान के आदर्शों और मान-मर्यादा के अनुसार सभी को राष्ट्रपति पद का सम्मान करना चाहिए और उनके प्रोटोकॉल का भी पूरा ध्यान रखना आवश्यक है।

बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने कहा कि इस पद का किसी भी प्रकार से राजनीतिकरण करना उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में देश की राष्ट्रपति एक महिला होने के साथ-साथ आदिवासी समाज से भी आती हैं। ऐसे में हाल ही में पश्चिम बंगाल में उनके दौरे को लेकर जो घटनाएं हुई, वह नहीं होनी चाहिए थीं और यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। सुश्री मायावती ने कहा कि पिछले कुछ समय से संसद में भी, विशेषकर लोकसभा अध्यक्ष के पद को लेकर जिस प्रकार का राजनीतिकरण किया जा रहा है, वह भी उचित नहीं है। सभी राजनीतिक दलों को संवैधानिक पदों का दलगत राजनीति से ऊपर उठकर सम्मान करना चाहिए और उनकी गरिमा बनाए रखनी चाहिए।

# सभी के लिए मुफ्त सरकारी सुविधा जरूरी

नई दिल्ली, वार्ता



- अमीरों-गरीबों के लिए समान सुविधा हो

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा है कि वह गरीबों तथा अमीरों को मिलने वाली मुफ्त सरकारी सुविधाओं के खिलाफ नहीं हैं, लेकिन इस बारे में विचार करते समय ईमानदारी बहुत जरूरी है। गांधी ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में रविवार को कहा कि गरीबों को दी जाने वाली सरकारी सुविधा का मजाक उड़ाया जाता है, जबकि अमीर लोगों को दी जाने वाली सुविधा को सम्मान बताया जाता है। उन्होंने लिखा, जब गरीबों को जीवनयापन के लिए सब्सिडी मिलती है, तो इसे 'रेवड़ी' और 'मुफ्त सुविधाएं' कहा जाता है। जब अडानी और अंबानी को कौड़ियों के भाव जमीन, कर छूट और करोड़ों के ऋण माफ किए जाते हैं, तो इसे विकास कहा जाता है। कांग्रेस नेता ने सुविधाओं के दोनों पक्षियों पर विचार करने की जरूरत पर बल देते हुए कहा कि गरीबों को शर्मिंदा किया जाता है। शक्तिशाली लोगों का गुणगान किया जाता है। मैं मुफ्त सुविधाओं के बारे में बातचीत के लिए तैयार हूं, लेकिन आइए ईमानदारी से दोनों पक्षों पर विचार करें। गांधी ने केरल में चुनावी माहौल के बीच अपनी सरकार की योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (यूडीएफ) केरल के लोगों को पांच प्रमुख गारंटियों के माध्यम से एक मजबूत सुरक्षा कवच प्रदान करने जा रहा है।कॉलेज जाने वाली छात्राओं के लिए 1000 प्रति माह की वित्तीय सहायता, कल्याण पेंशन बढ़ाकर 3000 प्रति माह करने, ओमन चांडी के नाम प्रत्येक परिवार को 25 लाख रुपये का स्वास्थ्य बीमा कवर देने तथा युवाओं को व्यवसाय शुरू करने के लिए पांच लाख रुपये तक देंगे।

### महिलाओं के साथ समानता से होगी सच्ची प्रगति : खड़गे

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा है कि कोई भी समाज तब ही सही अर्थों में प्रगति करता है, जब महिलाओं को बराबरी का सच्चा, सही और वास्तविक हक मिलता है। खड़गे ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर रविवार को सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में लैंगिक समानता और महिलाओं के लिए बराबरी के हक को लेकर बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के एक विचार का उद्धरण देते हुए लिखा कि दुख भोगने के लिए जन्म नहीं हुआ है। आपका लिए हुआ है।

### रीवा एक्सप्रेस में आशुतोष पर जानलेवा हमला लहूलुहान हालत में प्रयागराज पहुंचे

**प्रयागराज (ब्यूरो)।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती के खिलाफ न्यायालय में यौन उत्पीड़न का मामला दायर करने वाले आशुतोष ब्रह्मचारी पर रविवार को रीवा एक्सप्रेस ट्रेन में जानलेवा हमला कर दिया गया।

हमलावर ने उन पर धारदार हथियार से वार किया, जिसमें वह घायल हो गए। बताया गया कि आशुतोष ब्रह्मचारी गाजियाबाद से रीवा एक्सप्रेस के एच-1 कोच में सवार होकर प्रयागराज आ रहे थे। इसी दौरान फतेहपुर और कौशांबी जिले के सिराथू रेलवे स्टेशन के बीच ट्रेन में उन पर हमला कर दिया गया। आशुतोष ब्रह्मचारी ने बताया कि हमलावर ने धारदार हथियार से उन पर कई वार किए और उनकी नाक काटने की कोशिश भी की। जान बचाने के लिए उन्होंने खुद को ट्रेन के टॉयलेट में बंद कर लिया, जिससे उनकी जान बच सकी। हमले में उन्हें कई जगह चोटें आई हैं और वह लहूलुहान हालत में प्रयागराज जंक्शन पहुंचे। यहां पहुंचने के बाद उन्होंने जीआरपी थाने में मामले की एफआईआर दर्ज कराई। इसके बाद उन्हें मेडिकल परीक्षण के लिए कॉल्विन अस्पताल भेजा गया, जहां उनका उपचार किया जा रहा है।

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

## अर्थ व्यापार

सेंसेक्स 78918.90 | निफ्टी 24450.45 | सोना 159409 प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट) | चांदी रु. 263210 प्रति किलो



# शेयर बाजारों पर दिखेगा पश्चिम एशिया का असर

मुंबई, वार्ता



घरेलू शेयर बाजारों में बीते सप्ताह रही बड़ी गिरावट के बाद आने वाले सप्ताह में एक बार फिर पश्चिम एशिया संकट का दबाव हावी रह सकता है। अमेरिका और इजरायल की संयुक्त सैन्य कार्रवाई में गत 28 मार्च को ईरान पर किए गए हमले और उसके बाद ईरान की जवाबी कार्रवाई के कारण पश्चिम एशिया में स्थिति काफी बिगड़ गई है।

कच्चे तेल की कीमत आसमान छू रही है, वैश्विक व्यापार की आपूर्ति श्रृंखला बाधित हुई है और अनिश्चितता अपने चरम पर है। यदि सैन्य टकराव कम होने की खबर नहीं आती है, तो बाजार और गिर सकता है। पिछले सप्ताह 3 मार्च को होली के अवकाश के कारण शेयर बाजारों में चार दिन ही कारोबार हुआ। गुरुवार को छोड़कर अन्य तीन दिन बाजार में बिकवाली हावी रही। पूरे सप्ताह के दौरान बीएसई का संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 2,368.29 अंक (2.91 प्रतिशत) टूटकर सप्ताहांत पर 78,918.90 अंक पर बंद हुआ। यह 17 अप्रैल 2025 के बाद का इसका निचला स्तर है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 728.20 अंक यानी 2.89 फीसदी गिरकर 24,450.45 अंक पर आ गया, जो 29 अगस्त 2025 के बाद का निचला स्तर है। मझौली और छोटी कंपनियों पर भी दबाव रहा। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 2.77 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 2.54 प्रतिशत गिर गया। बैंकिग सेक्टर पर सबसे अधिक दबाव रहा। ज्यादा दबाव वाले अन्य सेक्टर रियलटी, वित्त, मीडिया, ऑटो और तेल एवं गैस शामिल हैं। संसेक्स की कंपनियों में निजी विमान सेवा कंपनी इंडिगो का शेयर सबसे अधिक 8.68 प्रतिशत की साप्ताहिक गिरावट में रहा।

# शीर्ष आठ कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 2,81,582 करोड़ घटा

**मुंबई।** शेयर बाजारों में पिछले सप्ताह रही बड़ी गिरावट के बीच बीएसई की शीर्ष 10 में से शामिल आठ कंपनियों का संयुक्त बाजार पूंजीकरण (एमकैप) 2,81,582 करोड़ रुपये घट गया, जबकि अन्य दो का 18,209 करोड़ रुपये बढ़ा। सार्वजनिक क्षेत्र के ऋणदाता भारतीय स्टेट बैंक को बाजार पूंजीकरण में सबसे अधिक 53,953 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। निजी क्षेत्र के आईसीआईसीआई बैंक को 46,937 करोड़ रुपये और एचडीएफसी बैंक को 46,552 करोड़ रुपये का नुकसान उठाना पड़ा। अभियांत्रिकी एवं विनिर्माण क्षेत्र की कंपनी एलएंडटी का एमकैप 45,629 करोड़ रुपये कम हुआ। गैर-बैंकिग वित्तीय कंपनी बजाज फाइनेंस का एमकैप 28,935 करोड़ रुपये और सूचना प्रौद्योगिकी कंपनी टीसीएस का 28,492 करोड़ रुपये घट गया। एफएमसीजी कंपनी हिंदुस्तान यूनीलिवर का एमकैप 26,351 करोड़ रुपये और भारती एयरटेल का 4,732.75 करोड़ रुपये कम हुआ। विविध क्षेत्रों में कारोबार करने वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार पूंजीकरण 14,750 करोड़ रुपये और सूचना प्रौद्योगिकी कंपनी इंफोसिस का 3,459 करोड़ रुपये बढ़ा। बाजार पूंजीकरण के मामले में 19,01,583 करोड़ रुपये के साथ रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर रही। इसके बाद क्रमशः एचडीएफसी बैंक का एमकैप 13,19,107 करोड़ रुपये और भारती एयरटेल का 10,67,121 करोड़ रुपये दर्ज किया गया।

# चावल, गेहूं और चीनी नरम, खाद्य तेलों दालों में रही घट-बढ़

नई दिल्ली, वार्ता

घरेलू थोक जिंस बाजारों में बीते सप्ताह चावल के औसत भाव गिर गए। चावल के साथ गेहूं और चीनी में भी नरमी रही। खाद्य तेलों और दालों में उतार-चढ़ाव का रुख रहा। सप्ताह के दौरान चावल की औसत कीमत 20 रुपये घटकर सप्ताहांत पर 3,833 रुपये प्रति क्विंटल रह गई। गेहूं 15 रुपये सस्ता होकर 2,819 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा। आटे की कीमत 3,310 रुपये प्रति पर लगभग स्थिर रही। दालों की कीमत में घट-बढ़ रही। मूंग दाल की औसत कीमत 50 रुपये प्रति क्विंटल टूट गई। तुअर दाल 44 रुपये और चना दाल 40 रुपये सस्ती हुई। उड़द दाल का भाव 25 रुपये गिर गया। मसूर दाल सात रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। बीते सप्ताह खाद्य तेलों में भी उतार-चढ़ाव देखा गया। सूरजमुखी तेल की औसत कीमत 83 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। सरसों तेल भी 11 रुपये महंगा हुआ। मूंगफली तेल 89 रुपये सस्ता हुआ। पाम ऑयल और वनस्पति की कीमत भी 28.28 रुपये टूट गई। सोया तेल 22 रुपये प्रति क्विंटल फिसल गया। मीठे के बाजार में सप्ताह के दौरान गुड़ के औसत भाव 22 रुपये प्रति क्विंटल घट गए। चीनी भी पांच रुपये सस्ती हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के औसत थोक भाव शनिवार को इस प्रकार रहे- दाल चना 7717.41 रुपये, मसूर काली 8058.07 रुपये, मूंग दाल 10134.08 रुपये, उड़द दाल 10728.62 रुपये, तुअर दाल 11123.50 रुपये प्रति क्विंटल रहे। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2819.20 रुपये और चावल 3832.57 रुपये प्रति क्विंटल और आटा (गेहूं) 3310.30 रुपये प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़: चीनी एस 4305.17 रुपये और गुड़ 4985-03 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल: सरसों तेल 17661.50 रुपये, मूंगफली तेल 18301.31 रुपये, सूरजमुखी तेल 16689.67 रुपये, सोया तेल 14109.16 रुपये, पाम ऑयल 12774.07 रुपये और वनस्पति 14557.50 रुपये प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
- HEALTH WITH CARE -
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कॉहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**ईरान की...**

और जो वॉर्नर ब्रदर्स कंपनी की इमारतों के पास स्थित है। आईआरजीसी ने यह भी कहा कि उसकी नौसेना ने बहरीन के सलमान पोर्ट पर मौजूद अमेरिकी नौसेना के ढांचे को निशाना बनाया। यह स्थान अमेरिकी नेवी के पांचवें फ्लीट से जुड़ा माना जाता है। ईरानी सेना के अनुसार यहां मानव रहित सतही जहाजों के कमांड सेंटर और सैन्य सहायता हैंगर पर हमले किए गए। ईरान का दावा है कि इन हमलों के बाद इजरायल के कई क्षेत्रों में लगातार आपातकालीन सायरन बज रहे हैं और हालात तनावपूर्ण बने हुए हैं। आईआरजीसी ने यह भी आरोप लगाया कि इजरायली प्रशासन सैन्य ठिकानों की सुरक्षा के लिए नागरिकों को कुछ इलाकों में सीमित कर रहा है। आईआरजीसी ने अपने बयान में कहा कि ईरानी सशस्त्र बल लंबे समय तक चलने वाले संघर्ष के लिए तैयार हैं और उनकी यूनिट्स सटीक योजना के साथ अमेरिकी बलों की गतिविधियों पर नजर रख रही हैं। गौरतलब है कि ऑपरेशन ट्रू प्रॉमिस-4 की शुरुआत पिछले सप्ताह विदेशी हमलों के बाद हुई थी। इसके बाद से ईरान की ओर से सैकड़ों बैलिस्टिक मिसाइल और आत्मघाती ड्रोन दागे जाने का दावा किया गया है।

इनमें तेल अवीव, यरूशलेम और बेर्शेबा जैसे अहम इलाकों को निशाना बनाने की बात कही गई है। वहीं अमेरिका-इजरायल की तरफ से हमले के बाद ईरान अपने पड़ोसी देशों में मौजूंद अमेरिकी ठिकानों को निशाना बना रहा है।

इस कड़ी में ईरान यूएई पर 16 मिसाइल और 117 ड्रोन से हमले किए हैं। इसी बीच कुवैत की सेना ने बताया कि कुवैत अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के ईंधन भंडारण क्षेत्र को शत्रु ड्रोनों से निशाना बनाया गया। वायु रक्षा प्रणालियों ने कई ड्रोन और बैलिस्टिक मिसाइलों को मार गिराया, लेकिन इस दौरान गिरे मलबे से कुछ नागरिक ढांचे को नुकसान पहुंचा। सऊदी अरब के रक्षा मंत्रालय ने भी रविवार तड़के ड्रोन हमलों की पुष्टि करते हुए कहा कि उसकी वायु रक्षा प्रणाली ने कम से कम 21 ड्रोन को मार गिराया है। संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के आपदा प्रबंधन इकाई ने भी संभावित हमलों के प्रति आज चेतावनी जारी की थी। ईरान ने अपने जल शोधन संयंत्र पर हुए हमले के जवाब में बहरीन में अमेरिका के सैन्य अड्डों पर हमला किया है।

ईरान के सर्वोच्च परिचालन कमान के प्रवक्ता लेफ्टिनेंट कर्नल इब्राहिम जोलफकारी ने शनिवार को कहा कि जुबैर स्थित अमेरिकी अड्डे से केश्म द्वीप के केश्म जल शोधन संयंत्र पर हमले के जवाब में इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर (आईआरजीसी) ने अमेरिकी ठिकाने को निशाना बनाया।

# बीजेपी 'वैनिश कमीशन' का गलत इस्तेमाल कर रही: ममता

कोलकाता, वार्ता



- सीईसी के कोलकाता दौरे पर ममता का बड़ा हमला

पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव से पहले मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के नेतृत्व चुनाव आयोग की फुल बेंच आज शाम कोलकाता पहुंच गई है।

चुनाव आयोग की टीम सोमवार को राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों और पुलिस एवं आला अधिकारियों के साथ बैठक करेगी। चुनाव आयोग की बैठक से पहले राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने चुनाव आयोग पर हमला बोला है और चुनाव आयोग को वैनिश कमीशन करार देते हुए कहा कि बीजेपी वैनिश कमीशन का गलत इस्तेमाल वैध मतदाताओं का नाम हटाने के लिए कर रही है। ममता बनर्जी ने आरोप लगाया कि लोकतांत्रिक नींव पर अभूतपूर्व और सीधा हमला किया जा रहा है। एक राष्ट्र, एक नेता, एक पार्टी' की बात करने वाली भारतीय जनता पार्टी सुनियोजित तरीके से हर लोकतांत्रिक संस्था एवं संवैधानिक पद का गलत इस्तेमाल कर रही है। ममता बनर्जी ने कहा कि सालों से केंद्रीय एजेंसियां, राष्ट्रीय आयोगों और न्यायपालिका का एक वर्ग को बंगाल के खिलाफ खड़ा किया गया है, वे बर्बाद हो चुके आयोग का गलत इस्तेमाल कर रहे हैं, ताकि वे वैध मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटावा सकें। इस बीच मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार समेत कमीशन की फुल बेंच सोमवार सुबह कालीघाट मंदिर जाएगी, वहां पूजा करेंगे। चीफ इलेक्शन कमिश्नर का मंगलवार को फिर से बेलूर मठ जाने का प्रोग्राम है। एसआईआर की फाइनल लिस्ट 28 फरवरी को पब्लिश हुई थी। हालांकि 60 लाख नाम अनसुलझे लिस्ट में हैं। राजनीतिक पार्टियों ने मांग की है कि जब तक अनसुलझे लिस्ट का निपटारा नहीं हो जाता, तब तक चुनाव नहीं हों। ऐसे में इस बात को लेकर अटकलें तेज हो रही हैं कि वोटिंग शेड्यूल कब अनाउंस होगा। क्या पोलिटिकल पार्टियों के साथ मीटिंग के बाद कमीशन किसी फैसले पर पहुंचेगा?

# इस साल पालकी पर बैठ धरती पर आएंगी मां दुर्गा

- 19 मार्च से शुरू होगा नवरात्र पर्व, 27 को समापन

**नई दिल्ली।** नवरात्र का पर्व माता दुर्गा के भक्तों के लिए बहुत महत्वपूर्ण माना जाता है। इस दौरान माता के नौ अलग-अलग रूपों की पूजा की जाती है, साथ ही व्रत रखा जाता है। नवरात्र के दिन भक्ति और आराधना के होते हैं। 19 मार्च को चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि के दिन चैत्र नवरात्र की शुरुआत हो जाएगी। इसका समापन 27 मार्च को राम नवमी के दिन होगा।

हिंदू धार्मिक मान्यताओं के अनुसार नवरात्र में माता रानी धरती लोक पर अपने भक्तों के दुख और संकट हरने के लिए आती हैं। इस दौरान किए गए पूजा-पाठ का विशेष फल प्राप्त होता है। इस साल चैत्र नवरात्र में माता दुर्गा पालकी पर सवार होकर धरती लोक पर आने वाली हैं, जबकि हाथी पर बैठकर माता प्रस्थान करेंगी। एक सवाल लोगों के मन में अक्सर आता है कि माता का वाहन कैसे तय होता है? चैत्र नवरात्र में देवी दुर्गा पालकी की सवारी पर आ रही हैं, लेकिन माता का पालकी पर आना अशुभ संकेत माना जाता है। मान्यताओं के अनुसार माता रानी का पालकी पर आने अर्थ ये है कि देश-दुनिया महामारी और बीमारी की चपेट में आ सकती है। माता का पालकी पर सवार होकर आना व्यापार और अर्थव्यवस्था के लिए भी शुभ नहीं रहता है। मां दुर्गा का वाहन सिंह यानी शेर माना जाता है। माता दुर्गा शेर पर ही सवार रहती हैं, लेकिन जब देवी मां नवरात्र में पृथ्वीलोक पर आती हैं, तब उनका वाहन बदल जाता है।

माहे मुकद्दस रमज़ान की दिली मुबारकबाद



19वां रोज़ा इफ्तार
09 मार्च सोमवार

सुन्नी...................... 06:26
शिया...................... 06:38

20वां रोज़ा सहरी
10 मार्च मंगलवार

सुन्नी...................... 05:09
शिया...................... 04:16



हाजी ज़ियाउर्रहमान
वरिष्ठ नेता लोकदल

# दो बाइकों की भिड़ंत में महिला की मौत

## पति व बच्चे को आई चोट, बाइक सवार आरोपी फरार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** बीती देर रात सिखेडा क्षेत्र की चितौडा झाल के निकट एक दुर्घटना में दम्पत्ति गंभीर रूप से घायल हो गए घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया गया इस दौरान उनका छोटा बच्चा भी साथ जहां डॉक्टरो ने महिला का मृत घोषित कर दिया और पति और बच्चे को हलकी-फुलकी चोटे आई। यह घटना दो बाइकों के बीच भिड़ंत के कारण हुई थी और महिला का सिर सड़क पर लग कर लहुलूहान हुआ और पहिया उतर जाने के कारण उसकी मौत हो गई। दुर्घटना करने वाला बाइक सवार मौके से फरार हो गया।

सिखेडा थाना क्षेत्र गांव नंगला मुबारिकपुर निवासी माया अपने पति कृष्णपाल और बच्चे के साथ अपने गांव से दवाई लेने के लिए गांव जंधेडी जा रही थी जब वह चितौडा झाल के पास पहुंची तो अचानक दो बाइकों के बीच जबरदस्त भिड़ंत हुई जिसमें पीछे बैठी 48 वर्षीय माया सड़क पर गिर कर लहुलूहान हो गई। लोगों का कहना है कि पहिया सिर से उतरने के कारण उसकी हालत और खराब हो गई थी। घायल को अस्पताल से रैफर किया गया जहां कुछ देर बाद ही माया की मौत हो गई। इस दौरान उसका बेटा और पति को भी हलकी चोटे आई है।

### ठा. पुरण बोले-14 को होगी महापंचायत

**मुजफ्फरनगर।** किसान मजदूर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष के परिवार के लोगों को जेल भेजने के बाद ठाकुर पुरण सिंह ने इस को प्रशासन की एक साजिश बताते हुए 14 मार्च को ग्राम नसीरपुर में महापंचायत का एलान करते हुए कहा कि जिन लोगों से झगडा हुआ है वह उनसे उनके परिवार के तीन पीढियों से संबंध है। उन्होने कहा कि झगडा हुआ, मुकदमा हुआ और उसके परिवार के लोग जेल गए इस पर उन्हे कोई भी आपत्ति नहीं है क्योकि पुलिस ने घटना के बाद अपनी कार्यवाही की,लेकिन जिस तरह से उसके परिवार की हवालात में फोटो खिंचकर उसको वायरल की गई है यह एक बड़ी साजिश बताया। उनका कहना है कि उनके बच्चों को अपराधी बनाने और बदनाम करने की यह कोशिश है। जेल भेजने की बात कर उन्होने कहाकि यह पुलिस की एक पक्षीय कार्यवाही है और इस मामले को लेकर वह 14 मार्च को एक महापंचायत करेंगे क्योकि वह किसानों की आवाज उठाते है और आवाज दबाने के लिए यह सब किया गया है।

# शक्ति का प्रतीक हैं महिलाएं: डा. तनेजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष पर, मैं हमारे समाज की हर महिला को प्रेरित करना चाहती हूं कि वह यह समझे कि आप जितना सोचती हैं, उससे कहीं अधिक मजबूत और शक्तिशाली हैं। एक महिला केवल परिवार की रीढ़ नहीं होतीय वह पीढ़ियों की निर्माता, साहस की आवाज और .ढ़ता का प्रतीक होती है। मैं हर महिला से आग्रह करना चाहती हूं कि वह अपनी असीम आंतरिक शक्ति को पहचाने। महिलाएं हर क्षेत्र में सक्षम और कुशल हैं, और उनके पास अपने आसपास की हर चीज



को फिर से बनाने और बदलने की शक्ति होती है। वह सुद्रढ़ समाज को बनाए। मौलिक वैल्यूज एंवम इन्हेरिटेज को कायम कर अपने माता-पिता और सास-ससुर की प्रेम और सम्मान के साथ देखभाल करें। आइए हम ऐसा समाज बनाएं जहां परिवार अपने बुजुर्गों का सहारा बने ताकि वृद्धाश्रमों की संख्या ना बढे। साथ ही अपने स्वास्थ्य का भी ध्यान रखें। एनीमिया को ठीक करके और अच्छे स्वास्थ्य को बनाए रखकर और अधिक ऊर्जावान, सुंदर, आत्मविश्वासी और मजबूत बन सकती हैं, और जहां भी जाएं मुस्कान फैलाती रहेंगी।

# मस्जिद के इमाम पर हमला, लोगों में रोष

## पुलिस मौके पर, सीसीटीवी फुटेज कब्जे में ली, घायल मेरठ रैफर





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** कुछ लोगों ने जैसे हिन्दु-मुस्लिम की आढ़ में दूसरा रूप देकर भाई-चारा खत्म करने की कसम ही खा ली है। काफी समय से देखने को मिल रहा है कि कुछ लोग शांति और भाईचारे के दुश्मन बने हुए है। ऐसा भी नहीं है कि एक ही पक्ष को दोष दिया जाए, लेकिन अधिकतर मामले में जरा-जरा सी बात का बतंगड़ बनाना और एक समुदाय को टारगेट करना जैसा उनकी फितरत में शामिल हो गया है। रविवार को भी सिविल लाइन क्षेत्र के सरवट रोड पर एक ऐसा ही मामला सामने आया है जहां एक मस्जिद के इमाम के साथ मारपीट कर दी गई जिसके बाद यहां तनाव बन गया। घायल अवस्था में इमाम को जिला अस्पताल ले जाया गया, लेकिन घटना स्थल और अस्पताल में मुस्लिम समाज के लोगों की भारी-भीड़ देखी गई और उनका आरोप था कि दूसरे समुदाय के कुछ युवकों ने रास्ते में घेरकर मस्जिद के इमाम के साथ जबरदस्त मारपीट की। इस मामले का सोशल मीडिया पर एक वीडियो भी वायरल हो रहा है। फिलहाल घटना के तुरंत बाद ही पुलिस के अफसर और सिविल लाइन थाना प्रभारी मौके पर पहुंचे और स्थिति को संभालकर जांच शरू कर दी है।

सिविल लाइन थाना क्षेत्र के मौहल्ला सरवट पीर के निकट रविवार को एक मस्जिद के इमाम के साथ मारपीट का मामला प्रकाश में आया है। जैसा कि लोगों का कहना है कि मस्जिद के इमाम जोहर की नमाज पढ़ाने के लिए मस्जिद की ओर जा रहे थे। 24 वर्षीय मुफ्ती अब्दुल वहाब को रास्ते में रोका गया, आरोप यह भी है कि उनके साथ गाली गलौच करते हुए मारपीट भी कर दी गई और घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। मस्जिद के इमाम के साथ हुई हरकत के बाद यहां धीरे-धीरे काफी संख्या में लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई और यह वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हो गई। यहां मौजूद लोगों ने सड़क पर पड़े इमाम को तुरंत ही जिला अस्पताल ले जाकर उनका इलाज कराया। जैसा की लोगों का कहना है कि घायल मुफ्ती अब्दुल वहाब इमाम को मेरठ रैफर कर दिया गया। इस समय यहां मौजूद भीड़ यह कह रही थी कि कुछ असमाजिक तत्वों ने इमाम को घेर कर अभद्र भाषा का प्रयोग किया। कुछ लोग यह भी कहते हुए मिले कि मस्जिद की ओर जाते समय पीछे से कुछ युवकों ने उनको आवाज लगाकर रोका, जिनमें एक के हाथ में क्रिकेट का बैट था और उन्होने उनके साथ अभद्रता शुरू कर दी। लोग यह भी कह रहे थे कि इमाम के साथ मारपीट की गई काफी देर तक यहां हंगामा चला, जब इमाम सड़क पर घिर गए तो आरोपी मौके से फरार हो गए, हालांकि जैसा की हर घटना के समय होता है कुछ लोग यहां मुरदर्शक कहे या तमाशगीन कहे घटना को खड़े होकर देखते रहे न कि यहां खडे लोगों न तो मुफ्ती को छुडाने का प्रयास किया और न ही हमलावरों को समझाया। वीडियो में इमाम कुछ दूर भागते हुए भी नजर आ रहे है और कुछ दूर ही जाकर वह सड़क पर गिर गए। घायल को तुरंत ही अस्पताल पहुंचाय। घटना की जानकारी मिलने के तुरंत बाद क्षेत्राधिकारी नगर, एएसपी सिद्धार्थ के. मिश्रा, सिविल लाइन थाना प्रभारी इंस्पेक्टर आशुतोष कुमार पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घटना की हकीकत जानने के लिए आस पास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज अपने कब्जे में ले ली है।

घायल मुफ्ती अब्दुल वहाब के चाचा आसिफ का आरोप है कि उसके भतीजे पर हत्या का प्रयास किया है। अब पुलिस ने आश्वासन दिया कि मामले की छानबीन के बाद कार्यवाही की जाएगी। फिलहाल घायल को जिला अस्पताल से मेरठ के लिए रैफर कर दिया गया।

# द. एसडी स्कूल में उत्साहपूर्ण हुआ कार्यक्रम का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर द. एस. डी. पब्लिक स्कूल, जानसठ रोड, द्वारिका सिटी मुजफ्फरनगर, में एक भव्य एवं उत्साहपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य नारी शक्ति का सम्मान, उनकी उपलब्धियों और समाज में उनके महत्वपूर्ण योगदान को रेखांकित करना रहा।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि पल्लवी स्वरूप रहीं। विद्यालय प्रधानाचार्या नीलम माहना द्वारा पौधा भेंट कर मुख्य अतिथि का आत्मीय स्वागत किया गया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि एवं अन्य गणमान्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना से हुई, जिसने पूरे वातावरण को भक्तिमय और सौम्य बना दिया।

इस अवसर पर कार्यक्रम में अनेक रोमांचक खेलों और रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिनमें प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम का विशेष आकर्षण हरेट्रो से मेट्रो थीम रही, जिसके माध्यम से 70-80 के दशक की प्रसिद्ध अभिनेत्रियों से लेकर आज की आधुनिक और आत्मविश्वासी महिला की यात्रा को मनोरंजक अंदाज में प्रस्तुत किया गया। प्रतिभागियों ने उस दौर की लोकप्रिय अभिनेत्रियों के प्रसिद्ध गीतों पर आकर्षक नृत्य प्रस्तुति देकर सभी का मन मोह लिया। इसके साथ ही कार्यक्रम में कई मनोरंजक गतिविधियों का भी आयोजन किया गया, जिनमें प्रतिभागियों ने उत्साह और उमंग के साथ अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। पूरे कार्यक्रम के दौरान हँसी, उल्लास और ऊर्जा का वातावरण बना रहा। मुख्य अतिथि पल्लवी स्वरूप ने अपने संबोधन में कहा की नारी केवल परिवार की आधारशिला ही नहीं बल्कि समाज और राष्ट्र के निर्माण की सबसे अहम कड़ी होती है। जब महिला सशक्त होती है तो पूरा समाज प्रगति पथ पर अग्रसर होता है। उन्होंने महिलाओं को अपने सपनों को साकार करने के लिए निरंतर आगे बढ़ने का संदेश दिया। इस अवसर पर विद्यालय प्रधानाचार्या नीलम माहना ने उपस्थित सभी गणमान्य अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि नारी वह शक्ति है जो समाज की दिशा निर्धारित करती है, स्थिति कैसी भी हो हम कर्तव्य और सपनों के मध्य संतुलन बनाते हुए आत्मनिर्भर बनने की दिशा में सदैव प्रयत्नशील रहेंगे। इस कार्यक्रम को सफल और यादगार बनाने में सभी का सहयोग सराहनीय रहा।



मुजफ्फरनगर: आयोजन के दौरान प्रतिभागी महिलाएं।

# हनीट्रेप में पूर्व प्रधान व महिला सहित चार लोगों को जेल भेजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** लोग जल्द ही लखपति और करोड़ पति बनने के लिए नये-नये हत्थकंडे इस्तेमाल कर रहे है पैसा कमाने में चाहे लोगों की इज्जत ही दाव पर क्यो ना लग जाए, लेकिन शायद कुछ लोग पैसा को ही माई-बाप और भगवान समझ बैठे। हर रोज ऐसे मामले सामने आ रहे है कि अधिक पैसा कमाने के लिए जहां नकली खाद्य पदार्थो को बेचकर लोगों के शरीर से खिलवाड किया जा रहा है तो कहीं ऐसे शर्मनाक मामले सामने आए है कि पैसा की हवस के आगे लोग महिलाओं को आगे करके हनिट्रेप में फंसाकर रूपया कमा रहे है। रविवार को एक ऐसे ही मामले का नई मंडी पुलिस ने खुलासा किया है जहां भोले-भाले लोगों को अपने प्रेम जाल (हनिट्रेप) में फंसाकर उन पर रेप, छेड़खानी या अन्य आरोप दर्ज कराकर लोगों से रूपये ऐठते थे, लेकिन पुलिस ने ऐसे



मामले में महिला सहित चार लोगों को जेल की हवा खिलाई है। यह भी सच है कि पुलिस ने इस मामले में तुरंत ही कोई कार्यवाही नहीं की बल्कि अधिकारियों के आदेश के बाद एक अफसर ने शिकायती पत्र की जांच की और मामला सही पाया जाने पर हनिट्रेप में फंसाने के आरोप में पूर्व प्रधान और महिला सहित चार लोगों को जेल भेज दिया। यह लोग झुठे मुकदमों में फंसाकर फैसले के नाम पर डरा धमका कर अवैध वसूली करते थे। रविवार को पुलिस लाइन के सभाकक्ष में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान संजय कुमार वर्मा ने पत्रकारों को जानकारीद. ेते हुए बताया कि ग्राम रथेडी निवासी दिलशाद पुत्र फजलुर्रहमान ने नई मंडी कोतवाली में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराते हुए आरोप लगाया था कि पूर्व प्रधान शातिर अपराधी है और वही पूर्व प्रधान रियासत पुत्र अनवर एक महिला वरजीना पत्नी कुदरत अली निवासी ग्राम गढ़ी सरवट और कुछ अन्य लोगों के साथ मिलकर हनि ट्रेप का खेल खेलकर लोगों को झुठे मुकदमें मे फंसाने का डर दिखाकर उनसे रूपये ऐठते है।

पुलिस ने शिकायत के बाद पांच लोगों पर मुकदमा दर्ज किया, हालाकि जैसा सुनने में आया है कि उच्च अधिकारियों के आदेश पर एक अफसर द्वारा इस मामले की जांच कराई गई मामला जब सही पाया गया तो पुलिस ने महिला वरजीना, आफताब पुत्र नवाब, रियासत पुत्र अनवर और साजिद पुत्र शमसू निवासीगण ग्राम रथैडी थाना नई मंडी कोतवाली और प्रवेज पुत्र अनवार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर महिला सहित चार लोगों को गिरफ्तार किया, जबकि प्रवेज अभी फरार है, जबकि एसएसपी ने बताया कि इस गिरोह के खिलाफ मंडी , सिखेडा और अन्य थानों में मुकदमें दर्ज है।

यह गिरोह लोगो को फंसाकर मोटी रकम ऐठते है। इस गिरोह पर उत्तराखंड के हरिद्वार स्थित सिडकुल थाने में भी दिलशाद के पुत्र मौ. सालिम और सैयद फैज पर छेडखानी का मुकदमा दर्ज कराने और फैसले के नाम पर दस लाख रूपये की मांग की गई थी। एसएसपी ने बताया कि रियासत पुत्र अनवार जोकी रथैडी के पूर्व प्रधान है इनका बीस वर्ष पुराना अपराधिक इतिहास है और इन पर मंडी थाने में धोखाधडी, जानलेवा हमला, बलवा और आईटी एक्ट जैसे मामले दर्ज है।

# होनहार बिटिया ने विज्ञान क्षेत्र को दी नई दिशा

## युसरा मरियम ने कब्जाया युवा वैज्ञानिक का प्रथम पुरुस्कार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** अगर इरादे मजबूत हों, तो किसी भी लक्ष्य को पाना असंभव नहीं होता। 'ना किसी हमसफर ना किसी हमनशी से निकलेगा हमारे पांव का कांटा हम ही से निकलेगा ष यह बात शहर की युवा वैज्ञानिक कु. युसरा मरियम ने वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने वाले शोध कार्य में सच साबित कर दिखाई है। उन्होंने 41वीं मध्य प्रदेश युवा वैज्ञानिक कांग्रेस 2026 में अपने शोध-पत्र 'एपिफाइटिक माइक्रोबायोम निकेल के फाइलोरेमेडिएशन' पर आधारित कार्य प्रस्तुत किया, जिसे उत्कृष्टता के लिए प्रथम पुरस्कार से नवाजा गया। यह




सम्मान उन्हें वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने के प्राकृतिक और जैविक तरीकों पर आधारित शोध कार्य के लिए दिया गया है। उनका यह शोध कार्य वायु प्रदूषण को कम करने के लिए ग्रीन बेल्ट क्षेत्रों के पौधों और उनमें पाए जाने वाले एपिफाइटिक बैक्टीरिया का उपयोग करने की प्रक्रिया पर आधारित है। युसरा का यह शोध कार्य बायोटेक्नोलॉजी विभाग की प्रो. रागिनी गोथलवाल के मार्गदर्शन में तैयार किया गया था। कु. युसरा मरियम वरिष्ठ नागरिक एवं पेंशनर्स ऑर्गेनाइजेशन के अध्यक्ष एमए अलवी की पुत्री हैं जिन्होंने यह उपलब्धि हासिल कर जिले और परिवार का गौरव बढ़ाया है उनके इस शानदार कार्य पर बरकतुल्लाह विश्वविद्यालय भोपाल के कुलपति प्रो. सुरेश कुमार जैन ने भी उन्हें बधाई दी है। दरअसल मध्य प्रदेश विज्ञान एवं तकनीकी परिषद द्वारा भोपाल में आयोजित इस युवा वैज्ञानिक कांग्रेस में देशभर से प्रतिभाशाली युवा वैज्ञानिकों ने भाग लिया था। युसरा मरियम की सफलता ने साबित कर दिया कि अगर किसी कार्य में मनोबल और समर्पण हो, तो बड़ी से बड़ी उपलब्धि भी हासिल की जा सकती है। युसरा मरियम ने इस कामयाबी का श्रेय विश्वविद्यालय के प्रोफेसरों को दिया है। उनके इस शोध ने न केवल जिले बल्कि पूरे प्रदेश का नाम रोशन किया है और विज्ञान के क्षेत्र में एक नई दिशा को जन्म दिया है।

# पुलिस पर महिला सिपाही व माँ ने लगाए आरोप

## वेरीफिकेशन के नाम पर महिला पुलिसकर्मी संग की गाली गलोज व मारपीट, जातिसूचक शब्द का भी आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** यूपी पुलिस में तैनात एक महिला कांस्टेबल ने बुढ़ाना पुलिस पर गंभीर आरोप लगाते हुए अधिकारियों को अपनी पीड़ा सुनाई है। महिला कांस्टेबल ने घर के दामाद जोकि यूपी पुलिस में ही है उसके साथ भी दुर्व्यवहार करने का आरोप लगाते हुए इस संबंध में जांच की मांग उठाई है। इस पूरी घटना के पीछे क्या सच्चाई है स्थानीय पुलिस महिला कांस्टेबल के घर क्यो पहुंची, और बाद में कार्यवाही क्यो की गई यह तो पुलिस जांच का विषय है। फिलहाल महिला कांस्टेबल और उसकी माता तथा परिवार के अन्य लोग मारपीट और जातिसूचक शब्द



का आरोप लगा रहे है।

बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की दलित महिला का कहना है कि उसकी बेटी यूपी पुलिस में तैनात है। और वह हाल में छुट्टी लेकर आई हुई है। शिकायर्ता पीड़िता का आरोप है 27 फरवरी की रात ग्यारह बजे दो लोगों ने उनका दरवाजा खटखटाया तो बाहर खडे लोगों ने अपने को पुलिसकर्मी बताते हुए यहां आने का मकसद किसी मामले की वेरीफिकेशन करने को आना बताया गया। दरवाजा खोला तो उनमें दोनो लोग सादे कपडों मे थे और उनके साथ कोई महिला कांस्टेबल भी नहीं थी। मेरी पुत्री ने बाहर खडे दोनो व्यक्ति से बात की तो उन्होने कहा कि वह वेरीफिकेशन के लिए आए है। इस बीच वेरीफिकेशन को लेकर अपने को पुलिसकर्मी बताने वाले और पीड़िता की पुत्री यूपी पुलिस की महिला कांस्टेबल के बीच बहस छिड़ गई। इस बीच उक्त लोग उसके बेटे राजन को उठाकर ले गए और उसको जेल भेज दिया। पीड़ित महिला और उसकी बेटी महिला कांस्टेबल का कहना है कि हमने इस मामले की वीडियो बनाई इसी बीच यहां पर एक दरोगा और चार पुलिसकर्मी यहां पहुंचे और उन्होने भी मारपीट करते हुए गाली गलौच शुरू कर दी।

आरोप तो यह भी है कि जातिसूचक शब्द कहते हुए पीड़िता के दामाद अक्षय व बेटे नरेश को उठाकर अपने साथ ले गए और उन्हे जेल भेज दिया। पीड़िता ने तहरीर में लूटपाट का आरोप भी लगाया है। पीड़िता ने इस संबंध में पुलिस कप्तान को एक शिकायती पत्र देते हुए न्याय की मांग की है।

### महिला की रहस्मय हुई मौत

**मुजफ्फरनगर।** तितावी थाना क्षेत्र के गांव सालाखेडी में एक 29 वर्षीय विवाहिता नीमा पत्नी शिवम की इलाज के दौरान मौत हो गई है। विवाहिता की मौत के बाद परिवार में हलका-फुलका हंगामा किया, लेकिन इस संबंध में कोई तहरीर नहीं दी गई। फिलहाल पुलिस ने इस मामले में पोस्टमार्टम करा दिया है। कुछ लोगों का कहना है कि किसी बीमारी के चलते महिला अस्पताल में भर्ती हुई और अधिक ब्लीडिंग होने के कारण उसकी मौत हो गई। यह मामला जब तितावी थाने में पहुंचातो पुलिस ने इस मामले में संज्ञान लेते हुए जांच पड़ताल की, लेकिन अभी तक कार्यवाही के लिए कोई तहरीर नहीं दी गई।

आयुष्मान सुविधा उपलब्ध है
माहे रमजान की दिली मुबारकबाद
डॉ0 रिजवान अली
एम0बी0बी0एस0 (एम0एस0)
जनरल एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जन
डॉ0 मौहसिन अली
एम0बी0बी0एस0 (एम0डी0)
डॉ0 मौ0 शुऐब
एम0बी0बी0एस0 (एम0एस0)
डॉ0 जैनब इनाम
एम0बी0बी0एस0 (डी0जी0ओ0)
(स्त्री रोग विशेषज्ञ)
दिवान हॉस्पिटल
सुजड़ू चुंगी, मेन रोड मुजफ्फरनगर 251001
0131-2634069-9837 3357 11

# हाईटेंशन लाइन टूटकर मकान पर गिरी, लाखों का सामान जलकर राख



**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** पमनावली गांव में शनिवार सुबह एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। बिजलीघर के सामने स्थित एक मकान के ऊपर से गुजर रही 11 हजार वोल्ट की हाईटेंशन लाइन का तार अचानक टूटकर घर पर गिर पड़ा, जिससे मकान में आग लग गई। आग की चपेट में आने से घर में रखा लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो गया। ?

हालांकि घटना के समय कोई भी व्यक्ति करंट की चपेट में नहीं आया, जिससे बड़ी जनहानि टल गई। घटना के बाद गांव में रोष फैल गया। दर्जनों ग्रामीण, जिनमें महिलाएं भी शामिल थीं, तहसील पहुंचे और उपजिलाधिकारी को ज्ञापन देकर रिहायशी मकानों के ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन लाइन को हटाने की मांग की। एसडीएम ने मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया है। ग्रामीणों नरेश, बिजेंद्र, विनोद, पिंटू और मनोज के अनुसार यह घटना 7 मार्च की सुबह करीब 8:30 बजे हुई। उनका कहना है कि जिस मकान में आग लगी, उसके ठीक ऊपर से हाईटेंशन लाइन गुजर रही है। इतना ही नहीं, घर के अंदर ही बिजली का खंभा लगा हुआ है, जबकि बाहर एक बड़ा ट्रांसफार्मर भी रखा है, जिससे हमेशा हादसे का खतरा बना रहता है।ग्रामीणों का कहना है कि तार टूटने से लगी आग के कारण घर में रखा लाखों रुपये का सामान जल गया। उन्होंने बताया कि लंबे समय से इस समस्या को लेकर शिकायत की जा रही है, लेकिन अब तक कोई ठोस समाधान नहीं हुआ। पीड़ित ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि रिहायशी मकानों के ऊपर से गुजर रही 11 हजार वोल्ट की लाइन को जल्द हटाया जाए, साथ ही घर के अंदर लगे बिजली के खंभे और बाहर रखे ट्रांसफार्मर को भी सुरक्षित स्थान पर स्थानांतरित किया जाए। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि समय रहते व्यवस्था नहीं बदली गई तो भविष्य में कोई बड़ा हादसा हो सकता है।

# दो पक्षों में झगड़ा, एक दूजे के विरुद्ध रिपोर्ट की दर्ज

**बुढ़ाना।** दो पक्षों में झगड़ा हुआ। जिसमें दोनो और से आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो गये। पुलिस ने दोनों और से रिपोर्ट दर्ज कर ली है। कस्बा निवासी राशिद पुत्र मतलूब ने बताया कि बीते 6 मार्च को लुहसाना रोड के पास गली में ताऊ अफलातून के घर के सामने मेरा भाई वाजिद उर्फ बज्जा व जिशान पुत्र अफलातून खडे थे। तब सुहैल व समीर पुत्रगण दिलशाद, मुकर्रम पुत्र असलम निवासीगण मंदवाडा रोड व 3 अज्ञात लोग अपने हाथो में धारदार हथियार व लाठी डंडे लेकर आये और इन सभी ने एक राय होकर जान से मारने की नीयत से दोनो पर हमला कर दिया और दोनो के शरीर व सिर पर बार बार हमला किया। जिससे वाजिद व जीशान गम्भीर रूप से घायल हो गये। वहीं दूसरे पक्ष दिलशाद पुत्र यासीन कोतवाली रोड बुढ़ाना ने बताया कि इसी समय मेरे पुत्र समीर व सुहेल मुकर्रम पुत्र असलम निवासी बुढाना संग सफीपुर पटी में किसी काम गये थे। वहां पहले से ही वाजिद पुत्र मतलूब व जीशान पुत्र अफलातून निवासी बुढाना ओर 4 अज्ञात लोग खड़े थे। ये मेरे पुत्रों के साथ पुरानी रंजिश रखते हैं। सबने एक राय होकर लाठी डन्डे व धारदार हथियार से समीर, सुहेल, मुकर्रम व इनके दो साथी ओर थे इनके संग मारपीट की। जिसमे इन्हें गम्भीर चोटें आयी। सभी हत्या की धमकी, मारपीट व गाली गलोच करते रहे। शोर सुनकर लोग आये। भीड होने पर सब मौके से भाग गये। झगडे मे मुकर्रम, सुहेल, समीर को काफी गंभीर चोटें आयी हैं।

# पुष्प प्रदर्शनी से मिला प्रकृति से जुड़ने का संदेश



**मुजफ्फरनगर।** स्थानीय रेलवे रोड स्थित एस. डी पब्लिक स्कूल जूनियर विंग परिसर में गुडविल सोसायटी के माध्यम से गत वर्षो से संपन्न हो रहा प्राकृतिक सौंदर्य की सार्थकता के लिए पुष्प प्रदर्शनी कार्यक्रम आज संपन्न हुआ जिसमें नगर में जनपद के सैकड़ो प्रकृति प्रेमियों ने सहभागिता की और इस प्रदर्शनी की सफलता के लिए विभिन्न प्रजातियों के गमले पुष्प पौधे तथा वनस्पतियों एवं औषधि गुणों से संपन्न प्लांटस सजा कर कार्यक्रम की सुंदरता को बढ़ा दिया! राज्य मंत्री कपिल देव अग्रवाल जहां इस पुष्प प्रदर्शनी कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे, वही डॉ एस. सी कुलश्रेष्ठ व्यापारी नेता संजय मित्तल सतीश गोयल भीम कंसल रचना बाटला महिला संयोजिका बतौर विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहे! गुडविल सोसाइटी के अध्यक्ष सुरेंद्र अग्रवाल की अध्यक्षता में संपन्न हुए इस पुष्प प्रदर्शनी के अंतर्गत सहभागिता करने वालों में दीपा अग्रवाल, प्रसून अग्रवाल, राकेश बिंदल, निरंकार स्वरूप, चंचल सक्सेना, राधा प्रवीण गुप्ता, डॉ. अशोक कुमार, डॉ उमेश चौहान, संजीव जैन, राजीव स्वरूप, सुनीता खुराना, लक्ष्य शर्मा, डॉ अरुण अरोड़ा, साधना, गिरिराज माहेश्वरी, अजय अग्रवाल, सी. ए ज्योति अग्रवाल, गुलशन, नरेश शर्मा, मानसी जैन, मुकेश लाल एडवोकेट, सुशील अग्रवाल, सप्तम डेकोर अपने अपने गमले भेज कर पुष्प प्रदर्शनी के इस कार्यक्रम की सुंदरता बढ़ाई तथा सभी को प्रतीक चिन्ह भेंट कर पुष्कृत किया गया। मुकुल दुआ द्वारा बच्चों का सांस्कृतिक कार्यक्रम नृत्य तथा गायन में विशेष योगदान रहा। सचिव होतीलाल शर्मा ने सभी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए सबका धन्यवाद दिया। कार्यक्रम में श्री मोहन तायल, विजय शुक्ला, कुशपुरी बी.एम गुप्ता, मुनेश सिंगल, भंवर सिंह, अनिल गोपाल गर्ग, कृष्ण अग्रवाल, अरुण गोयल, शिवकुमार संगल, आरके मलिक, के. के बंसल, सतीश मित्तल, प्रोफेसर अशोक जैन, एके अग्रवाल, मनोज जैन ,आलोक स्वरूप, विश्वदीप गोयल, मधुसूदन गर्ग, राहुल शर्मा, मुकेश अरोड़ा, रामवीर सिंह, डॉ अविनाश रामानी, अरुण खंडेवाल, महेश गर्ग, इंजीनियर विपिन गुप्ता ,शलभ गुप्ता एडवोकेट, डीके राठी, अनिल तायल ,पुनीत वशिष्ठ, ममता अग्रवाल, अशोक सिंघल, डॉ सुभाष शर्मा डॉक्टर स्वदेश पवार प्रोफेसर अशोक जैन (निर्णायक मंडल) आदि गणमान्य जन उपस्थित रहे!

## शीतला माता मेले से पूर्व भव्य ध्वज यात्रा निकाली गई

**मीरापुर।** उत्तरी भारत के प्रसिद्ध शीतला माता (बबरे वाली) मंदिर के वार्षिक मेले से पूर्व कस्बे में रविवार को भव्य ध्वज यात्रा निकाली गई। लगभग दो किलोमीटर लंबी इस यात्रा में श्रद्धालु हाथों में ध्वज लेकर जयकारे लगाते हुए चल रहे थे। मार्ग में कई स्थानों पर लोगों ने यात्रा का पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। यात्रा मंदिर परिसर में पहुंचने के बाद वैदिक मंत्रोच्चार के बीच श्रद्धालुओं द्वारा लाए गए ध्वज की विधि-विधान से स्थापना की गई। ध्वज स्थापना के साथ ही शीतला माता मेले का शुभारंभ हो गया। मंदिर समिति के अनुसार यह प्रसिद्ध मेला 8 मार्च से प्रारंभ होकर 12 मार्च तक चलेगा, जिसमें दूर-दराज क्षेत्रों से भी श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। ध्वज यात्रा में अनिरुद्ध शारदा, नितिन शर्मा, विभोर डागा, विकास कौशिक, नवनीत शारदा, नीरज शारदा, मानिक माहेश्वरी, सौरभ डागा, रोहित लखोटिया, राघव डागा, दीपक गोयल, वैद्य प्रदुमन शर्मा, सागर वर्मा सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## मीरापुर में पुलिस-बदमाश मुठभेड़

**मीरापुर।** पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़ हुई, जिसमें दो बदमाश पैर में गोली लगने से घायल हो गए। पुलिस ने दोनों बदमाशों को गिरफ्तार कर उनके पास से दो तमंचे, दो कारतूस, लूट में इस्तेमाल की गई बुलेट मोटरसाइकिल और एक महिला से लूटे गए सोने के कुंडल बरामद किए हैं। **घटना की जानकारी** पुलिस गंग नहर पटरी पर चेकिंग अभियान चला रही थी। दो संदिग्ध युवक बुलेट मोटरसाइकिल पर सवार होकर आए - पुलिस ने उन्हें रुकने का इशारा किया, लेकिन वे भागने लगे और पुलिस पर फायरिंग कर दी- पुलिस ने आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई की, जिसमें दोनों बदमाश घायल हो गए **बदमाशों की जानकारी**- असलम पुत्र अमानत निवासी मोहल्ला दरबारी, अमरोहा- मेहरबान पुत्र शब्बीर निवासी मोहल्ला बड़ी बेगम सराय, अमरोहा- दोनों बदमाश शातिर अपराधी हैं और उनके खिलाफ़ कई मुकदमे दर्ज हैं

# लोनी में कॉपर स्क्रैप चोरी का मामला दर्ज, कई युवक नामजद

**शाहटाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** गाजियाबाद के थाना लोनी बॉर्डर क्षेत्र में कॉपर स्क्रैप चोरी के मामले में खतौली और आसपास के क्षेत्रों के आधा दर्जन युवकों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज के आधार पर आरो. पियों की तलाश शुरू कर दी है। इस घटना को लेकर खतौली कस्बे और ग्रामीण क्षेत्र भूड़ में चर्चाओं का माहौल बना हुआ है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार खतौली की जमुना विहार कॉलोनी निवासी सुनील ने थाना लोनी बॉर्डर में तहरीर देकर बताया कि उसका गोदाम मेलाराम फार्म हाउस, सेवाधाम मण्डोली रोड, थाना लोनी बॉर्डर (जिला गाजियाबाद) में स्थित है। उसने बताया कि वह कॉपर स्क्रैप का काम आसिफ निवासी नई बस्ती खतौली, हाल निवासी जोहरीपुर पुलिया नाला रोड मुस्तफाबाद दिल्ली के साथ साझेदारी में करता है।

सुनील के अनुसार 21 फरवरी से 23 फरवरी के बीच करीब 10 टन कॉपर स्क्रैप खरीदकर गोदाम में रखा गया था। गोदाम की देखरेख और मुंशियाने का काम कस्बा खतौली निवासी सचिन और साकिब करते थे, जिनके पास गोदाम की चाबी भी रहती थी। पीड़ित ने बताया कि 25 फरवरी को उसके पार्टनर आसिफ के बड़े भाई नफीस को हार्ट अटैक आने के कारण दोनों अस्पताल में व्यस्त हो गए थे। 26 फरवरी को जब गोदाम खोलने के लिए संपर्क किया गया तो वहां नए ताले लगे मिले और सचिन व साकिब भी मौके से गायब थे। संदेह होने पर ताले तोड़कर गोदाम खोला गया तो अंदर रखा सारा कॉपर स्क्रैप गायब मिला। इसके बाद आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली गई, जिसमें कुछ लोग एक छोटे हाथी वाहन में माल लादकर ले जाते दिखाई दिए। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने खतौली कस्बा, ग्रामीण क्षेत्र भूड़ तथा थाना रतनपुरी क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति सहित कई लोगों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना लोनी बॉर्डर पुलिस का कहना है कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की तलाश जारी है। इस घटना के बाद खतौली कस्बे और आसपास के इलाकों में तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं।

## दुर्घटना में घायल युवक की उपचार के दौरान मौत

**मोरना।** बीस दिन पूर्व सड़क दुर्घटना में घायल हुए युवक का उपचार अस्पताल में चल रहा था कि उपचार के दौरान उसकी मौत हो गयी।युवक की मौत से परिवार में कोहराम मच गया है।

थाना ककरौली क्षेत्र के गांव चौरावाला निवासी संजय व राकेश उर्फ मिंटू बीते 16 जनवरी को बाइक से मोरना जा रहे थे। मोरना-जानसठ मार्ग पर चौरावाला ईदगाह से आगे सामने से आ रहे ट्रैक्टर चालक ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी थी। दुर्घटना में राकेश उर्फ मिंटू की अस्पताल ले जाते समय मौत हो गई थी। गम्भीर घायल संजय को मेरठ रेफर कर दिया गया था। शनिवार देर रात संजय की निजी अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। युवक की मौत से पत्नी कुसुम, पुत्री तनु, पुत्र शिवा व यावी का रो-रोकर बुरा हाल है।

## अच्छा कार्य करने वाली महिलाएं व बालिकाएं सम्मानित



**मुजफ्फरनगर।** अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री का सजीव प्रसारण एवं उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं एवं मेधावी बालिकाओं का सम्मान कार्यक्रम का आयोजन विकास भवन सभागार में किया गया है। कार्यक्रम में राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल मुख्य अतिथि तथा जिला पंचायत अध्यक्ष वीरपाल निर्वाल, सदस्य उ0प्र0 राज्य महिला आयोग सपना कश्यप, जिला. धिकारी उमेश मिश्रा, मुख्य विकास अधिकारी कमल किशोर कंडारकर देशभूषण, जिला पिछडा वर्ग कल्याण अधिकारी शक्तिशरण श्रीवास्तव, जिला प्रोबेशन अधिकारी संजय कुमार, बाल कल्याण समिति की अध्यक्ष रीना पंवार एवं सदस्य पिंकी रानी इत्यादि उपस्थित रहे हैं। कार्यक्रम का संचालन डा0 राजीव कुमार, सदस्य बाल कल्याण समिति द्वारा किया गया है।अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस कार्यक्रम में उपस्थित प्रतिभागियों द्वारा मुख्यमंत्री का लाइव सम्बोधन को सुना गया। कार्यक्रम में नवनियुक्त मुख्यसेविका को नियुक्ति पत्र तथा मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना की 3 लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र एवं मुख्यमंत्री बाल सेवा योजनान्तर्गत एक लाभार्थी को लैपटॉप वितरण किया गया। साथ ही अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर भारत सरकार द्वारा संचालित बेटी बचाओ बेटी पढाओ योजनान्तर्गत जनपद का वार्षिक कैलेण्डर (टोलफी नम्बर) का सभी सम्मानित मुख्य अतिथियों द्वारा विमोचन किया गया है।

# महिला दिवस पर 32 महिलाओं का हुआ सम्मान

**खतौली।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर हेरीटेज फूड्स लिमिटेड की ओर से क्षेत्र की महिलाओं को सम्मानित करने के लिए एक कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस दौरान विभिन्न गांवों की 32 महिलाओं को उपहार और वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे आर्य प्रतिनिधि सभा मुजफ्फरनगर के अध्यक्ष सत्येंद्र आर्य ने कहा कि प्राचीन काल में महिलाओं को समाज में अत्यंत सम्मानजनक स्थान प्राप्त था, लेकिन समय के साथ उनकी स्थिति में गिरावट आई। उन्होंने कहा कि महर्षि दयानंद ने भी वेदों के माध्यम से नारी सम्मान का संदेश दिया है। उन्होंने कहा कि जहां नारी का सम्मान होता है, वहीं देवताओं का वास होता है। उन्होंने यह भी कहा कि मां ही बच्चे की पहली गुरु होती है, जो अपने संस्कारों से समाज और राष्ट्र की दिशा तय करती है। इस दौरान उन्होंने छत्रपति शिवाजी और उनकी माता जीजाबाई के उदाहरण देते हुए नारी शक्ति की भूमिका को रेखांकित किया।कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कौमी एकता कमेटी खतौली के अध्यक्ष अशोक शर्मा ने कहा कि समाज और संस्कृति के विकास में महिलाओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। आज महिलाएं सेना, पुलिस, बैंकिंग और शिक्षा सहित अनेक क्षेत्रों में आगे बढ़कर देश का नाम रोशन कर रही हैं। उन्होंने समाज से महिलाओं के अधिक. ारों और सम्मान के प्रति जागरूक रहने की अपील की। इस अवसर पर कंपनी की ओर से कुमकुम (चंद्रपुर), शाइस्ता (तल्हेड़ी), अलका रानी (निजामपुर), सुषमा (गगसोना), दिव्या रानी (बोपाड़ा), संगीता, रॉबी राठी (निर्माना), पूजा (चिरोड़ी), पूजा रानी (भरोठा), आरसी जहां (कैली), सुबया रिजवी (नगला), मंजू (मढ़ करीमपुर) और रिया (याहियापुर) सहित कुल 32 महिलाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान सत्येंद्र आर्य और अशोक शर्मा ने कंपनी के मनीष शर्मा और अनुराग मिश्रा को भी उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया। इस मौके पर मनीष शर्मा, अनुराग मिश्रा, अर्जुन, सुशील कुमार, अंकित शर्मा और उमेश कौशिक सहित कई लोग उपस्थित रहे। कंपनी के अनुराग मिश्रा ने बताया कि हेरीटेज फूड्स लिमिटेड द्वारा हर वर्ष अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर क्षेत्र की महिलाओं को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया जाता है।

## खतौली में 183वां नि:शुल्क नेत्र शिविर आयोजित

**खतौली।** रविवार को जीटी रोड स्थित आर्य समाज मंदिर में लायंस क्लब खतौली संस्कार के तत्वावधान में निर्मल आई इंस्टीटड्ूट ;षिकेश के सहयोग से 183वां निशुल्क नेत्र शिविर पूर्व की भांति आयोजित किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में मरीजों ने पहुंचकर अपनी आंखों की जांच कराई।शिविर के दौरान 356 मरीजों की ओपीडी की गई, जबकि 126 मोतियाबिंद के मरीजों को ऑपरेशन के लिए चिन्हित किया गया। इनमें से 90 मरीजों को ऑपरेशन के लिए निर्मल आई इंस्टीटयूट ऋषिकेश भेजा गया।आयोजकों ने बताया कि जरूरतमंद मरीजों को नि:शुल्क जांच, परामर्श और ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है, जिससे क्षेत्र के लोगों को काफी लाभ मिल रहा है। इस अवसर पर लायंस क्लब के सचिव ला. अनिल कुमार वर्मा सहित क्लब के अन्य पदाधिकारी व सदस्य मौजूद रहे। 184वां निशुल्क नेत्र शिविर सोमवार को आयोजित किया जाएगा।

## दो नाबालिग बहनों को बहला फुसलाकर किया अपहरण

भोपा। क्षेत्र के गांव में कोल्हू पर जा रही दो नाबालिग बहनों को एक युवक बहला फुसलाकर अपहरण कर जे गया। परिजन ने युवक के मोबाइल पर बात की तो उसने धमकी दी है। भोपा थाना क्षेत्र के गांव मलपुरा निवासी व्यक्ति ने दी तहरीर में बताया कि वह गांव पटौली में गन्ना कोल्हू में झोंकने का कार्य करते है। बीते शुक्रवार सुबह लगभग 11 बजे मेरी 17 वर्षीय व 15 वर्षीय दोनों बहने कोल्हू में आने के लिये कहकर आयी थी। आरोप है कि इसी दौरान कोई अज्ञात युवक मेरी बहनों को बहला फुसलाकर अपहरण कर अपने साथ कहीं ले गया है। जब काफी देर तक भी मेरी बहने कोल्हू में नहीं पहुंची तो हमने इधर उधर तलाश किया तो मालूम हुआ कि उन्हें भोपा में गंग नहर पुल पर देखा है। लगभग एक हफ्ता पहले उसके मोबाइल पर काल आई थी, जिसने कहा था कि अपनी बहन से बात करा दो। इसके बाद मैने उस नंबर पर काल की आरोपी ने कहा कि उसकी बहने उसके पास ही है जो तुमसे हो कर लेना। प्रभारी निरीक्षक जशवीर सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है

## हिंदूवादी महिलाओं से एकजुट होने का किया आह्वान



**मुजफ्फरनगर।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर क्रांति सेना महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष पूनम चौधरी ने पार्टी कार्यालय प्रकाश चौक पर महिला दिवस का प्रोग्राम बड़े धूमधाम से बनाया प्रोग्राम की अध्यक्षता स्वयं पूनम चौधरी जिला अध्यक्ष की संचालन बिटू सीखेड़ा शिवसेना के जिला अध्यक्ष ने किया। सुमन विश्वकर्मा जिला उपाध्यक्ष ने महिलाओं को नारी शक्ति के ऊपर एक कविता सुनाई कविता ने सबका मनमोहन कर दिया महिलाओं को आगे बढ़ाने की प्रेरणा दी महिलाओं को बताया कि अपने लड़कियों को भी उचित शिक्षा दे अच्छे संस्कार दें और उनको उड़ान भरने की शक्ति दें और महिलाओं को अपने काम रोजगार को आगे बढ़ाने के लिए भी प्रेरणा दी आज महिला दिवस के अवसर पर जिला उपाध्यक्ष पूनम चाहल ने बताया कि महिलाएं अपने देश की उन्नति के लिए सर्वेश्वर आगे बढ़ती जा रही है और देश में कोई भी काम हो बिना महिलाओं के कोई कार्य पूरा नहीं होता इसलिए घर हो या देश हो या विद्यालय हो हर समय महिला महिला ही आगे रहती है और महिलाओं को अपने काम में बढ़-चढ़ का हिस्सा लेना चाहिए अगर महिला स्वयं अपनी रक्षा करेंगे तभी भगवान उनकी भी रक्षा करेंगे जो अपनी रक्षा स्वयं नहीं करता उसकी रक्षा भगवान भी नहीं करते आज इसअवसर पर हमारे मुख्य अतिथि सरिता शर्मा अरोड़ा हिंदू शक्ति संगठन की राष्ट्रीय अध्यक्ष गीता ठाकुर और सुनीता अग्रवाल, रिया जैनरही। क्रांति सेना की महिला मोर्चा की जिला उपाध्यक्ष पूनम चाहल,मिथिलेश गिरी, निधि शर्मा,अनोखी दुबे,मोनिका प्रजापति, सविता गौतम, सुशीला,सीमा, पूजा,आदि सैकड़ो महिलाएं कार्यक्रम में शामिल रहे

# रक्त दान शिविर में सैंकड़ों ने किया रक्तदान




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भोपा।** भोपा मे मुजफ्फरनगर मार्ग पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें सेंकडो व्यक्तियों ने भाग लेकर स्वेच्छा से रक्तदान किया व अन्य लोगों को भी रक्तदान के प्रति प्रेरित किया।रक्तदान करने वालों को प्रमाण पत्र भेंट किये गए

भोपा में स्थित प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र पर जन औषधि दिवस की उपलक्ष में एसडी ब्लड बैंक एवं जीवन धारा चौरिटेबल ट्रस्ट के द्वारा रविवार को स्वेच्छिक रक्तदान शि. विर का आयोजन किया गया जिसमे बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लेकर रक्तदान किया।शिविर के आयोजक सुनील कुमार प्रजापति सहित डॉ. अनिल कुमार,कामेश ,आशु ,मनोज, अजय सहरावत आदि ने रक्तदान के लाभ बताएं तथा रक्तदान को महत्वपूर्ण दान बताया व रक्तदान की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि रक्तदान के माध्यम से किसी की जान बचाई जा सकती हैं और जान बचाने वाला हमेशा ही बड़ा होता है।

# घर से गया व्यक्ति हुआ लापता ,डूबने की आशंका



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** बिना घर निकला व्यक्ति लापता हो गया। जिसके कपड़े गंग नहर झाल पर रखे मिले। परिजनों ने थाने में आकर गुमशुदगी दर्ज कराई है।

भोपा थाना क्षेत्र के गांव करहेड़ा निवासी 35 वर्षीय अमित कुमार उर्फ कोकी बीते गुरुवार की सुबह घर से बिना कहीं चला गया था। शाम तक वापस न लौटने पर चिंतित हुए परिजनों ने अमित की सम्भावित स्थानों पर तलाश की शुक्रवार की शाम अमित ने अपने भांजे शुभम के मोबाइल पर वॉइस मैसेज भेजा की उसने अपने कपड़े निरगाजनी स्थित गंग नहर झाल पर रख छोड़े हैं।वहां से उठा ले जाना।तभी से अमित का मोबाइल बन्द आ रहा है। अमित का कम्बल व कमरे की चाबी नहर झाल पर रखी मिली। रविवार को थाने पहुंचे लापता अमित के चाचा संजय कुमार ने थाने पर गुमशुदगी दर्ज कराई है। परिजनों संग थाने पहुंचे ग्राम प्रधान अमित राठी, संजय कुमार, कंवरपाल सिंह, मीनू राठी,मयंक,नन्दपाल ने अमित द्वारा नहर में कूदकर आत्महत्या करने की आशंका जताते हुए पुलिस से मदद की गुहार लगाई है। अमित के परिवार में पत्नी आशा देवी व 14 वर्षीय पुत्र प्रीत बेहद परेशान हैं।

# वन विभाग ने महिलाओं को किया सम्मानित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** महिला सम्मान दिवस के शुभ अवसर पर रविवार के दिन बुढ़ाना रेंज वन विभाग ने गांवघ सफीपुर रोड पर स्थित बुढ़ाना वन विभाग की नर्सरी में चार महिलाओं को सम्मानित किया। जिसमें उनको एक एक लंच बाक्स दिया गया। जिसको पाकर वे पूरी नहीं समाई और इसके लिए वन क्षेत्राधिकारी सुशील कुमार और उनकी टीम का आभार जताया। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना वन क्षेत्रीय अधिक. ारी सुशील कुमार के दिशा निर्देश पर वन विभाग के कर्मचारी राजेश कुमार के नेतृत्व में राजेश माली ने महिलाओं को लन्च बाक्स देकर सम्मानित किया। इस मौके पर महिलाओं को सम्मानित करने का उद्देश्य उनकी समाज में भूमिका को महत्व देना था। सफीपुर रोड पर वन विभाग की नर्सरी में स्थानीय वन विभाग के अधिकारियों ने महिलाओं को सम्मानित करते हुए कहा कि महिलाएं समाज की रीढ़ होती हैं और उनका सम्मान करना हमारा कर्तव्य है। महिलाओं ने वन विभाग के अधिकारियों को आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनका सम्मान करना हमारे लिए गर्व की बात है। महिलाओं ने कहा कि वे आगे भी समाज के लिए काम करती रहेंगी और महिलाओं के अधिकारों के लिए लड़ती रहेंगी। महिला सम्मान दिवस के मौके पर महिलाएं लंच बाक्स पाकर खुश हुई।

# बालिका दौड़ प्रतियोगिता की विजेताओं का सम्मान



**मुजफ्फरनगर।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार, जिलाधिकारी उमेश मिश्रा व मुख्य विकास अधिकारी कण्डारकर कमल किशोर देश भूषण के निर्देशन में जिला युवा अधिकारी प्रतिभा शर्मा द्वारा असमिता - खेल से ही है पहचान' के अंतर्गत जनपद स्तरीय बालिका दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।जिला युवा अधिकारी द्वारा स्वागत संबोधन एवं सभी अतिथियों को सम्मान प्रतीक एवं अंगवस्त्र भेंटकर सम्मानित किया गया।

अध्यक्ष नगर पालिका परिषद द्वारा उपस्थित सभी बालिकाओं/ खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं दी गई तथा सभी से अपील की गई कि खेल को अपने जीवन का हिस्सा बनाएं।खेल प्रतियोगिता का संचालन डॉ राजीव कुमार द्वारा किया गया।बालिका दौड़ प्रतियोगिता 03 श्रेणियों में (13 वर्ष से कम आयु वर्ग, 13 वर्ष से 18 वर्ष आयु वर्ग तथा ओपन वर्ग) में आयोजित की गई।तीनो श्रेणियों के प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली खिलाड़ियों/ बालिकाओं को मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथियों द्वारा ट्रॉफी, मैडल व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रियंका प्रबंधक, सुश्री चंचल परामर्शदाता, छवि अधिवक्ता, भूपेंद्र यादव जिला क्रीड़ा अधिकारी, मनोज पुंडीर सचिव, पूनम विश्नोई उप जिला क्रीड़ा अधिकारी, कुलदीप सिवाच प्रधानाचार्य, बबिता शर्मा वार्डन, श्रदिव्या हांडा की उपस्थिति रही।उक्त बालिका दौड़ प्रतियोगिता में विजय कुमार युवा चौंपियन, समस्त खेल कोच, ओसामा व कु.भावना की महत्वपूर्ण भूमिका रही।जिला क्रीड़ा अधिकारी द्वारा सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

## कॉलेज से सीपीयू समेत हजारों का सामान चोरी

**बुढाना।** अज्ञात चोरों ने एक कालेज से लगभग 50 हजार रुपये की कीमत का सामान चोरी कर लिया। पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई गयी है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करने के बाद अज्ञात चोरों की तलाश शुरु कर दी है। कॉलेजकर्मी सुनीता देवी पत्नि विपिन कुमार निवासी ग्राम शोरम ने बुढ़ाना पुलिस को एक तहरीर देते हुए बतलाया कि बुढ़ाना ब्लाक क्षेत्र की सफीपुर पटी में स्थित राजकीय इण्टर कालेज सफीपुर पटी बुढ़ाना अपने निर्धारित समय पर सुबह लगभग 9:20 बजे खुलता है। बीती 6 मार्च को भी जब रोजाना की भांति कालेज खोला गया तो कालेज के परिचारक मोहित कुमार के द्वारा प्रधानाचार्य को कक्ष खोलने पर बतलाया गया कि उनके कक्ष से सामान चोरी हो गया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात चोरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# मिसेज एसएसपी ने किया महिला पुलिसकर्मियों का अभिनंदन



**मुजफ्फरनगर।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर रविवार को मुजफ्फरनगर की रिजर्व पुलिस लाइन में महिला पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा एक गरिमामय एवं उत्साहपूर्ण कार्यक्रम हुआ। इस समारोह का मुख्य उद्देश्य समाज के निर्माण और कानून व्यवस्था बनाए रखने में महिलाओं के अतुलनीय योगदान को रेखांकित करना रहा।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा की धर्मपत्नी नीलम राय उपस्थित रहीं। समारोह के दौरान महिला पुलिसकर्मियों ने समाज में महिलाओं का योगदान विषय पर अपनी ओजस्वी विचार रखे और कई मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। इन प्रस्तुतियों के माध्यम से उन्होंने कार्यक्षेत्र और परिवार के बीच संतुलन बनाने की अपनी शक्ति का प्रदर्शन किया। इस मौके पर नीलम राय ने महिला पुलिसकर्मियों के साहस और कर्तव्यनिष्ठा की सराहना की। उन्होंने कहा कि वर्दी में नारी शक्ति का रूप समाज के लिए प्रेरणादायक है। इसके उपरांत उन्होंने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली महिला पुलिसकर्मियों को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर वरिष्ठ महिला अधिक. ारी मौजूद रहे, जिसमें एसपी क्राइम इंदु सिद्धार्थ, सीओ जानसठ रूपाली राय, और सीओ रितिका सिंह आदि शामिल रहीं। कार्यक्रम में पुलिस मॉडर्न स्कूल की प्रधानाचार्या सुधा शर्मा सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी ने महिला सशक्तिकरण का संकल्प दोहराया।

# बाइक की मामूली टक्कर के बाद दो पक्षों में खूनी संघर्ष, फायरिंग से मची अफरा-तफरी

**शाहटाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** रतनपुरी मार्ग स्थित फूलत अंडरपास के पास बाइक की साइड लगने को लेकर दो पक्षों के युवकों के बीच विवाद इतना बढ़ गया कि मामला मारपीट और फायरिंग तक पहुंच गया।

घटना के दौरान लाठी-डंडों और धारदार हथियारों से हमला किया गया। हमलावरों ने तमंचे से फायरिंग कर दहशत फैलाते हुए चार युवकों को बुरी तरह पीट दिया और उन्हें घायल अवस्था में जंगल की ओर फेंककर फरार हो गए। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर आधा दर्जन युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सरधना थाना क्षेत्र के गांव ज्वालागढ़ निवासी प्रवीन पुत्र प्रवेश ने रतनपुरी थाने में तहरीर देकर बताया कि 4 मार्च को वह अपने साथी संजय पुत्र मेनपाल सिंह, शिवम पुत्र राजीव और अतीश पुत्र वेदपाल के साथ दो बाइकों पर सवार होकर गांव जड़ौदा में अपनी बहन बलेश के घर जा रहा था। जब वे नेशनल हाईवे पर फूलत अंडरपास के पास पहुंचे, तभी पीछे से दो बाइकों पर सवार करीब आधा दर्जन युवक शोर-शराबा करते हुए आए और उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी।

टक्कर लगने से दोनों बाइकों पर सवार युवक सड़क पर गिरकर घायल हो गए। जब उन्होंने विरोध किया तो आरोप है कि दूसरे पक्ष के युवकों ने लाठी-डंडों और धारदार हथियारों से हमला कर दिया। हमलावरों ने चारों युवकों की जमकर पिटाई की। बताया जाता है कि शोर सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके की ओर दौड़ पड़े। इसी बीच आरोपियों ने तमंचे से फायरिंग कर दहशत फैला दी और घायल युवकों को अधमरी हालत में जंगल की ओर फेंककर फरार हो गए। ग्रामीणों ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका उपचार चल रहा है। इस मामले में रतनपुरी पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर गांव मुजाहिदपुर निवासी निक्कू, विशु और विक्की समेत तीन अज्ञात युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने सतेड़ी मार्ग पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज कब्जे में लेकर आरोपियों की तलाश तेज कर दी है।

# एसडी इंजीनियरिंग में हुआ जोनेक्स 2026 का आयोजन

**मुजफ्फरनगर।** जानसठ रोड स्थित एसडी कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, मुजफ्फरनगर में TechMNHub के तत्वावधान में ZONEX 2026 Where Talent Takes Shape कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों की प्रतिभा को मंच प्रदान करना तथा उनमें नवाचार, तकनीकी कौशल और रचनात्मकता को प्रोत्साहित करना रहा। कार्यक्रम का संचालन संस्थान में अध्ययनरत बीटेक कम्प्यूटर साइंस एंड इंजी. के छात्रों निखिल तोमर Founder-TechMNHub एवं माधव कात्यायन CO-TechMNHub के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम में डांस प्रतियोगिता, सिंगिंग प्रतियोगिता, रैम्प वॉक मॉडलिंग प्रतियोगिता, हैकथॉन तथा कविता पाठ प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इन सभी प्रतियोगिताओं में छात्रों ने पूरे उत्साह और जोश के साथ भाग लेते हुए अपनी कलात्मक, रचनात्मक और तकनीकी दृष्टिकोण का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। डांस और सिंगिंग प्रतियोगिताओं ने दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया, वहीं रैम्प वॉक मॉडलिंग में प्रतिभागियों ने आत्मविश्वास और व्यक्तित्व का शानदार प्रदर्शन किया। इसके साथ ही हैकथॉन में विद्यार्थियों ने तकनीकी ज्ञान और नवाचार से जुड़े नए विचार प्रस्तुत किए, जबकि कविता पाठ में प्रतिभागियों ने अपनी भावनाओं और विचारों को प्रभावशाली ढंग से अभिव्यक्त किया। कार्यक्रम में सिंगर-रैपर त्यागी एवं सरपंच गुर्जर, आर्टिस्ट-सीमा त्यागी, सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर-नारायण शर्मा, सिमरन त्यागी, खुशी, आस्था वर्मा, रीत उपाध्याय, शिवम देशवाल, शिवांक तथा अंकुर मैनी, मोनीश



राणा, अयान फारूख एवं श्रेया सक्सेना विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अतिथियों ने विद्यार्थियों की प्रतिभा और उत्साह की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम छात्रों को अपनी रचनात्मकता, तकनीकी क्षमता और आत्मविश्वास को विकसित करने का एक उत्कृष्ट अवसर प्रदान करते हैं। संस्थान के सचिव अनुभव कुमार ने कहा कि आज के युग में केवल शैक्षणिक ज्ञान ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि रचनात्मकता, नवाचार और आत्मविश्वास भी सफलता के लिए महत्वपूर्ण हैं। अपनी क्षमताओं पर विश्वास रखें, नई तकनीकों को सीखें और निरंतर मेहनत के साथ अपने लक्ष्य की ओर आगे बढ़ें। निदेशक डॉ. सिद्धार्थ शर्मा ने छात्रों को नई तकनीकों को सीखने और नवाचार की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया और छात्रों की इस पहल की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन छात्रों को अपनी क्षमताओं को पहचानने और उन्हें निखारने का अवसर प्रदान करते हैं। हैकथान प्रतियोगिता में कार्तिक, गौरव, सार्थक व खुशी प्रथम स्थान पर रहे, वहीं गायत्री, काजल पुंडीर, सोनी शर्मा ने द्वितीय तथा अभिषेक व अखिल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। हैकथान में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को रु0 1500/-, द्वितीय स्थान पाने वालों को रु0 1000/- तथा तृतीय स्थान पाने वाले को रु0 500/- नकद पुरस्कार राशि के साथ-साथ ट्रॉफी, मेडल एवं प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। डांस प्रतियोगिता में कार्तिक, सिंगिंग प्रतियोगिता में गुरूमीत सिंह, रैम्प वॉक मॉडलिंग प्रतियोगिता में अविरल व अलिशा विजई रहे।

सम्मान प्राप्त करते समय विद्यार्थियों के चेहरे पर गर्व और उत्साह साफ दिखाई दे रहा था। इस सम्मान ने न केवल प्रतिभागियों के आत्मविश्वास को नई ऊंचाइयां दीं, बल्कि अन्य छात्रों को भी अपनी प्रतिभा को निखारने और भविष्य में ऐसे आयोजनों में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया। यह पल सभी विद्यार्थियों के लिए अत्यंत प्रेरणादायक और यादगार बन गया।

## वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**बुढ़ाना।** पुलिस ने एक वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना सीओ गजेंद्र पाल सिंह के निर्देश पर उमरपुर पुलिस चौकी के प्रभारी मोहित कुमार तेवतिया ने मुखबिर की सटीक सूचना के आधार पर कांस्टेबल पवन शर्मा की मदद से अभियुक्त राजीव पंवार पुत्र इकबाल सिंह निवासी ग्राम बैल्ली को गश्त करने के दौरान खतौली तिराहे से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। बुढ़ाना पुलिस के अनुसार पीड़ित उदयवीर पुत्र स्वर्गीय सूरत सिंह निवासी ग्राम बैल्ली ने विगत दिवस बुढ़ाना पुलिस को एक तहरीर देते हुए बतलाया था कि गांव के राजीव पंवार पुत्र इकबाल सिंह ने उसका हत्या करने की नीयत से गला घोंटने का प्रयास किया और जब उसने राजीव को ऐसा करने से रोका तो आरो. पी राजीव ने उसके साथ गाली-गलौच कर हत्या की धमकी दी।

## श्री प्यारे जी महाराज मंदिर में यज्ञ के बाद पूजा आरंभ

**बुढ़ाना।** तहसील क्षेत्र के गांव रायपुर अटेरना में 800 वर्ष पुराने प्यारे जी महाराज मंदिर परिसर में यज्ञ के बाद पूजा अर्चना हुई। मंदिर व मेले के मुख्य संरक्षक पंडित जोगिंदर शास्त्री ने बताया कि यज्ञ के बाद पूजा अर्चना के हेतु श्रद्धालुओं के लिए मंदिर के कपाट खोल दिए गए है। आज भारी संख्या में दूरदराज से आने वाले श्रद्धालु पूजा अर्चना करेंगे। थाना फुगाना के गांव रायपुर अटेरना में श्री प्यारे जी महाराज मंदिर परिसर में रविवार को प्रातक यज्ञ के बाद पूजा अर्चना आरंभ हो गई। मंदिर व मेला कमेटी के मुख्य संरक्षक पंडित जोगिंदर शास्त्री ने बताया कि श्री प्यारे जी महाराज के 800 वर्ष पुराने मंदिर में रविवार से पूजा अर्चना आरंभ हो गई है। सोमवार से मंदिर परिसर में विशाल मेले का आयोजन होगा। उन्होंने बताया कि प्रतिवर्ष होली के 6 दिन बाद लगने वाले इस मेले में विभिन्न राज्यों से भारी संख्या में श्रद्धालु आते है। मंदिर को भव्य रूप से सजाया गया है। विशेष आकर्षण के केंद्र मंदिर के भीतर स्थित भूलभुलैया वाली कुंज गली है। ग्रामीणों का कहना है कि इसका निर्माण एक रात में हुआ था। सुबह सवेरे निर्माण को देखकर ग्रामीण भौचक्का रह गए थे। ग्राम प्रधान ममता देवी व पूर्व प्रधान मुकेश शर्मा के नेतृत्व में ग्रामीणों ने मेले की व्यवस्था संभाली हैं। मेले में सुरक्षा के कड़े इंतजाम होंगे ताकि बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी असु. विधा का सामना न करना पड़े। मंदिर के मुख्य द्वार व कुंज गली पर भीड़ को नियंत्रित करने हेतु बैरिकेडिंग, वॉलिंटियर्स, चिकित्सा एंबुलेंस की व्यवस्था रहेगी। रविवार को यज्ञ के दौरान संदीप शर्मा, रमेश चंद, करण सिंह, जय भगवान, राजेंद्र, राजकुमार, बालेंद्र, राकेश, व अजय पाल शर्मा आदि मौजूद रहे।



## दंगल देखने जुटी भारी भीड़



**छपार।** ओलिंपियन अनुज इंटरनेशनल ट्रस्ट एवं कुश्ती उत्थान समिति के तत्वाधान कुश्ती प्रतियोगिता के आयोजन का शुभारंभ मुख्य अतिथि डीएस चौहान उत्तर प्रदेश के पूर्व डीजीपी व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा ने किया। प्रदेश मंत्री कपिल देव अग्रवाल भी कार्यक्रम में पहुंचे और पहलवानों का उत्साहवर्धन किया। हाइवे पर बढेडी चौराहे के निकट एक स्कूल परिसर में बढेडी निवासी अर्जुन ऐवार्डी पहलवान व उत्तर प्रदेश पुलिस में एएसपी अनुज चौधरी द्वारा कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया जिसमें दूर दराज के पहलवानों ने प्रतिभाग किया। कुश्ती के लिए दो मेट लगाये गये। दोनों पर अलग-अलग कुश्तियां हुई। महिला पहलवानों ने भी अपने जोहर दिखाये। नम्बरों के आधार पर हार जीत हुई। नम्बर-1 मेट पर 35 किलोग्राम वर्ग से 57 किलोग्राम वजन के पहलवानों की 60 कुश्ती हुई और नम्बर -2 मेट पर 48 किलोग्राम से 92 किलोग्राम वजन के पहलवानों की कुश्ती हुई महिलाओं में 50 से 56 किलोग्राम वजन के पहलवानों की कुश्ती हुई। दोनों मेटो पर 150 कुश्तियां हुई। हरियाणा, पंजाब, उत्तराखंड, दिल्ली आदि प्रदेशों के पहलवान पहुंचे। कुश्ती उत्थान समिति पदाधिकारियों का निर्णय ही अंतिम रहा। एएसपी अनुज चौधरी के भाई अमित चौधरी भाजपा जिला उपाध्यक्ष व प्रमुख ब्लाक सदर भी मौजूद रहे। प्रदेश मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि उक्त आयोजन से युवाओं को सीख लेनी चाहिए और खेलों में अधिक संख्या में भाग लें। यहां के पहलवान मिट्टी पर कुश्तियां करते थे इससे उन्हें भी मेट पर कुश्ती करने की आदत होगी और देश विदेश तक पहुंचने का मौका मिलेगा। कुश्ती उत्थान समिति के पदा. धिकारियों ने बताया कि यह उनके द्वारा 24 वां आयोजन किया जा रहा। प्रमोद उटवाल पूर्व विधायक, सुधीर सैनी भाजपा जिलाध्यक्ष, विजय शुक्ला पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा, गौरव स्वरूप, ठाकुर रामनाथ सिंह, धर्मेंद्र मलिक, चरण सिंह टिकैत, नवीन राठी, सोकेंद्र खोखर अर्जुन ऐवार्डी, विपुल त्यागी, लक्ष्मण आदि लोग मौजूद रहे।

## छात्राओं ने संक्रामक रोगियों का घर-घर जाकर किया सर्वेक्षण



**मुजफ्फरनगर।** स्वामी कल्याण देव डिग्री कॉलेज बघरा की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा आयोजित सप्त दिवसीय विशेष शिविर में आज स्वयंसेवक एवं सेविकाओं द्वारा चयनित ग्राम सैदपुर में संक्रामक रोगों को लेकर सर्वेक्षण किया गया स्वयंसेवक सेविकाओं ने ग्राम वासियों को टीबी टाइफाइड फंगस डेंगू चिकनगुनिया तथा कोरोना जैसी संक्रामक बीमारियों के फैलने के कारण तथा बचने के उपायों से जागरूक कराया सर्वे के दौरान स्वयंसेवक व सेविकाओं ने घर-घर जाकर परिवारों से बातचीत की और उन्हें स्वास्थ्य संबंधी जानकारी प्रदान की सर्वे में पाया गया कि कुछ परिवारों में मलेरिया टाइफाइड डेंगू तथा फ्लू जैसे संक्रामक रोगों के मामले सामने आए कई स्थानों पर गंदा पानी जमा होने और साफ सफाई की कमी भी देखने को मिली स्वयंसेवक एवं सेविकाओं ने ग्राम वासियों को साफ सफाई रखना मच्छरों से बचाव करने स्वच्छ पानी पीने तथा सही समय पर डॉक्टर से इलाज कराने के लिए जागरूक किया। इसी समय में मां शाकंभरी विश्वविद्यालय के एनएसएस समन्वयक डॉक्टर रामकुमार जी के द्वारा इकाई का औचक निरीक्षण किया गया तथा समन्वयक के द्वारा सेवक वह सेविकाओं को संबोधित किया गया। शिविर के द्वितीय चरण में डॉक्टर रश्मि तायल व डॉक्टर विपिन कुमार ने स्वयंसेवक एवं सेविकाओं को समाज सेवा को अपने जीवन में उतारने तथा एक मजबूत समाज का निर्माण करने के लिए प्रेरित किया।

# मुजफ्फरनगर में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन



**मुजफ्फरनगर।** अंतराष्ट्रीय महिला दिवस पर क्रांतिकारी शालू सैनी वृद्धाश्रम में आयोजित इस कार्यक्रम में वृद्ध माताओं को सम्मानित किया गया और उनके साथ केक काटा गया। क्रांतिकारी शालू सैनी ने वृद्ध माताओं को उपहार भेंट किए शालू सैनी ने कहा कि महिला सशक्तिकरण की असली सेवा इन माताओं की सेवा करना है - वृद्ध माताओं ने शालू सैनी को आशीर्वाद दिया और उनके सेवा भाव की सराहना की। शालू सैनी ने संदेश दिया कि महिला दिवस केवल एक दिन का उत्सव नहीं है, बल्कि महिलाओं के प्रति सम्मान व्यक्त करने का दिन है। युवाओं से उन्होंने अपील की कि वे अपने घर के बुजुर्गों का सम्मान करें और उन्हें कभी अकेला न छोड़ें।

## अतिरिक्त दहेज के लिए विवाहिता को निकाला

**बुढ़ाना।** महिला थाना पुलिस ने अतिरिक्त दहेज में एक विवाहिता से एक सौ गज का प्लाट और दो लाख रुपये की नगदी मांगने वाले दहेजलोभी ससुरालियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। शबनूर पुत्री बसरुदीन निवासी गांव सिकंदरपुर कला रतनपुरी ने बुढ़ाना महिला थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि उसकी शादी बीती 21 अगस्त सन 2019 को जावेद पुत्र जाहिद निवासी सरधना मेरठ से हुई थी। उसके परिजनों ने उसकी शादी में करीब 10 लाख रुपये खर्च किये थे। शादी के बाद से ही पति, सास अंजुम और ससुर जाहिद उसके साथ दुर्व्यवहार व मारपीट करते थे। वे अतिरिक्त दहेज में उससे एक सौ गज का एक प्लाट और दो लाख रुपये की मांग करते थे। ससुरालियों ने उसे बंद कमरे में भूखा प्यासा रख यातनाएं दी। उस पर गलत आरोप लगाए। उसके 2 बच्चे हैं। इन ज्यादतियों को लेकर कई बार पंचायतें हुई मगर ससुरालियों में कोई सुधार नहीं दिखा। बीते 25 सितम्बर 2023 को उसे ससुरालियों ने घर से निकाल दिया। बीते 19 मई 2024 को उसने पुलिस में शिकायत की तो वे पुलिस से वादा कर उसे ले आए लेकिन फिर भी उत्पीड़न जारी रखा। पुलिस ने एसएसपी के निर्देश पर ससुरालियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की है।

## सात युवकों ने दो भाईयों के साथ की मारपीट

**बुढ़ाना।** अक्षय पंवार पुत्र मनोज कुमार निवासी ग्राम निवासी बुढ़ाना ने फुगाना पुलिस को एक तहरीर देते हुए बतलाया कि वह और उसका सगा भाई शिवम ग्राम पिंडोरा से अपनी गाडी स्विफ्ट डिजायर से घर वापिस आ रहे थे। रास्ते में आते समय फुगाना थाना क्षेत्र की लिसाढ़ पुलिस चौकी के पास थोडा सा आगे चलकर एक फॉर्च्यूनर में सवार कुछ लडको ने अपनी गाडी हमारी गाडी के सामने रोक दी और उसमें से उतरकर आधा दर्जन से अधिक लडकों ने उसे और उसके भाई को गाड़ी से उतारकर गाडी के शीशे फोडकर उनकी बुरी तरह पिटाई की और वहां से मेरठ की तरफ भाग गये। पीड़ित ने फुगाना पुलिस से सभी सातों आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही की गुहार लगाई है। उधर पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# अटल आवासीय विद्यालय में हुई परीक्षा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना के अंतर्गत संचालित अटल आवासीय विद्यालय में आगामी सत्र 2026-27 में प्रवेश के लिए रविवार को लिखित परीक्षा हुई। मुजफ्फरनगर के छोटूराम इंटर कॉलेज को एकमात्र परीक्षा केंद्र बनाया गया, जिसमें कक्षा छठी व नौवीं में प्रवेश के लिए 210 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। दोनों कक्षाओं में आठ बच्चें परीक्षा में अनुपस्थित रहे। वहीं शामली के सत्यनारायण इंटर कालेज में वहां के परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी, जिसमें 165 पंजीकृत परीक्षार्थियों में 156 ने परीक्षा दी। इसके अलावा सहारनपुर में भी परीक्षा हुई। तीनों जिले के परीक्षार्थी मुजफ्फरनगर स्थित अटल आवासीय विद्यालय के लिए चयनित होंगे।

अटल आवासीय विद्यालय की इस प्रवेश परीक्षा के लिए मुजफ्फरनगर से कुल 218 विद्यार्थी परीक्षा के लिए पात्र चुने गए थे, जबकि पंजीकरण करने वालों की संख्या करीब 1200 थी। बड़ी संख्या में आवेदन करने वाले बच्चों को उनके पिता के कार्यों के चलते अपात्र घोषित कर दिया था। एडमिट कार्ड मिलने के बाद रविवार को 218 चयनित पात्र विद्यार्थियों में से 210 विद्यार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए, जबकि आठ छात्र अनुपस्थित रहे।

छोटूराम इंटर कालेज के प्रधानाचार्य ने बताया कि कक्षा नौवीं के लिए 87 विद्यार्थी पंजीकृत थे, जिसमें से 83 बच्चों ने परीक्षा दी, जबकि छठी कक्षा के लिए 131 विद्यार्थी पंजीकृत थे, जिसमें से 127 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी। केंद्र पर जैमर और सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में पारदर्शी तरीके से परीक्षा आयोजित की गई। जिला प्रशासन के अधिकारियों ने भी केंद्र का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। अब इन मेधावी छात्रों को परीक्षा के परिणाम का इंतजार है, जिसके आधार पर उनका चयन विद्यालय के शैक्षिक सत्र के लिए किया जाएगा।

# बाबा मोहनराम की शोभायात्रा धूमधाम से निकाली, भक्ति गीतों पर झूमे श्रद्धालु

**शाहटाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** रविवार को कस्बे में बाबा मोहनराम जी की भव्य शोभायात्रा श्रद्धा और उत्साह के साथ निकाली गई। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए, जिससे पूरे नगर में भक्तिमय वातावरण बन गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना से हुआ। इसके बाद गंगनहर से शोभायात्रा की शुरुआत हुई, जिसका शुभारंभ भाजपा जिला अध्यक्ष सुधीर सैनी ने हरी झंडी दिखाकर किया। श्रद्धालु हाथों में बाबा का निशान लेकर भक्ति गीतों



पर नाचते-गाते आगे बढ़ते रहे। ढोल-नगाड़ों और भजनों की मधुर धुन पर महिला और पुरुष श्रद्धालु पूरे रास्ते झूमते नजर आए। शोभायात्रा गंगनहर से निकलकर नगर के विभिन्न मार्गों से होती हुई सफेदा मार्ग स्थित मोहनदास मंदिर पहुंचकर संपन्न हुई। इसके बाद बाबा जी के भक्ति कीर्तन का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम के अंत में विशाल भंडारे का आयोजन हुआ, जहां हजारों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। ग्रामीणों और श्रद्धालुओं का कहना था कि ऐसे धार्मिक आयोजन समाज में आपसी प्रेम, भाईचारे और सौहार्द की भावना को मजबूत करते हैं। आयोजन में अक्षय बुर्जी, नितिन भटनागर, चंद्रपाल राजपूत (अध्यक्ष हिन्दू रक्षा दल), संजय बुर्जी, शुभम भटनागर, विकास कौशिक, नवीन त्यागी, अनुज, कपिल, सागर, राजू, संजय, पंकज और हिमांशु सहित कई लोग मौजूद रहे।

## 350 साल पुरानी है बाबा मोहनराम की परंपरा

**खतौली।** आयोजकों के अनुसार बाबा मोहनराम की परंपरा लगभग 350 वर्ष पुरानी मानी जाती है। मान्यता है कि करीब साढ़े तीन सौ वर्ष पहले मिलकपुर गांव निवासी नंदू भगत को बाबा मोहनराम ने दर्शन दिए थे। बाबा ने उन्हें आशीर्वाद देते हुए कहा था कि वे प्राणीमात्र के कष्टों को दूर करेंगे और उनका आशीर्वाद उनके वंशजों पर भी बना रहेगा।

इसके बाद नंदू भगत ने काली खोली में उस स्थान पर ज्योत प्रज्वलित की, जहां बाबा के प्रकट होने की मान्यता है। साथ ही मिलकपुर के जोहड़ की पाल पर कुटिया बनाकर बाबा की भक्ति शुरू की। तब से वहां अखंड ज्योत के साथ पूजा-अर्चना की परंपरा निरंतर जारी है।

## काली खोली धाम से जुड़ा है इतिहास

**खतौली।** बाबा मोहनराम का इतिहास राजस्थान के अलवर जिले के काली खोली धाम (भिवाड़ी) से जुड़ा माना जाता है। मान्यता के अनुसार भगवान विष्णु या कृष्ण के अवतार माने जाने वाले बाबा ने नंदू भगत को दर्शन देकर कलयुग में भक्तों के कष्ट दूर करने का वरदान दिया था। कहते हैं कि जब नंदू भगत ने वर्षों की तपस्या के बाद भी बाबा के दर्शन न होने पर उन्हें पत्थर कह दिया, तब बाबा नीले घोड़े पर प्रकट हुए और पहाड़ को मोम की तरह नरम कर दिया। मान्यता है कि उस स्थान पर आज भी घोड़े के खुरों के निशान मौजूद हैं।

वर्तमान में लल्लू भगत की सातवीं पीढ़ी के वंशज मंदिर ट्रस्ट के पदा. धिकारी के रूप में मंदिर की व्यवस्था संभाल रहे हैं और बाबा की परंपरा को आगे बढ़ा रहे हैं।

## दाहोड़ गांव में दबंगों की दबंगई, घर में घुसकर परिवार से मारपीट, गाय की मौत का आरोप

**शाहटाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** खतौली थाना क्षेत्र के गांव दाहोड़ में दबंगों का एक गंभीर मामला सामने आया है। गांव की एक महिला ने पड़ोस के कुछ लोगों पर घर में घुसकर परिवार के साथ मारपीट करने और आंगन में बंधी गाय को पीट-पीटकर मार डालने का आरो. प लगाया है। पीड़िता ने पुलिस को तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

ग्राम दाहोड़ निवासी राखी पत्नी बेगराज ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गांव के कुछ लोग लाठी-डंडों और धारदार हथियारों के साथ उनके घर में घुस आए। आरोप है कि घर में घुसते ही हमलावरों ने परिवार के सदस्यों के साथ मारपीट शुरू कर दी। पीड़िता के अनुसार जब परिवार ने विरोध किया तो आरो. पियों ने आंगन में बंधी गाय पर भी लाठियों से हमला कर दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इस हमले में महिला, उसका पति और बच्चे भी घायल हो गए।

घटना के बाद से परिवार में भय का माहौल बना हुआ है। पीड़िता का आरोप है कि शिकायत करने पर आरोपी पक्ष लगातार उनके बच्चों को जान से मारने की धमकी दे रहा है। पीड़िता ने पुलिस प्रशासन से परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करने और आरोपितों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। वहीं पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है और जांच के बाद आवश्यक कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

# खतौली के बाजारों में ई-रिक्शाओं से बढ़ी परेशानी

**शाहटाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** आगामी ईद के मद्देनजर कस्बे के प्रमुख बाजारों में खरीदारी के लिए लोगों की भीड़ लगातार बढ़ रही है। विद्योवाड़ा, अशोका मार्किट, बड़ा बाजार और भूड़ क्षेत्र में रोजाना बड़ी संख्या में ग्राहक पहुंच रहे हैं। वहीं भीड़भाड़ के बीच बाजारों में प्रवेश करने वाले ई-रिक्शा अब दुकानदारों और ग्राहकों के लिए बड़ी समस्या बनते जा रहे हैं। व्यापारियों का कहना है कि कई ई-रिक्शा चालक भीड़भाड़ वाले संकरे बाजारों में भी वाहन लेकर अंदर तक पहुंच जाते हैं। इससे बार-बार जाम की स्थिति बन जाती है और पैदल चलने वाले लोगों को निकलने तक में मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। कई बार ई-रिक्शा की चपेट में आने से लोगों को चोट लगने की घटनाएं भी सामने आती हैं, जिससे कहासुनी और विवाद की नौबत तक आ जाती है। रविवार को भी कस्बे के मुख्य





बाजारों में दिनभर जाम की स्थिति बनी रही। भीड़ इतनी अधिक रही कि लोगों को बाजार में निकलने के लिए भी जगह नहीं मिल पा रही थी। दुकानदारों का कहना है कि पहले से मौजूद अतिक्रमण की समस्या के साथ-साथ ई-रिक्शाओं की अनियंत्रित आवाजाही से हालात और खराब हो गए हैं। व्यापारियों ने स्थानीय पुलिस प्रशासन से मांग की है कि भीड़भाड़ वाले बाजारों में ई-रिक्शा के प्रवेश पर रोक लगाई जाए या उनके लिए अलग मार्ग निर्धारित किया जाए, ताकि बाजार में आने वाले ग्राहकों को राहत मिल सके। इधर, कुछ लोगों ने यह भी बताया कि बाजारों में भीड़ बढ़ने के साथ जेबकतरों की सक्रियता भी बढ़ गई है। आए दिन जेब कटने की घटनाएं सामने आ रही हैं, जिससे लोगों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। व्यापारियों ने पुलिस से बाजारों में गश्त बढ़ाने की भी मांग की है।

# सिल्वर ऑक पब्लिक स्कूल में भव्य स्पोर्ट्स मीट का आयोजन

**मुजफ्फरनगर।** सिल्वर ऑक पब्लिक स्कूल, पिन्ना में श्री रामस्वरूप वर्मा जी के जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में भव्य स्पोर्ट्स मीट स्पर्ट्थ इन यूनिटी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन समिति, गणमान्य अतिथियों और विभिन्न विद्यालयों के सम्मानित पदाधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

- कार्यक्रम की अध्यक्षता कर्नल संजय मलिक, वाईस चेयरमैन डॉ. मधु. लिका चौधरी और ट्रस्टी मीनू वर्मा गौतम ने की। मुख्य अतिथि हर्ष कुमार ने बच्चों के शारीरिक, मानसिक और बौद्धिक विकास के लिए खेलों के महत्व पर विचार प्रस्तुत किए। अति विशिष्ट अतिथियों में एमएलसी श्रीचंद शर्मा, सीओ सदर डॉ. रवि शंकर मिश्रा, सीएमओ डॉ. सुनील तेवतिया, जिलाध्यक्ष राजेंद्र संजय राठी, डायरेक्टर ए.के.सिंह ग्रुप विनोद कादियान और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। खेल प्रतियोगिताएं-किड्स शेपर द्वारा कराए गए खेलों में बच्चों ने टनल रेस, रोल द बॉल रेस,



हर्डल रेस, बैलेंस रेस, डंबल रेस, हूप रोलर रेस, ड्रिल द बॉल इत्यादि में भाग लिया और वॉलीबॉल, क्रिकेट, 100 मीटर रेस, 200 मीटर रेस, 400 मीटर रेस, लंबी कूद में विजयी प्रतिभागियों को मेडल पहनाकर पुरस्कृत किया गया अभिभावकों के लिए प्रतियोगिताएं- मदर्स रेस, फादर्स रेस, कपल रेस में अभिभावकों ने जोश और उत्साहपूर्वक भाग लिया। विजयी अभिभावकों को मेडल पहनाकर पुरस्कृत किया गया।

**नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर**

शारदा हॉस्पिटल, ग्रेटर नोएडा के द्वारा नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। अभिभावकों ने भरपूर लाभ उठाया। कार्यक्रम के अंत में संदीप मलिक प्रबंधक और डॉली चौधरी प्रधानाचार्या ने सभी अतिथियों, अभिभावकों और सहयोगियों का आभार व्यक्त किया

## फौजी ने बच्ची के संग की अश्लील हरकतें

**बुढ़ाना।** कोतवाली बुढ़ाना क्षेत्र के अंतर्गत गांव टांडा माजरा में एक फौजी ने एक नाबालिग बच्ची के साथ उस समय मौका पाकर अश्लील हरकतें कर दी जब वह अपने घर से अकेली ही गांव की किसी दुकान पर कुछ घरेलू सामान लेने के लिए जा रही थी। उधर शिकायत मिलते ही नाबा. लिग बच्ची की माता की तहरीर पर बुढ़ाना कोतवाली में पुलिस के द्वारा गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आरोपी फौजी सुनील पुत्र चंद्रपाल सिंह फरार हो गया है। बुढ़ाना पुलिस मामले की जांच में जुट गयी है। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत गांव टांडा माजरा में फौजी सुनील पुत्र चंद्रपाल ने एक नाबालिग बच्ची के साथ अश्लील हरकत की। नाबालिग बच्ची की मां ने बुढ़ाना कोतवाली में तहरीर दी जिसके बाद पुलिस ने मुक. दमा दर्ज कर लिया है। फौजी सुनील पुत्र चंद्रपाल फरार है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। बुढ़ाना पुलिस ने बतलाया कि जल्द ही फौजी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

शाह टाइम्स

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक एस.एन. राना द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक: एस.एन. राना

*कार्यकारी सम्पादक आनन्द बत्रा 'सुमन'

मुख्यालय: मोबाइल-9720007290

R.N.I. No. 71843/99

www.shahtimesnews.com

email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# अटल आवासीय विद्यालय प्रवेश परीक्षा नकलरहित संपंन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के श्री सत्यनारायण इंटर कॉलेज में रविवार को अटल आवासीय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा सत्र 2026-27 शांतिपूर्ण और नकलरहित वातावरण में संपन्न हुई। परीक्षा में कक्षा 6 और कक्षा 9 में प्रवेश लेने के इच्छुक विद्यार्थियों ने भाग लिया। परीक्षा को लेकर प्रशासन और विद्यालय प्रबंधन की ओर से सुरक्षा और व्यवस्थाओं के विशेष इंतजाम किए गए थे, जिससे परीक्षा सुचारु रूप से संपन्न हो सकी।

परीक्षा केंद्र पर कुल 165 परीक्षार्थी पंजी कृत थे, जिनमें से 156 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए, जबकि 9 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा शुरू होने से पहले ही परीक्षार्थियों का केंद्र पर पहुंचना शुरू हो गया था। मुख्य द्वार पर प्रवेश के



दौरान परीक्षार्थियों के प्रवेश पत्रों की सघन जांच की गई और सभी को निर्धारित नियमों का पालन करने के निर्देश दिए गए। केंद्र व्यवस्थापन की ओर से यह भी स्पष्ट किया गया कि परीक्षार्थी अपने साथ मोबाइल फोन, स्मार्ट वॉच या अन्य किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण परीक्षा कक्ष में नहीं ले जा सकते हैं। इसके लिए मुख्य द्वार पर विशेष निगरानी रखी गई, ताकि परीक्षा की पारदर्शिता और निष्पक्षता बनी रहे। परीक्षा के दौरान व्यवस्थाओं का जायजा लेने के लिए बेसिक शिक्षा अधिकारी लता राठौर, सहायक श्रम आयुक्त सहारनपुर अरविंद कुमार मद्धेशिया तथा कॉलेज के प्रधानाचार्य एवं केंद्र व्यवस्थापक अनिल कुमार शर्मा ने विभिन्न परीक्षा कक्षों का निरीक्षण किया। उन्होंने परीक्षा कक्षों में जाकर व्यवस्थाओं की जानकारी ली और ड्यूटी पर तैनात शिक्षकों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। परीक्षा केंद्र पर विद्यार्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए पेयजल, शौचालय और बैठने की समुचित व्यवस्था की गई थी। इसके अलावा केंद्र पर सुरक्षा व्यवस्था भी चाक-चौबंद रही, जिससे किसी प्रकार की अव्यवस्था या नकल की संभावना न रहे। विद्यालय प्रशासन ने बताया कि पूरी परीक्षा प्रक्रिया शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न हुई। परीक्षा समाप्त होने के बाद परीक्षार्थी संतोष के साथ अपने घरों को लौट गए।

# कलेक्ट्रेट में महिला जनसुनवाई कार्यक्रम आज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जिला प्रोबेशन अधिकारी शामली ने जानकारी दी है कि उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की माननीय सदस्य मनीषा अहलावत की अध्यक्षता में 09 मार्च 2026 को नवीन कलेक्ट्रेट सभागार, शामली में महिला जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस जनसुनवाई का उद्देश्य महिलाओं से संबंधित शिकायतों को सुनना तथा उनका त्वरित समाधान सुनिश्चित करना है।

कार्यक्रम में जनपद शामली की कोई भी पीड़ित महिला अथवा उसकी ओर से कोई प्रतिनिधि उपस्थित होकर अपना प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर सकता है। जनसुनवाई के दौरान महिला उत्पीड़न, घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीड़न, कार्यस्थल पर उत्पीड़न सहित अन्य समस्याओं पर सुनवाई की जाएगी। पीड़ित महिलाओं की समस्याओं के प्रभावी समाधान के लिए पुलिस एवं प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी भी कार्यक्रम में मौजूद रहेंगे। उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग द्वारा प्रदेश में महिलाओं के उत्पीड़न की रोकथाम और पीड़ित महिलाओं को शीघ्र न्याय दिलाने के उद्देश्य से समय-समय पर विभिन्न जनपदों में महिला जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। इन कार्यक्रमों में जिलाधिकारी द्वारा नामित वरिष्ठ पुलिस अधिकारी, महिला थाना प्रभारी और संबंधित क्षेत्राधिकारी भी शामिल होकर मामलों की समीक्षा करते हैं और आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करते हैं। महिला आयोग का गठन वर्ष 1992 में महिलाओं के अधिकारों की रक्षा, उनके कल्याण और सशक्तिकरण के उद्देश्य से किया गया था। आयोग महिलाओं के शैक्षिक, आर्थिक और सामाजिक विकास के लिए निरंतर प्रयासरत है। साथ ही महिलाओं को प्राप्त संवैधानिक एवं विधिक अधिकारों की सुरक्षा, महिला उत्पीड़न से जुड़े मामलों में प्रभावी कार्रवाई, बाल विवाह, दहेज प्रथा और भ्रूण हत्या पर रोक लगाने जैसे मुद्दों पर भी सक्रिय भूमिका निभाता है। उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग से किसी भी प्रकार की सहायता या परामर्श ले सकते है।

## जमीन बंटवारे को लेकर पिता-पुत्र में मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव भभीसा में जमीनी बंटवारे को लेकर पिता-पुत्र के बीच मारपीट हो गई जिसमें पुत्र गांधी रूप से घायल हो गया घायल ने अपना डॉक्टरी परीक्षण कराने के बाद अपने पिता व दो भतीजे के विरुद्ध नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने तहरीर लेकर मामले की जांच को शुरू कर दिया है।

रविवार को गांव भभीसा निवासी संजीव ने बताया कि उसका पिता उसके बच्चों को जमीन व मकान में हिस्सा नहीं दे रहा है। जिस कारण पीड़ित घर से बेघर है रविवार को पीड़ित ने अपने हिस्से के मकान का बंटवारा और जमीन की मांग की थी इसी बात से नाराज होकर उसके पिता व दो भतीजो ने एक राय होकर पीड़ित पर धारदार हथियार से हमला करते हुए गंभीर रूप से घायल कर दिया। शोर शराब होने पर परिवार की महिलाएं एंव पड़ोसी आ गए. सूचना पर डायल 112 पुलिस पहुंच गई पुलिस ने घायल का उपचार के लिए नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल रेफर कर दिया। घायल ने अपना डाक्टरी परीक्षण कराने के बाद अपने पिता व दो भतीजे के विरुद्ध तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने जांच करने के बाद कार्रवाई का आश्वा. सन दिया है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है की तहरीर प्राप्त हुई है। मामले की जांच की जा रही है। जांच कर उचित कार्रवाई को अमल में लाया जाएगा।

# स्मैक तस्करों की तलाश में दिल्ली क्राइम ब्रांच की दबिश

## कैराना और कांधला में किया छापेमारी अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** स्मैक तस्करी के मामले में दिल्ली क्राइम ब्रांच की टीम ने शनिवार देर शाम कैराना और कांधला क्षेत्र में विशेष छापेमारी की, लेकिन आरोपी पहले ही फरार होने की वजह से टीम खाली हाथ लौट गई। यह कार्रवाई एनडीपीएस एक्ट के तहत की जा रही बरामदगी और तस्करों की गिरफ्तारी को लेकर की गई थी।

जानकारी के अनुसार दिल्ली क्राइम ब्रांच के एएसआई कृष्णपाल पुलिस टीम के साथ कैराना कोतवाली पहुंचे। उनके साथ बरेली निवासी एनडीपीएस एक्ट के आरोपी साबिर भी था, जिसे पहले गिर फ्तार किया गया था। साबिर की निशानदेही पर पुलिस ने संभावित ठिकानों पर दबिश दी। टीम ने सबसे पहले कैराना कोतवाली के सहयोग से गांव मंडावर स्थित महसर के घर छापेमारी की। इसके बाद टीम थाना कांधला क्षेत्र के गांव हाजीपुरा में भी एक अन्य आरा. पी की तलाश में गई। हालांकि, दोनों स्थानों पर आरोपी पहले ही फरार हो चुके थे, जिसके कारण पुलिस को कोई सफलता नहीं मिली। इस छापेमारी अभियान के बाद दिल्ली क्राइम ब्रांच की टीम ने गिरफ्तार आरोपी साबिर का मेडिकल जांच के लिए कैराना सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कराया और उसके बाद उसे लेकर दिल्ली के लिए रवाना हो गई। बताया जा रहा है कि दिल्ली क्राइम ब्रांच थाने में एनडीपीएस एक्ट के तहत अवैध स्मैक की बरामदगी और तस्करी के मामले में मुकदमा दर्ज है। इस मामले में पूछताछ के दौरान साबिर ने अपने दो अन्य साथियों के नाम उजागर किए। जिनमें मंडावर निवासी ''महसर'' और कांधला थाना क्षेत्र के गांव हाजीपुरा का एक अन्य व्यक्ति शामिल हैं। छापेमारी में दिल्ली क्राइम ब्रांच टीम के साथ ''हेड कांस्टेबल सोनू तोमर'' और ''हेड कांस्टेबल राजेश'' भी मौजूद थे। टीम ने पूरे अभियान में सावधानी और रणनीति के साथ कार्रवाई की, लेकिन आरोपी की गैरमौजूदगी के कारण उसे गिरफ्तार नहीं किया जा सका। पुलिस का कहना है कि टीम आगामी दिनों में भी संदिग्ध ठिकानों पर लगातार छापेमारी जारी रखेगी और सभी आरोपियों को पकड़ने के लिए प्रयासरत रहेगी। दिल्ली क्राइम ब्रांच इस मामले में किसी भी स्तर पर पीछे नहीं हटेगी और तस्करों के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करेगी। इस अभियान से यह संदेश दिया गया है कि अवैध मादक पदार्थों की तस्करी पर पुलिस की पैनी निगाह है और आरोपी कहीं भी सुरक्षित नहीं हैं। जनता से अपील की गई है कि इस प्रकार की गतिविधियों की जानकारी पुलिस को तुरंत दें।

# राजपूत उत्थान सभा के पदाधिकारी किए हाउस अरेस्ट

## यूजीसी कानून के विरोध में जाना था जंतर-मंतर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** देश में प्रस्तावित यूजीसी कानून को लेकर विरोध तेज होता जा रहा है। इसी क्रम में 8 मार्च को दिल्ली के जंतर-मंतर मैदान में एक विशाल जनसभा आयोजित की जानी थी, जिसमें विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल होकर यूजीसी कानून का विरोध दर्ज कराने वाले थे। लेकिन दिल्ली कूच से पहले ही स्थानीय पुलिस प्रशासन ने कई पदाधिकारियों को उनके घरों में ही हाउस अरेस्ट कर दिया।

जानकारी के अनुसार थानाभवन नगर की राजपूत कॉलोनी में पुलिस ने राजपूत उत्थान सभा के प्रदेश अध्यक्ष अनिवेश पुंडीर, जिला उपाध्यक्ष अन्नू राणा तथा महासचिव कुलदीप राणा को उनके आवास पर ही रोक दिया। पुलिस टीम सुबह से ही उनके घरों के बाहर तैनात रही और उन्हें दिल्ली



जाने की अनुमति नहीं दी गई। प्रशासन की इस कार्रवाई के चलते वे निर्धारित कार्यक्रम में शामिल नहीं हो सके। इसके अलावा किसान मजदूर संगठन से जुड़े पदाधिकारियों पर भी प्रशासन ने नजर रखी। संगठन के शामली जिला अध्यक्ष लाखन सिंह पुंडीर को भी उनके गांव चंदेनामाल स्थित निवास पर पुलिस द्वारा हाउस अरेस्ट किया गया, ताकि वे भी दिल्ली में आयोजित जनसभा में भाग लेने के लिए बाहर न जा सकें। पुलिस प्रशासन का कहना है कि कानून-व्यवस्था बनाए रखने और किसी भी संभावित अव्यवस्था को रो. कने के लिए यह कदम उठाया गया है। वहीं राजपूत उत्थान सभा के प्रदेश अध्यक्ष अनिवेश पुंडीर ने इस कार्रवाई पर नाराजगी जताते हुए कहा कि संगठन का उद्देश्य केवल यूजीसी के कथित काले कानून के खिला फ शांतिपूर्ण तरीके से आवाज उठाना है। उनका कहना है कि यह कानून छात्रों के अधिकारों और शिक्षा व्यवस्था पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकता है, इसलिए इसके विरोध में लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन करना जरूरी है। उन्होंने कहा कि संगठन के कार्यकर्ता आगे भी छात्रों और युवाओं के हितों की रक्षा के लिए अपनी आवाज बुलंद करते रहेंगे।

# विवाहिता का रॉड मार कर तोड़ा हाथ, भर्ती

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** कैराना क्षेत्र के मोहल्ला दरबारखुर्द रेतेवाला निवासी एक विवाहिता के साथ ससुराल पक्ष द्वारा जान से मारने की नियत से कमरे में बंद कर मारपीट की गई। मारपीट में विवाहिता के एक हाथ की हडडी पूरी तरह से टूट गई। गंभीर रूप से घायल विवाहिता को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसके एक हाथ का ऑपरेशन हुआ।

क्षेत्र के गांव इस्सोपुर टील थाना कांधला निवासी रिजवान पुत्र सलीम ने एसपी को शिकायती पत्र देकर बताया कि उसकी बहन गुलफसा का विवाह मई 2023 में कैराना के मोहल्ला दरबारखुर्द रेतेवाला निवासी जमशेद पुत्र समशेर के साथ हुआ था।



आरोप है कि शादी के कुछ समय बाद से ही पति जमशेद, सास बलकीसा, ससुर समशेर और देवर सादाब व सावेज उसकी बहन के साथ मारपीट और प्रताड़ना करने लगे। गत 28 फरवरी की रात करीब 10:30 बजे आरोपियों ने गुलफसा के साथ गाली-गलौज करते हुए लोहे की रॉड से मारपीट की, जिससे उसके हाथ-पैर और गर्दन में गंभीर चोटें आईं। आरोप है कि देवरों ने उसे पकड़कर बदनीयती का भी प्रयास किया। सूचना मिलने पर भाई रिजवान मौके पर पहुंचा तो उसके साथ भी मारपीट की गई। इसके बाद डायल 112 पर सूचना दी गई, जिस पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल महिला को जिला अस्पताल शामली में भर्ती कराया गया। पीडित ने बताया कि बहन गुलफसा के एक हाथ की हडडी टूटी हुई है, जिसका जिला अस्पताल में ऑपरेशन कराया गया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज करते हुए आरोपी ससुरालियों की तलाश शुरू कर दी है। विवाहिता ने न्याय की गुहार लगाई है।

# सफाई कर्मचारियों ने पीएम को भेजा पत्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** राष्ट्रीय वाल्मीकि समाज प्रतिनिधि मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष अरविंद झंझोट ने देशभर के सफाई कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर प्रधानमंत्री को पत्र भेजा है। पत्र में उन्होंने सफाई कर्मचारियों की स्थिति में सुधार के लिए कई महत्वपूर्ण मांगें उठाते हुए सरकार से शीघ्र कार्रवाई करने की अपील की है।

अरविंद झंझोट ने पत्र में कहा कि देश के विभिन्न राज्यों और नगर निकायों में लंबे समय से सफाई कर्मचारियों की नई भर्ती नहीं की गई है। इसके कारण कई स्थानों पर कर्मचारियों की संख्या बेहद कम हो गई है और मौजूदा कर्मचारियों पर कार्य का अत्यधिक बोझ पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि कई नगर निकायों में सफाई कार्य संविदा और आउटसोर्स कर्मचारियों के माध्यम से कराया जा रहा है, जिन्हें बहुत कम वेतन पर काम करना पड़ता है। उन्होंने मांग की कि संविदा पर कार्यरत सफाई कर्मचारियों को छठे और सातवें वेतन आयोग का लाभ दिया जाए। इसके साथ ही जो कर्मचारी कई वर्षों से संविदा या अस्थायी रूप से कार्य कर रहे हैं, उन्हें नियमित किया जाए ताकि उन्हें स्थायी रोजगार और सामाजिक सुरक्षा मिल सके। उन्होंने यह भी कहा कि आउटसोर्स कर्मचारियों के लिए घोषित 20 हजार रुपये मासिक वेतन का भुगतान सुनिश्चित किया जाए। पत्र में ग्रामीण क्षेत्रों की स्थिति का भी उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि कई गांवों में सफाई कर्मचारियों की पर्याप्त व्यवस्था नहीं है, जिससे स्वच्छता व्यवस्था प्रभावित होती है। इसलिए प्रत्येक गांव में जरूरत के अनुसार सफाई कर्मचारियों की भर्ती कराई जानी चाहिए। इसके अलावा उन्होंने वाल्मीकि समाज के बेरोजगार युवाओं को रोजगार और स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने की मांग भी की।

उन्होंने कहा कि युवाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए उन्हें आसान शर्तों पर ऋण सुविधा प्रदान की जानी चाहिए। इस अवसर पर नंदू प्रसाद वाल्मीकि, मुकेश वाल्मीकि, विशाल कुमार, अरुण झंझोट, डॉ. सुरेश चंद और सिलेक चंद सहित अन्य लोग भी उपस्थित रहे।

## पूर्व सभासद पर जानलेवा हमले में तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** कस्बे के मोहल्ला अफगानान में नमाज पढ़ने जा रहे पूर्व सभासद पर घात लगाकर चाकू और तलवार से जानलेवा हमला कर दिया था।हमले में सभासद गंभीर रूप से घायल हो गया। पीड़ित सभासद की तहरीर पर पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मोहल्ला अफगानान निवासी पूर्व सभासद सुकेब खां पुत्र नजीबुर्रहमान ने कोतवाली में दी तहरीर में बताया कि मोहल्ले का ही मुकीम पुत्र घसीटा उससे पुरानी रंजिश रखता है। आरोप है कि शनिवार की शाम करीब पांच बजे वह नमाज पढ़ने के लिए घर से निकल रहा था। तभी पहले से घात लगाए बैठे मुकीम, उसका पुत्र सोनू उर्फ शाहनवाज और एक अज्ञात व्यक्ति ने उस पर चाकू और तलवार से हमला कर दिया था। पीड़ित सभासद का आरोप है कि आरोपियों ने जान से मारने की नीयत से कई वार किए, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसके शोर मचाने पर मोहल्ले के नफीस व अफजाल सहित अन्य लोग मौके पर पहुंच गए और बीच-बचाव कर उसकी जान बचाई। आरोप है कि जाते समय आरोपी उसे जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। घटना के बाद घायल सभासद ने कोतवाली पहुंचकर आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि आरो. पियों की तलाश की जा रही है और जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# पालतू कुत्ते के हमले में बालिका घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** नगर के मोहल्ला खेल में परचून की दुकान से सामान लेने जा रही एक 10 वर्षीय बालिका पर पड़ोसी के पालतू कुत्ते ने हमला कर दिया, जिससे वह घायल हो गई। बालिका के पिता ने घायल का प्राथमिक उपचार कराने के बाद आरा. पी पड़ोसी के विरुद्ध थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।रविवार को मोहल्ला खेल निवासी जक्की ने बताया कि उनकी 10 वर्षीय पुत्री आफिया घर से पास की परचून की दुकान पर सामान लेने जा रही थी। आरोप है कि इसी दौरान पड़ोस में रहने वाले व्यक्ति ने अपना पालतू कुत्ता खुला छोड़ रखा था, जिसने अचानक बालिका पर हमला कर दिया। कुत्ते के हमले से घबराई बालि. का ने शोर मचाया, जिस पर आसपास के लोग डंडे लेकर मौके पर पहुंचे और कुत्ते के चंगुल से बालिका को छुड़ाया। पीड़ित के अनुसार, इससे



पहले भी आरोपी के पालतू कुत्ते द्वारा कई लोगों पर हमला कर उन्हें घायल किया जा चुका है। घटना के बाद परिजन घायल बालिका को उपचार के लिए नगर के सरकारी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उसे एंटी-रेबीज के इंजेक्शन लगाए।पीड़ित पिता ने थाने पहुंचकर आरोपी पड़ोसी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने पीड़ित व्यक्ति को जांच करने के बाद का आश्वासन दिया है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है और जांच के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# ओवरलोड गन्ना ट्रकों से बना जान का खतरा

## अतिक्रमण और संकरी सड़क के कारण रोज बन रही जाम की स्थिति, प्रशासन से कार्रवाई की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** नगर के गंगेरू मार्ग से गुजरने वाले गन्ने से भरे ओवरलोड ट्रक हादसों को न्योता देते हुए बेखौफ होकर सड़क से गुजर रहे हैं। मार्ग के संकरा होने और दोनों ओर अतिक्रमण होने के कारण आए दिन जाम की स्थिति बनी रहती है, जिससे राहगीरों और लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।रविवार को क्षेत्र के कई लोगों ने जिला प्रशासन से शिकायत करते हुए गंगेरू मार्ग से गुजरने वाले ओवरलोड गन्ना ट्रकों पर रोक लगाने और सड़क किनारे किए गए अतिक्रमण को हटाने की मांग की है। लोगों का कहना है कि थाना क्षेत्र के गांव गंगेरू की ओर से प्रतिदिन बड़ी संख्या में गन्ने से भरे ट्रक नगर से होकर गुजरते हैं, जो किसी बड़े हादसे का कारण बन सकते हैं।

आरोप है कि ट्रक मालिक अपने



वाहनों में क्षमता से अधिक गन्ना भरकर लाते हैं। कई बार यह ओवरलोड ट्रक ऊपर से गुजर रही विद्युत लाइनों से भी टकराते हुए निकलते हैं, जिससे दुर्घटना का खतरा बना रहता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पूर्व में भी इन ओवरलोड ट्रकों के कारण कई हादसे हो चुके हैं, जिनमें कई लोगों की मौत हो चुकी है और दर्जनों लोग घायल हो चुके हैं। इसके बावजूद भी संबंधित विभाग द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है।वहीं गंगेरू मार्ग पर कई लोगों ने कबाड़ की दुकानें कर रखी हैं, जबकि कई दुकानदारों ने अपनी दुक. ानों के बाहर सामान, फ्लेक्स बोर्ड और प्रचार बैनर रखकर अतिक्रमण कर रखा है। इससे सड़क और अधिक संकरी हो जाती है और वाहनों के निकलने में दिक्कत होती है, जिसके कारण अक्सर जाम की स्थिति बन जाती है।इस दौरान कलीम, रितेश, दीपक, अफजाल, इंतजार, नदीम, आशीष, अशोक सहित कई अन्य लोगों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि गंगेरू मार्ग से गुजरने वाले ओवरलोड गन्ना ट्रकों पर रोक लगाई जाए और सड़क किनारे किए गए अतिक्रमण को हटाकर यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाया जाए, ताकि भविष्य में होने वाले संभावित हादसों को रोका जा सके।

## दो वारंटी किए गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** न्यायालय से जारी गैर जमानती वारंट के मामलों में कार्रवाई करते हुए कैराना पुलिस ने दो वारंटियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस दोनों आरोपियों के खिलाफ आगे की वैधानिक कार्रवाई कर रही है। पुलिस अधीक्षक एन.पी. सिंह के निर्देश पर जिले में गैर जमानती वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में थाना कैराना पुलिस ने न्यायालय से जारी वारंट के आधार पर कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरो. पियों में हंसराज पुत्र श्रीराम निवासी गांव भूरा थाना कैराना और तैय्यब पुत्र जौला निवासी गांव जंधेड़ी थाना कैराना, हाल निवासी बीबीपुर हटिया थाना कैराना शामिल हैं। पुलिस के अनुसार दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर थाना कैराना में आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# माता रानी की पूजा के लिए बड़ी माता मंदिर में उमड़े श्रद्धालु

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** रविवार को शहर के मोहल्ला पंसारियान स्थित बड़ी श्रीमाता मंदिर में माता रानी की पूजा-अर्चना के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह से ही मंदिर परिसर में महिलाओं, पुरुषों और बच्चों की लंबी कतारें लगी रहीं। श्रद्धालुओं ने श्रद्धा और आस्था के साथ माता रानी की पूजा-अर्चना कर हलवा-पूरी, चुनरी और श्रृंगार सामग्री का भोग लगाया तथा अपने परिवार की सुख-समृद्धि और बच्चों की लंबी आयु की कामना की।

मान्यता के अनुसार होली पर्व के बाद मौसम परिवर्तन के कारण विभिन्न प्रकार की बीमारियों के फैलने की आशंका रहती है। ऐसे में बड़ी माता मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना कर माता रानी से परिवार की रक्षा और रोगों से बचाव की प्रार्थना की जाती है। इसी परंपरा के तहत रविवार को बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुंचे और पूरे विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर मंदिर परिसर में छोटे मेले का भी आयोजन किया गया, जिसमें शहर और आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। मेले में बच्चों और महिलाओं के लिए विभिन्न प्रकार की दुकानें और प्रसाद के स्टॉल लगाए गए थे, जिससे मंदिर परिसर में उत्सव जैसा माहौल बना रहा। श्रद्धालुओं ने प्रसाद चढ़ाने के बाद मंदिर में माथा टेककर माता रानी का आशीर्वाद प्राप्त किया। मंदिर कमेटी की ओर से श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विशेष व्यवस्थाएं की गई थीं। मंदिर परिसर में साफ-सफाई, प्रसाद वितरण और भीड़ प्रबंधन के लिए स्वयंसेवकों की डड्यूटी लगाई गई थी, जिससे



श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असु. विधा न हो। मंदिर के प्रधान नीरज संगल ने बताया कि बड़ी माता मंदिर की विशेष मान्यता है। उनका कहना है कि जो भी श्रद्धालु सच्चे मन से यहां माता रानी की पूजा-अर्चना करता है, उसके कष्टों का निवारण होता है और उसकी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। उन्होंने बताया कि रविवार को बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने मंदिर



पहुंचकर माता रानी का आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने यह भी बताया कि सोमवार को भी मंदिर में माता रानी की विशेष पूजा-अर्चना की जाएगी, जिसमें श्रद्धालु बड़ी संख्या में शामिल होंगे। इस अवसर पर नीरज संगल, देवानंद गौड़, संजीव पंवार, संजय कौशिक, राजू त्यागी, मुकेश गोयल, पंडित संजीव शास्त्री सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे। मंदिर परिसर में दिनभर भक्ति और श्रद्धा का माहौल बना रहा।

## सूचना

मैंने अपना नाम हफीजुदीन (HAFIUZUDDIN) से बदलकर हफिजुदीन (HAFIJUDEEN) रख लिया है। भविष्य में मुझे हफिजुदीन के नाम से जाना जाए।

**हफिजुदीन पुत्र नाजिर अली गांव गंगेरू जिला शामली।**

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर भव्य कार्यक्रम आयोजित

## महिलाओं को प्रमाण पत्र देकर किया सम्मानित, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के लाभार्थियों को बांटे गए लैपटॉप

शाह टाइम्स संवाददाता

**शामली।** शासन के निर्देशानुसार अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आज तहसील शामली के सभागार में कार्यक्रम का भव्य आयोजन हुआ। कार्यक्रम में सर्वप्रथम प्रदेश स्तर पर माद्द मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश योगी आदित्यनाथ के भव्य कार्यक्रम से दिये गए प्रेरणादाई संबोधन का सजीव प्रसारण एमएलसी वीरेन्द्र सिंह, एमएलसी मोहित बेनीवाल, शामली विधायक प्रसन्न चौधरी, थानाभवन विधायक अशरफ़ अली, जिलाधिक.ारी अरविन्द कुमार चौहान, पुलिस अधीक्षक नरेन्द्र प्रताप सिंह, डिप्टी कलेक्टर हामिद हुसैन अन्य विभागीय अधिकारियों कर्मचारियों एवं उपस्थित सभी के द्वारा देखा और सुना गया। जनपद स्तर पर आयोजित कार्यक्रम की प्रस्तावना डिप्टी कलेक्टर, शामली हामिद हुसैन द्वारा बताई गयी, उन्होनें बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना और प्रोत्साहित करना है। आयोजित कार्यक्रम के अवसर पर माद्द जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों द्वारा मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना की दो लाभार्थियों अंशिका व रक्षिका




परमेन्द्र को प्रमाण पत्र व उपहार देकर सम्मानित किया गया। इन दोनों बालि.काओं ने योजना से लाभ प्राप्त करते हुए शैक्षणिक सत्र 2024-25 में दसवीं कक्षा में क्रमशः 75 प्रतिशत व 80 प्रतिशत अंक प्राप्त किये।वन स्टॉप सेंटर के माध्यम से महिलाओं को लाभान्वित करने के उत्कृष्ट कार्य करने के लिए वन स्टॉप सेंटर प्रभारी गजाला त्यागी व चाइल्ड हेल्पलाईन की परियोजना समन्वयक अजरा खान को प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। पुलिस विभाग से कैराना स्थित मिशन शक्ति केन्द्र प्रभारी इंस्पेक्टर पिंकी गोस्वामी, महिला थाना कैराना स्थित परामर्श केन्द्र प्रभारी सब इंस्पेक्टर श्रीमती ललिता, थाना झिंझाना से आरक्षी पूजा रानी को महिलाओं के लिए उनके उत्कृष्ट कार्य के लिये प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। बाल विकास एंव पुष्टाहार विभाग से उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया, जिसमें ब्लॉक कैराना ग्राम बुच्चाखेड़ी की आंगनवाडी कार्यकत्री श्रीमति रानी, ब्लॉक कांधला के ग्राम रामपुर खेड़ी से मीना, ब्लॉक थानाभवन के ग्राम बाबरी से ऊमन सैनी, ब्लॉक ऊन के ग्राम चौसाना एवं ब्लॉक शामली के ग्राम बुटराडा की



आंगनवाडी कार्यकत्री श्रीमती अमरेश को भी उनके द्वारा बच्चों के लिये किये जा रहे उत्कृष्ट कार्य के लिये सम्मानित किया गया। इनके साथ ही दो नवनियुक्त मुख्य सेविकाओं ब्लॉक थानाभवन से ऋचा शर्मा एवं ब्लॉक ऊन से राखी को भी प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। उत्तर प्रदेश शासन द्वारा चलाई जा रही उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के अंतर्गत 06 बालिकाओं को लैपटॉप वितरित किये गये, इन बालिकाओं में प्रतिभा, सिमरन, रिया, धानी गर्ग, रेशमा, बुशरा है। 100 दिवसीय बाल विवाह मुक्त भारत अभियान का समापन कार्यक्रम भी आयोजित हुआ। यह अभियान जनपद में तीन चरणों में चलाया गया, पहले चरण में विद्यालयों, दूसरा चरण धर्म गुरूओं व धार्मिक स्थलों एवं तीसरे चरण में ग्राम/निकायों में बड़े स्तर पर जन जागरूकता कार्यक्रम संचालित किये गये। इस 100 दिवसीय विशेष अभियान के अंतर्गत जनपद में 1833 गतिविधियां संपादित हुई व 16359 व्यक्तियों को बाल विवाह मुक्त भारत की ऑनलाईन शपथ दिलाई गयी। इस अवसर पर ग्राम चढ़ाव जनपद शामली की होनहार बेटी काजल चौहान, जिन्होंने संघ लोक सेवा आयोग की सिविल सर्विसेज परीक्षा में 403 वीं रेंक हासिल की,भी उपस्थित रहीं जिसको पुष्प गुच्छ व शॉल भेंट कर जिलाधिकारी एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा सम्मानित किया गया तथा इनके उज्ज्वल भविष्य हेतु शुभकामनायें दी गयीं।आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एमएलसी मोहित बेनीवाल ने मिशन शक्ति के रूप में बैठी उपस्थित सभी महिलाओं को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनायें दी गयीं। उन्होने अपने संबोधन में बताया कि महिलाओं की सुरक्षा एंव स्वावलंबन सरकार की प्राथमिकता में सम्मिलित है।

सरकार महिलाओं के लिए लाभकारी योजनायें चला रही है जिसका लाभ पाकर महिलायें अपने अधिकारों के प्रति भी जागरूक हो रही हैं। आयोजित कार्यक्रम के अवसर पर जिलाधिकारी अरविन्द कुमार चौहान, पुलिस अधीक्षक नरेन्द्र प्रताप सिंह, डिप्टी कलेक्टर हामिद हुसैन, जिला प्रोबेशन अधिकारी मौहम्मद मुशफेकीन, जिला कार्यक्रम अधिकारी यामिनी रंजन व अन्य विभागीय कर्मचारी सहित मिशन शक्ति के रूप में महिलाएं मौजूद रहीं।

## प्राथमिक चिकित्सालय में मनाया महिला दिवस

**जलालाबाद।** कस्बे के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। शासन आदेश पर रविवार में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर स्वास्थ्य केंद्र पर स्वास्थ्य शिविर लगाकर डाक्टर नीलम ने महिलाओं की जांच कर दवाई वितरित की गई। शिविर में पहुंची महिलाओं को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के विषय में बताते हुए उन्हें जागरूक करते हुए। डॉक्टर शाहनवाज ने बताया कि पूरी दुनिया में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस हर साल 8 मार्च को मनाया जाता है। यह दिन महिलाओं की उपलब्धियों और उनके जज्बे को समर्पित होता है। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस महिलाओं के अधिकारों, समानता, सम्मान और उनके सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक तथा राजनीतिक योगदान को सम्मान देने के लिए मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि आज के क्लिनिकल प्रैक्टिस में हम देख रहे हैं कि विभिन्न आयु वर्गों में महिलाओं की स्वास्थ्य समस्याओं का स्वरूप बदल रहा है। किशोरियों में अनियमित दर्दनाक मासिक धर्म और एनीमिया जैसी समस्याएं आम हैं, जो अक्सर मासिक धर्म से जुड़ी जागरूकता की कमी के कारण बढ़ जाती हैं। अक्सर महिलाएं अपने परिवार की देखभाल में इतनी व्यस्त हो जाती हैं कि अपने स्वास्थ्य को नजरअंदाज कर देती हैं। स्वस्थ जीवन के लिए नियमित जांच और समय पर चिकित्सा परामर्श बेहद आवश्यक है। इस अवसर पर डॉ नीलम, स्टाफ नर्स जॉनी, ए एन एम रविता, लैब टेक्नीशियन अमित कन्नौजिया, फार्मेसिस्ट धीरज आदि स्टाफ उपस्थित रहा।

## सीएचसी में हुआ महिलाओं का सम्मान

शाह टाइम्स संवाददाता

**शामली।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर रविवार को शामली सीएचसी में महिला सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ चिकित्सा अधीक्षक डा. दीपक कुमार चौधरी ने किया और उन्होंने महिलाओं की उपलब्धियों और समाज में उनकी भूमिका पर प्रकाश डाला। डा. चौधरी ने कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम कर रही हैं। चाहे वह राजनीतिक, सामाजिक, आर्थिक, धार्मिक या सांस्कृतिक क्षेत्र हो, महिलाएं अपनी मेहनत और लगन से सफलता के नए आयाम स्थापित कर रही हैं। उन्होंने महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने और जिस क्षेत्र में भी कार्य कर रही हैं, उसे ईमानदारी और समर्पण के साथ निभाने की सलाह दी। इस अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिला स्टाफ ''रश्मि, मोनिका और पद्मा शर्मा'' को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। उनके योगदान को सराहा गया और उन्हें भविष्य में इसी तरह समर्पित होकर कार्य करने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में डॉ. उपकार मलिक, डॉ. विजेन्द्र कुमार, शीबा, अंकुर, डॉ. रितिक, चीफ फार्मासिस्ट प्रदीप रावत और हनीफ अहमद सहित अन्य वरिष्ठ स्टाफ मौजूद रहे। समारोह के दौरान सभी ने मिलकर महिलाओं के सम्मान और उनकी उपलब्धियों को सराहते हुए उन्हें प्रोत्साहित किया। इस तरह का आयोजन महिलाओं के योगदान को पहचानने और उन्हें प्रेरित करने का एक महत्वपूर्ण अवसर साबित हुआ।

## महिला एकता केंद्र ने विचार गोष्ठी की आयोजित

शाह टाइम्स संवाददाता

**शामली।** रविवार को क्षेत्र के गांव खेडीकरमू स्थित शहीद भगत सिंह पुस्तकालय में महिला एकता केंद्र द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत महिलाओं द्वारा प्रस्तुत गीत से की गई, जिससे वातावरण में उत्साह और ऊर्जा का संचार हुआ।

गोष्ठी में अन्न, रिया, सानिया और अल्का ने महिलाओं को जागरूक किया और उन्हें समाज में अपने अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति सचेत रहने के लिए प्रेरित किया। रिया ने मुक्ति के स्वर पत्रिका पढ़ने के बाद महिलाओं में आए सकारात्मक बदलाव और उसके प्रभावों के बारे में अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम में वर्तमान सामाजिक और आर्थिक स्थिति पर चर्चा की गई और विशेष रूप से श्रम कानून में किए गए महिला विरोधी बदलाव पर चिंता व्यक्त की गई। महिलाओं ने अपने अनुभव और सुझाव साझा किए और समाज में महिला सशक्तिकरण के महत्व पर जोर दिया। गोष्ठी का संचालन सोनिया ने किया। इस अवसर पर मोनिका, रितिका, दीपा, नीति, नयनसी और वंशिका सहित कई अन्य महिलाएं उपस्थित रही। सभी ने महिलाओं के अधिकारों और उनके योगदान को मान्यता देने के साथ-साथ समाज में समान अवसर और न्याय सुनिश्चित करने पर जोर दिया। इस तरह की विचार गोष्ठियां महिलाओं में जागरूकता बढ़ाने और उन्हें अपने अधिकारों के प्रति संवेदनशील बनाने का महत्वपूर्ण माध्यम बन रही हैं।

## ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकराकर दंपति घायल

शाह टाइम्स संवाददाता

**शामली।** शहर के कुडाना रोड पर सड़क किनारे खड़ी ट्रैक्टर-ट्रॉली से बाइक टकरा जाने से दंपत्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद दोनों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां पति की हालत नाजुक देखते हुए चिकित्सकों ने उसे हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया।

जानकारी के अनुसार शहर कोतवाली क्षेत्र के गांव बलवा गुजरान निवासी 32 वर्षीय कुरबान अपनी पत्नी अंजुम के साथ शनिवार देर रात बाइक से गांव कुडाना जा रहा था। बताया जा रहा है कि कुरबान अपनी बहन के घर ईदी देने के लिए जा रहा था। रात के समय दोनों पति-पत्नी बाइक पर सवार होकर कुडाना रोड से गुजर रहे थे। इसी दौरान जब वे कुडाना रोड पर पहुंचे तो सड़क किनारे खड़ी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली से उनकी बाइक का संतुलन बिगड़ गया और तेज टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों पति-पत्नी सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर आसपास के लोगों की भीड़ जमा हो गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलने पर शहर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और घायल दंपत्ति को एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने दोनों का प्राथमिक उपचार शुरू किया। जांच के दौरान कुरबान की हालत ज्यादा गंभीर पाई गई। चिकित्सकों के अनुसार कुरबान को सिर और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आई हैं, जिसके चलते उसकी हालत नाजुक बनी हुई थी। स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने उसे बेहतर उपचार के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया। वहीं उसकी पत्नी अंजुम का उपचार जिला अस्पताल में जारी है। पुलिस ने बताया कि मामले की जानकारी ली जा रही है और हादसे के कारणों की जांच की जा रही है। वहीं घटना के बाद परिजनों में चिंता का माहौल बना हुआ है।

# जलालाबाद में रथ यात्रा महोत्सव का हुआ आयोजन

शाह टाइम्स संवाददाता

**जलालाबाद।** जनपद शामली के जलालाबाद स्थित प्रसिद्ध जैन तीर्थ श्री 1008 पार्श्वनाथ दिगंबर जैन अतिशय क्षेत्र में रविवार को वार्षिक रथयात्रा महोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर देश के विभिन्न क्षेत्रों से हजारों जैन श्रद्धालुओ ने पहुंचकर भगवान पार्श्वनाथ के दर्शन किए। कार्यक्रम जैन मुनि श्री 108 नयन सागर महाराज के सानिध्य में संपन्न हुआ। पं.राजकुमार जैन सहारनपुर द्वारा भगवान का अभिषेक व शांतिधारा कराई गई। अपने प्रवचन में आचार्य श्री 108 नयन सागर जी ने अहिंसा को सबसे बड़ा धर्म बताया। उन्होंने सभी जीवों के प्रति दया, करुणा व संयम का भाव रखने पर जोर दिया। आचार्य ने कहा कि सुख-दुख मानव जीवन का हिस्सा हैं, इसलिए मनुष्य को प्रभु भक्ति और सद्कर्म के मार्ग पर चलकर जीवन




को सार्थक बनाना चाहिए। इसके पश्चात भगवान पार्श्वनाथ की प्रतिमा को सुसज्जित रथ में बैंड-बाजों व धार्मिक जयघोष के साथ नगर परिक्रमा कराई गई। इस रथयात्रा में देश के कोने-कोने से आए हजारों जैन श्रद्धालुओं ने भाग लिया। उत्तर प्रदेश महिला आयोग की सदस्य संगीता जैन ने भी भगवान के दर्शन कर धर्म लाभ उठाया।कार्यक्रम को सफल बनाने में मंदिर प्रबंध समिति के सुशील जैन सहित समाज के लोगों का सहयोग रहा।

इनमें सुरेंद्र कुमार निर्दोष जैन, अजीत जैन (मुंबई), सचिन जैन, संदीप जैन, मोनिका जैन, निर्दोष कुमार जैन, सुरेश चंद्र जैन राउरकेला, अजीत कुमार जैन, पूनम कुमार जैन, त्रिशला जैन, विनय जैन, मोहित जैन पानीपत, आलोक जैन, आशीष जैन शामली, मयंक जैन (पूर्व न्यायाधीश), विवेक जैन, समीर जैन (दिल्ली), राजीव जैन, आकाश जैन, राहुल जैन, सुधीर कुमार, अंशुल जैन, प्रवीण जैन, अर्पित जैन, प्रदीप जैन एडवोकेट, अंकित जैन, जे.के. जैन, तरुण कुमार जैन, सतेन्द्र कुमार जैन, राकेश जैन एडवोकेट, मुकेश जैन, प्रदीप जैन, सुभाष चंद्र जैन, नरेन्द्र जैन, सतेन्द्र जैन (शामली), उमेश कुमार जैन, भूपेन्द्र जैन, पं. सनत जैन, ऋषभ जैन, सतीश जैन, अर्पण जैन, सचिन जैन, राहुल जैन आदि शामिल थे।

# बाजार में चालान से व्यापार प्रभावित

## व्यापारियों में पुलिस प्रशासन के प्रति बढ़ रहा आक्रोश

शाह टाइम्स संवाददाता

**शामली।** जनपद के विभिन्न कस्बों में दुपहिया वाहनों के चालान को लेकर व्यापारियों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम दास गर्ग ने प्रेस नोट जारी कर कहा कि दुकानदारों के ग्राहकों को टारगेट कर किए जा रहे चालानों के कारण बाजारों में व्यापार प्रभावित हो रहा है।

घनश्याम दास गर्ग ने बताया कि थानाभवन, शामली, कैराना और कांधला के कई व्यापारी उनसे संपर्क कर समस्या से अवगत करा चुके हैं। व्यापारियों का कहना है कि शाम के समय पुलिस बाजारों में आने वाले ग्राहकों के दुपहिया वाहनों के चालान कर रही है। इस कारण से ग्राहक चालान के डर से बाजार आने से बच रहे हैं, जिससे दुकानदारों का व्यापार प्रभावित हो रहा है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि अधिकांश ग्राहक शाम के समय ही बाजार में खरीदारी के लिए आते हैं, लेकिन चालान के डर से अब बाजारों में भीड़ काफी कम हो गई है। उन्होंने इस मामले में एएसपी सुमित शुक्ला को भी अवगत कराया और समाधान की मांग की। उन्होंने सुझाव दिया कि पुलिस एक ही स्थान पर खड़े होकर चालान करने की बजाय बाजारों में गश्त करती रहे, ताकि कानून व्यवस्था बनी रहे और व्यापार प्रभावित न हो। घनश्याम दास गर्ग ने कहा कि यदि समस्या का समाधान नहीं हुआ तो वे उच्च अधिकारियों से संपर्क कर व्यापारियों की समस्या का समाधान कराएंगे। उनका कहना है कि व्यापारियों के कारोबार से ही सरकार को कर प्राप्त होता है, इसलिए व्यापार को प्रभावित करने वाली व्यवस्थाओं पर भी ध्यान देना आवश्यक है। व्यापारी भी इस मामले को लेकर चिंता जता रहे हैं और चाहते हैं कि पुलिस चालान करने में संतुलन बनाए और व्यापार को प्रभावित न करे। उनका कहना है कि सही व्यवस्था और ग्राहक सुविधा के साथ बाजार में व्यापार को बढ़ावा देना चाहिए। इस प्रकार, दुपहिया वाहनों के चालान और बाजार में ग्राहक संख्या में गिरावट का मामला गंभीर बना हुआ है, जिसे जल्द सुलझाने की आवश्यकता है।

# सैयद मुनावरी बेगम बनीं अल्पसंख्यक आयोग सदस्य

शाह टाइम्स संवाददाता

**थानाभवन।** भारत सरकार ने सैयद मुनावरी बेगम को राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग का सदस्य नियुक्त किया है। उनकी नियुक्ति की खबर मिलते ही थानाभवन क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई और लोगों ने इसे क्षेत्र के लिए सम्मान की बात बताया।

सैयद मुनावरी बेगम मूल रूप से तमिलनाडु की निवासी हैं, लेकिन उनका थानाभवन से गहरा जुड़ाव रहा है। वे पहले भी कई महत्वपूर्ण पदों पर अपनी सेवाएं दे चुकी हैं। इससे पूर्व वे सेंट्रल वक्फ काउंसिल की सदस्य, नेशनल काउंसिल फॉर प्रमोशन ऑफ उर्दू लैंग्वेज की सदस्य तथा हज कमेटी ऑफ इंडिया की वाइस चेयरमैन जैसे अहम पदों पर कार्य कर चुकी हैं। थानाभवन के सामाजिक



संगठन मानवता वेलफेयर ट्रस्ट के चेयरमैन मुज़म्मिल थानवी के परिवार से भी उनका विशेष लगाव बताया जाता है, जिसके चलते स्थानीय लोगों में उनकी नियुक्ति को लेकर खासा उत्साह देखा जा रहा है।

अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय, भारत सरकार के संयुक्त सचिव श्यामा प्रसाद राय ने शुक्रवार को आदेश जारी करते हुए सैयद मुनावरी बेगम को राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के नामित सदस्य का दायित्व सौंपा है। आदेश में कहा गया है कि वे आयोग के सदस्य के रूप में अपनी जिम्मेदारी संभालेंगी। दीवान मार्किट स्थित राव सालिम के आवास पर खुशी जताते हुए डॉ मुजम्मिल थानवी, महराज अहमद, मो. अहसान, इमरान डॉक्टर, डॉक्टर मनव्वर हसन, नसीम राही जलालाबाद सहित स्थानीय लोगों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने उनकी नियुक्ति पर खुशी जाहिर करते हुए उम्मीद जताई कि उनके अनुभव और कार्यशैली से अल्पसंख्यक समाज को मजबूती मिलेगी और उनके मुद्दों को राष्ट्रीय स्तर पर प्रभावी ढंग से उठाया जाएगा।

## पुलिस के चेकिंग अभियान से मचा रहा हड़कम्प

शाह टाइम्स संवाददाता

**शामली।** कोतवाली व यातायात पुलिस द्वारा नगर के मुख्य मार्गो पर संयुक्त रूप से चेकिंग अभियान चलाया गया।चेकिंग अभियान मे सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक किया और कागजों में अनियमित्ता पाए जाने पर चालानी कार्रवाई की गई।

रविवार को नगर के एसटी तिराहा, विजय चौक, अजंता चौक,फव्वारा चौक, हनुमान टीला रोड़ सहित विभिन्न स्थानों पर पुलिस ने सड़क सुरक्षा अभियान को लेकर चेकिंग की गई। चेकिंग में कागजों में अनियमित्ता पाए जाने पर दर्जनों वाहनो के चालान काटे। पुलिस की कार्रवाई से वाहन चालक रास्ता बदलते हुए नजर आए।

# सर्विलांस सेल की कार्रवाई में 142 गुमशुदा मोबाइल बरामद

शाह टाइम्स संवाददाता

**शामली।** जनपद पुलिस की सर्विलांस सेल और थानों पर संचा.लित सीईआईआर पोर्टल की मदद से बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने विभिन्न कंपनियों के कुल 142 गुमशुदा मोबाइल फोन बरामद कर उनके असली मालिकों को वापस सौंप दिए। बरामद मोबाइल फोन की अनुमानित कीमत करीब 36 लाख रुपये बताई जा रही है। अपने खोए हुए मोबाइल वापस मिलने पर लोगों के चेहरों पर खुशी साफ दिखाई दी और उन्होंने पुलिस का आभार व्यक्त किया।

रविवार को शहर की पुलिस लाइन में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान पुलिस अधीक्षक एनपी सिंह ने इस संबंध में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जनपद में गुम होने वाले मोबाइल फोन की अधिक से अधिक बरामदगी




सुनिश्चित करने के लिए सर्विलांस सेल और सभी थानों के पुलिसकर्मियों को विशेष निर्देश दिए गए थे। इसी के तहत सर्विलांस सेल की टीम ने सीईआईआर द्धसेंट्रल इक्विपमेंट आइडेंटिटी रजिस्टर पोर्टल के माध्यम से गुम मोबाइलों की ट्रैकिंग शुरू की। एसपी ने बताया कि तकनीकी सहायता और लगातार प्रयासों के चलते सर्विलांस सेल ने विभिन्न कंपनियों के कुल 142 मोबा.इल फोन बरामद करने में सफलता हासिल की। इसके बाद इन मोबाइलों के वास्तविक मालिकों की पहचान कर उन्हें पुलिस लाइन में बुलाया गया और विधिवत प्रक्रिया पूरी करने के बाद मोबाइल फोन उन्हें सौंप दिए गए। मोबाइल वापस मिलने पर लोगों ने खुशी जताते हुए शामली पुलिस का धन्यवाद किया। कई लोगों ने बताया कि उन्हें उम्मीद नहीं थी कि उनका खोया हुआ मोबाइल वापस मिल पाएगा, लेकिन पुलिस की मेहनत के कारण उनका मोबाइल सुरक्षित मिल गया। एसपी एनपी सिंह ने इस मौके पर सर्विलांस सेल और सीईआईआर पोर्टल पर काम कर रही टीम की सराहना करते हुए कहा कि पुलिस लगातार आधुनिक तकनीक का उपयोग कर लोगों की समस्याओं का समाधान करने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी इसी तरह गुम या चोरी हुए मोबाइल फोन की बरामदगी के लिए अभियान जारी रहेगा। पुलिस अधीक्षक ने आम जनता से अपील करते हुए कहा कि यदि किसी का मोबाइल फोन गुम हो जाए तो वह तुरंत अपने नजदीकी थाने में इसकी सूचना दें। साथ ही मोबाइल की खरीद रसीद और पहचान पत्र के साथ सीईआईआर पोर्टल पर भी जानकारी दर्ज कराएं। इससे मोबाइल का दोबारा इस्तेमाल होने पर उसकी लोकेशन ट्रेस करने में पुलिस को सहायता मिलती है और उसे बरामद करने की संभावना बढ़ जाती है। मोबाइल फोन पाकर जनता भी खुश नजर आई।

## अफकार फाउंडेशन ने किया महिला दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम

शाह टाइम्स संवाददाता

**कांधला।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर अफ़कार इंडिया फाउंडेशन द्वारा महिलाओं को कानूनी रूप से जागरूक करने के लिए एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का संचालन संस्था की कार्यकर्ता यासमीन ने किया। कार्यक्रम में यासमीन ने महिला अधिकारों के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए बताया कि लगभग 100 वर्ष पहले 1908 में अमेरिका के न्यूयॉर्क शहर से महिलाओं ने अपने अधिकारों के लिए आंदोलन शुरू किया था, जिसमें काम के घंटे, उचित वेतन और साप्ताहिक अवकाश जैसी मांगें उठाई गई थीं। इसके बाद संस्था की जिया कटारिया ने महिलाओं को शिक्षा पर ध्यान देने और अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होकर बिना डर अपनी बात रखने की प्रेरणा दी। सामाजिक कार्यकर्ता हदीसा ने कहा कि महिलाओं को दूसरों पर निर्भर रहने के बजाय खुद सक्षम बनकर समाज की मदद करने के लिए आगे आना चाहिए।इस दौरान राहुल कुमार ने महिलाओं के समूह बनाकर सामाजिक भेदभाव से जुड़ी एक गतिविधि कराई और बताया कि महिलाएं संगठित होकर अपनी समस्याओं का समाधान कर सकती हैं। साथ ही उन्होंने सरकार द्वारा संचालित वन स्टॉप सेंटर की जानकारी दो बताया की महिलाओं से जुड़े विभिन्न मामलों में सहायता मिलती है।कार्यक्रम के अंत में संस्था के निदेशक अकरम अख्तर ने कहा कि महिलाओं को परिवार, शिक्षा, नौकरी और व्यवसाय जैसे कई क्षेत्रों में चुनौतियों का सामना करना पड़ता है, लेकिन जागरूकता और एकता से इन समस्याओं का समाधान किया जा सकता है। कार्यक्रम में बुढ़ाना कैराना सहित क्षेत्र की दर्जनों महिलाओं ने भाग लिया। इस अवसर पर बिलाल अहमद,आयशा मालिक, आबिद मजीदी, मोहम्मद रिजवान इसराना, सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# रामजीलाल का कश्यप समाज ने किया सामाजिक अभिनंदन

शाह टाइम्स संवाददाता

**शामली।** अखिल भारतीय महर्षि कश्यप चैरिटेबल ट्रस्ट के संयोजन में भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व द्वारा जनपद शामली के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष बनाए गए रामजीलाल कश्यप का भव्य सामा.जिक अभिनंदन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर कश्यप समाज के बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे और सभी ने मिलकर उन्हें फूल-मालाएं पहनाकर तथा बुके भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संजीव कश्यप क्लोनाइजर ने की, जबकि मंच संच.ालन मा. नीटू कुमार कश्यप ने किया। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने रामजीलाल कश्यप को नई जिम्मेदारी मिलने पर बधाई दी और आशा जताई कि उनके नेतृत्व में समाज तथा क्षेत्र के विकास को नई दिशा मिलेगी। वक्ताओं ने अपने संबोधन में समाज की एकता और आपसी भाईचारे पर विशेष बल देते हुए कहा कि संगठित समाज ही मजबूत समाज होता है। इस अवसर पर वक्ताओं ने समाज के लोगों से एकजुट होकर कार्य करने और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आ]वान किया। उन्होंने कहा कि समाज की प्रगति और युवाओं के उज्ज्वल भविष्य के लिए शिक्षा, संगठन और सहयोग बेहद आवश्यक हैं। कार्यक्रम के दौरान बेटी दिव्या कश्यप ने जिलाध्यक्ष रामजीलाल कश्यप को तिलक लगाकर उनका अभिनंदन किया, जिससे कार्यक्रम का माहौल भावनात्मक और गौरवपूर्ण बन गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से गठवाला खाप कश्यप समाज के अध्यक्ष बाबा मनोज कश्यप, डा. अनिल सिलावर, अशोक प्रधान उस्मानपुर, आजाद प्रधान बुच्चाखेड़ी, पवन सैहटा, जिला पंचायत सदस्य अनिल कश्यप, संजीव कश्यप, रणधीर कंडेला, रणपाल कुड़ाना, कंवरपाल कश्यप, रामकुमार कश्यप, सुनील प्रधान मुंडेट और श्याम कुच्छल सहित समाज के अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे। सभी ने रामजीलाल कश्यप को नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं।

## सऊदी अरब भेजने के नाम पर ठगी में चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

शाह टाइम्स संवाददाता

**जलालाबाद।** मोहल्ला खेरादियान निवासी सलमान पुत्र अमीर खान ने थाना थानाभवन में दर्ज कराई रिपोर्ट में आरोप लगाया है कि कय्यूम अली पुत्र ग़यासुद्दीन निवासी पिपरा बाजार, जनपद कुशीनगर, तथा उसके साथियों इरशाद, दिलशाद और कामरान ने उसे सऊदी अरब भेजने और वहां गाड़ी चलाने की नौकरी दिलाने का झांसा दिया था। आरोपियों ने बताया था कि वहां उसे लगभग 48 हजार रुपये प्रतिमाह वेतन मिलेगा। पीड़ित के अनुसार आरो.पियों ने वीजा दिलाने के नाम पर उसका पासपोर्ट भी अपने पास जमा करा लिया है। इसके अलावा आरोपियों ने उससे अलग-अलग समय पर पैसे भी लिए। पीड़ित सलमान ने बताया कि कुल 75 हजार रुपये ऑनलाइन खाते में ट्रांसफर कराए गये है करीब तीन माह से अधिक समय बीत जाने के बाद भी न तो वीजा मिला और न ही विदेश भेजने की कोई प्रक्रिया पूरी हुई। अब आरोपी फोन भी नहीं उठा रहे हैं। पीड़ित ने मामले से संबंधित सभी साक्ष्य पुलिस को सौंप दिए।

सूचना

शामली जनपद में समाचार व विज्ञापन के लिए संपर्क करें

सुनील वर्मा

( जिला प्रभारी/ब्यूरो चीफ )

मो. 8630354443

कार्यालय पता:- ऊपरी मंजिल ओम प्लाजा मार्केट, इलाहाबाद बैंक, धीमानपुरा, शामली

# सभासदों ने पालिकाध्यक्ष को दिया ज्ञापन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** इस वर्ष मेला पंडाल में सांस्कृतिक कार्यक्रम नहीं कराए जाने की चर्चाओं के बीच कई सभासदों ने पालिकाध्यक्ष को ज्ञापन दिया। इसमें उन्होंने पालिका प्रशासन से पूर्व की भांति मेला पंडाल में सांस्कृतिक कार्यक्रम कराए जाने की मांग की।

पालिकाध्यक्ष विपिन गर्ग को दिए ज्ञापन में सभासदों ने कहा है कि श्री त्रिपुर मां बाला सुंदरी देवी प्रांगण में नगरपालिका के तत्वावधान में पुराने समय से मेला लगता आ रहा है। इस कार्यक्रम की भव्यता को बढ़ाने के लिए मेला पंडाल में कई सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होते है। इनमें कवि सम्मेलन, मुशायरा, कव्वाली और बेबी शो आदि कार्यक्रम शामिल है। सभासद सैयद हारिस के मुताबिक इस बार मेले में होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों को नहीं कराए जाने की बात सामने आ रही है। कहा कि यह कार्यक्रम मेले



की सफलता की गारंटी होते है, ऐसे में यदि यह कार्यक्रम नहीं होते है तो मेले की भव्यता समाप्त हो सकती है। सभासदों ने पालिका प्रशासन और मेला कमेटी से मांग रखी कि पूर्व की भांति इस वर्ष भी मेले में परंपरागत रूप से सांस्कृतिक कार्यक्रम होने चाहिए। वहीं, मुहल्ला टाकन निवासी सुहेल आतिर ने चेयरमैन को पत्र

**ज्ञापन में कहा कि इस बार मेले में होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों को नहीं कराए जाने की बात सामने आ रही है। कहा कि कार्यक्रम मेले की सफलता की गारंटी होते है, ऐसे में यदि यह कार्यक्रम नहीं होते है तो मेले की भव्यता समाप्त हो सकती है।**

देकर मेले में होने वाले आल इंडिया मुशायरा संयोजक बनाए जाने की मांग की है। ज्ञापन देने वालों में सभासद सैयद हारिस, नदीम मुर्सलीन, अफशा लियाकत, वाहिदा खानम, इकबाल अंसारी, हाजी शहजाद आदि शामिल थे। चेयरमैन विपिन गर्ग का कहना है कि सांस्कृतिक कार्यक्रम कराने या नहीं कराने को लेकर अभी कोई निर्णय नहीं लिया गया है। मेला कमेटी के निर्णय से जल्द अवगत कराया जाएगा।

# नवनियुक्त जिला अध्यक्ष का भाजपाइयों ने फूल मालाएं पहनाकर किया स्वागत



शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष अजीत राणा का देवबंद आगमन पर भाजपाईयों ने जगह-जगह फूल मालाएं पहनाकर और आतिशबाजी छुड़ाकर उनका स्वागत किया।

भाजपा के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष अजीत राणा का नगर के मोहल्ला सराय काहरान में पूर्व सभासद खेमकरण कश्यप के आवास, नीला गेट स्थित श्याम कुमार चौहान और मंगलौर पुलिस चौकी के समीप जयप्रकाश के प्रतिष्ठान पर स्वागत किया गया। कार्यकर्ताओं ने ढोल नगाड़ों की थाप और आतिशबाजी छुड़ाकर अजीत राणा का जोरदार स्वागत किया। इस दौरान पटका पहनाकर उनका सम्मान भी किया गया। अजीत राणा ने कहा कि मुझे जो जिम्मेदारी मिली है पार्टी के कार्यकर्ताओं की देन है उसका पूरी निष्ठा से निर्वहन किया जाएगा। पार्टी के सभी लोगों को भरपूर सम्मान मिलेगा। चौधरी ओमपाल सिंह ने कहा की अजीत राणा बहुत लंबे समय से कार्य करते आ रहे हैं उन्होंने विभिन्न पदों पर रहकर पार्टी की सेवा की है वह पार्टी के कार्यकर्ताओं का दुख दर्द समझते हैं। उनके जिला अध्यक्ष बनने से पार्टी को मजबूती मिलेगी। इस मौके पर अंग्रेश पंवार, धनराज त्यागी, सोम कश्यप, सुरेश राठी, राकेश गर्ग, शुभम शर्मा, संजय सैनी, विपिन गर्ग आदि कार्यकर्ता शामिल रहे।

**न्यायालय अपर जिलाधिकारी ( न्यायिक ) सहारनपुर।**

वाद संख्या-0743/2026

मानसिंह **बनाम** पवन कुमार आदि

धारा 30(2) उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता, 2006 ग्राम चोरा देव परगना हरौडा, तहसील व जिला सहारनपुर।

**नोटिस बनामः-**

1- पवन कुमार, 2- रविन्द्र कुमार, 3- राम कुमार, 4- श्याम कुमार पुत्रगण जयपाल सिंह निवासी ग्राम चोरा देव परगना हरौडा तहसील व जिला सहारनपुर।

उपरोक्त वाद श्री मानसिंह पुत्र विशम्बर सिंह निवासी ग्राम चोरा देव परगना हरौडा तहसील व जिला सहारनपुर के द्वारा खसरा नम्बर 468 मि स्थित ग्राम चौरा देव परगना हरौडा तहसील व जिला सहारनपुर में मिनजुमला गाटो के विभाजन हेतु अर्न्तगत धारा 30 (2) उ0प्र0 राजस्व संहिता 2006 के अन्तर्गत प्रस्तुत किया गया। अतः उक्त के निमित्त इस हाजा नोटिस द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि 12.03.2026 को प्रातः 10-00 बजे मेरे न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति / साक्ष्य प्रस्तुत कर सकते है। यदि इस सूचना के बावजूद भी आपके द्वारा न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति / साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किया जाता है तो यह मानते हुए कि उक्त के सम्बन्ध में आपको कुछ नहीं कहना है तद्नुसार न्यायालय द्वारा समुचित आदेश पारित कर दिया जाएगा।

दिनांकः 25 फरवरी 2026

अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) सहारनपुर।

# वसीयत नाम कराने को लेकर मां व भाई को मारपीट कर किया घायल

**देवबन्द।** जमीन की वसीयत जबरन अपने नाम करने को लेकर बेटे ने मां को मारपीट कर घायल कर दिया। भाई बीच बचाव को आया तो उसके साथ भी मारपीट की गई।

बाबूपुर नगली गांव निवासी विकास ने कोतवाली में दी तहरीर में बताया कि रविवार को वह किसी काम से घर से बाहर गया था। आरोप है कि इस दौरान घर पर अकेली मां शिक्षा देवी के साथ उसके बड़े भाई ने बेटे के साथ मिलकर मारपीट की। जिसमें वह घायल हो गई। घर पहुंचने पर उसने विरोध किया तो दोनों ने उसके साथ भी मारपीट करनी शुरु कर दी। जिसमें वह चोटिल हो गया। विकास ने पुलिस को बताया कि भाई मां के हिस्से की जमीन को जबरन अपने नाम कराना चाहता है, जबकि



मां इसके लिए तैयार नहीं है। पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# आज महिलाएं पुरुषों से कम नहीं: कपूर

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** आरके पब्लिक स्कूल में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस दौरान हाथों में गुलाब के फूल लेकर महिलाओं ने खुशी मनाये जाने के साथ ही महिला सम्मान, स्वावलंबन, अधिकारों के बारे में जानकारी दी गई।

आरके पब्लिक स्कूल प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि समाजसेविका नीरज राणा, रीचा गर्ग, अंजू जैन, विमला बजाज और प्रधानाचार्या मोनिका कपूर ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित कर और दीप प्रज्ज्वलित कर किया। उन्होंने कहा कि आज महिलाएं किसी भी क्षेत्र में पुरुषों से कम नहीं है।

उन्होंने महिलाओं से अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने का आह्वान किया। अध्यापिका प्रीति शर्मा ने महिलाओं के सम्मान में सुंदर भाषण दिया। कक्षा सात की आराध्या पाठक व टीम ने मां दुर्गा की सुंदर झांकी प्रस्तुत की। कक्षा छह की आयुषी पुंडीर ने कविता और कक्षा पांच की छात्रा




परिधि राणा ने नृत्य की प्रस्तुति दी। ब्यूटीफुल लेडी के लिए कोमल राणा व करुणा चौधरी को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर महिलाओं ने विभिन्न गतिविधियों में भी प्रतिभाग किया। दीपा राणा, रूबी कश्यप, दिव्या राणा आदि स्कूल का समस्त स्टाफ शामिल रहे।

# मुंबई में शेरकोट के युवक की हत्या

## ओला कंपनी के लिए चलाता था टैक्सी, कार खून से लथपथ मिली

शाह टाइम्स संवाददाता

**शेरकोट।** मुम्बई मे ओला कैब चला रहे युवक की चाकूओं से गोदकर हत्या कर दिए जाने से उसके परिवार में कोहराम मच गया। बताया जाता है कि युवक करीब तीन माह पूर्व ही रोजगार के सिलसिले में मुंबई गया था। वहीं उसके परिजनों का रोते-रोते बुरा हाल है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर के मौहल्ला खुराड़ा निवासी नासिर पुत्र सलामतुल्ला लगभग तीन माह पहले मुंबई गया था और वहां ओला कैब चला रहा था। परिजनों ने बताया कि बृहस्पतिवार को उसे टीटवाला से पूना जाने के लिए ऑनलाइन बुकिंग मिली थी। इसके बाद वह दोपहर करीब तीन बजे सवारी लेकर पूना के लिए रवाना हुआ था, लेकिन वापस





नहीं आया।

मुंबई में रह रहे उसके भाई आमिर ने जब नासिर से फोन पर संपर्क करने का प्रयास किया तो उसका मोबाइल बंद मिला। इसके बाद जीपीएस की मदद से शुक्रवार को उसकी कार पूना रोड पर लावारिस हालत में खड़ी मिली। कार में खून के धब्बे और एक चाकू भी पड़ा मिला। सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस ने जांच शुरू कर दी।

पुलिस द्वारा आसपास क्षेत्र में तलाश करने पर शनिवार देर शाम पूना के पास जुनर घाट के निकट झाड़ियों में युवक का शव बरामद हुआ। शव की हालत खराब होने के कारण परिजनों ने अंतिम संस्कार मुंबई में ही करने का निर्णय लिया है। वहीं मुम्बई पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# हमला करने के आरोपियों पर कार्रवाई की मांग

## चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज

शाह टाइम्स संवाददाता

**शेरकोट।** ग्राम मे पुरानी रंजिश को लेकर एक व्यक्ति के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़ित पक्ष ने चार लोगों पर लाठी-डंडों से हमला करने का आरोप लगाते हुए पुलिस से कार्रवाई की मांग की है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम भिक्कावाला निवासी सुमन देवी पत्नी राजेन्द्र कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि पुरानी मुकदमेबाजी के चलते गांव के ही कुछ लोग रंजिश रखते हैं। आरोप है कि 3 मार्च की शाम कमल, कपिल, मूलचंद तथा चमन पुत्र कन्हैया निवासी ग्राम भिक्कावाला ने उनके पति राजेन्द्र कुमार को घेर लिया और लाठी-डंडों से मारपीट कर दी। बताया गया कि शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए, जिसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। मारपीट में घायल राजेन्द्र कुमार को परिजन पहले थाने ले गए और बाद में उपचार के लिए सीएचसी धामपुर ले जाया गया।

गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें एक निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है।

वहीं थानाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

## एक नजर

### नन्हीं फातिमा जहरा ने रखा रोजा

**स्योहारा।** मुकद्दस माह-ए- रमजान के दौरान शहर के चिकित्सक डॉ. अरशद अली की बेटी फातिमा जहरा ने रोजा रखकर देश और दुनिया में अमन शांति और भाईचारे की दुआ मांगी। नन्हीं फातिमा ने अल्लाह से दुआ करते हुए कहा कि समाज में मौहब्बत, आपसी सौहार्द और इंसा. नियत कायम रहे तथा सभी लोग मिल-जुलकर एक-दूसरे की मदद करते रहें। इस अवसर पर डा. अरशद अली ने कहा कि रमजान का पवित्र महीना इंसान को सब्र, इबादत और इंसानियत का पैगाम देता है। रोजा केवल भूखे-प्यासे रहने का नाम नहीं बल्कि यह अपने अंदर अच्छाई, परहेजगारी और दूसरों के लिए हमदर्दी पैदा करने का जरिया भी है। उन्होंने कहा कि इस मुबारक महीने में लोगों को ज्यादा से ज्यादा इबादत करने के साथ जरूरतमंदों की मदद करनी चाहिए। परिजनों ने भी फातिमा जहरा की इस नेक पहल की सराहना करते हुए कहा कि अगर नई पीढ़ी में धार्मिक और सामाजिक मूल्यों के प्रति जागरूकता बढ़ेगी तो समाज में भाईचारा और एकता भी मजबूत होगी। रमजान के इस पवित्र महीने में ऐसी प्रेरणादायक पहल समाज के लिए सकारात्मक संदेश देती हैं।

### रसोईया संगठन ने सौंपा ज्ञापन

**धामपुर।** नगीना चौराहे से एसडीएम कार्यालय तक प्रगतिशील रसोईया संगठन की महिलाओं ने प्रदेश सरकार के खिलाफ रैली निकाली। मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी स्मृति मिश्रा को सौंपा। कार्यकर्ताओं का कहना था कि सरकार उनके साथ घोर उपेक्षा कर रही है। उन्हें 2000 रुपये महीना दिए जा रहे हैं। जो समय पर नहीं मिल पाते। इनमें एक जोड़ी कपड़े भी नहीं मिल रहे हैं। ऐसे में वह अपने परिवार का पेट पार्चन कैसे करें। उनकी समझ में नहीं आ रहा है। सरकार ने उनका शोषण कर रखा है। उनसे प्राइमरी स्कूल के बच्चों का खाना बनवाने के साथ-साथ आंगनवाड़ी केंद्र के




बच्चों का भी खाना बनवाया जा रहा है। उन्होंने सरकार से राज्य कर्मचारी का दर्जा घोषित कर सरकारी सुविधा उपलब्ध कराने की मांग की है। इस मौके पर बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल रहीं।

### भावी प्रत्याशी अतुल कुमार का स्वागत



**धामपुर।** वित्तविहीन स्कूल प्रबंधन समिति की ओर से एक स्वागत समारोह विश्व भारती पब्लिक स्कूल क्षत्रिय नगर में समिति के मंडल अध्यक्ष संजीव कुमार के यहां संपन्न हुआ। स्नातक खंड विधान परिषद सदस्य में समिति के जिला उपाध्यक्ष अतुल कुमार को भावी प्रत्याशी बनाया गया। जिला अध्यक्ष कुंवर पाल सिंह ने बताया कि हमारा जिला सबसे बड़ा है, उसके बावजूद भी जीतने के बाद प्रत्याशी हमारे जिले के लिए कोई काम नहीं करते और पहचानते नहीं हैं। इसलिए हमारा संगठन अपना प्रत्याशी खड़ा कर रहा है ताकि संगठन के काम आ सके। समिति के जिला उपाध्यक्ष अतुल कुमार को भावी प्रत्याशी ने कहा कि हमारे संगठन को किसी प्रकार कोई सुविधा नहीं मिलती। सरकार में अपनी पकड़ बनाने के लिए और अपने समिति के काम कराने के लिए मुझे प्रत्याशी बनाया गया है। समिति के सभी पदाधिकारी और सदस्यों ने भावी प्रत्याशी को फूल माला पहनाकर स्वागत किया और अपनी एकता की शपथ खाई। स्वागत समारोह में समिति के जिला अध्यक्ष कुंवर पाल, संरक्षक अनिल कुमार, सचिव अनुपम अग्रवाल, कोषाध्यक्ष पवन कुमार, लवजी यादव, नरेंद्र सिंह नरूका, राहुल त्यागी, अवनीश कुमार, मेघराज सिंह, बृजेश कुमार, गोपाल सिंह, गयूर अली आदि प्रबंधक उपस्थित रहे।

# यूजीसी बिल के विरोध में शामिल होने के लिए क्षत्रिय समाज के लोग दिल्ली रवाना



शाह टाइम्स संवाददाता

**धामपुर।** दिल्ली के रामलीला मैदान में यूजीसी बिल के विरोध प्रदर्शन में शामिल होने के लिए क्षत्रिय समाज के लोग बस द्वारा बड़ी संख्या में रवाना हुए। समाज के हक और अधिकारों की आवाज बुलंद करने के लिए सभी साथियों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला।

इस अवसर पर प्रभात चंद, हरि ओम, जयवीर सिंह सिसोदिया (जिला अध्यक्ष, महाराणा प्रताप क्षत्रिय राजपूत सभा बिजनौर), महेंद्र सिंह, यशवीर सिंह गीतम, जितेंद्र सिंह एडवोकेट, दीपक प्रधान (आमखेड़ा), दीप सौरभ गुरुजी, विपुल प्रताप और ओम प्रकाश सहित काफी संख्या में क्षत्रिय बंधु मौजूद रहे और दिल्ली के लिए प्रस्थान किया। सभी साथियों ने एकजुट होकर समाज के सम्मान और अधिकारों के लिए आवाज उठाने का संकल्प लिया।

इस दौरान यह संदेश भी दिया गया कि जब भी समाज के हित और अधिकारों की बात होगी, क्षत्रिय समाज हमेशा मजबूती और एकजुटता के साथ खड़ा रहेगा।

# कुरी हाउस में तरावीह मुकम्मल

## मुल्क में अमन-चैन व खुशहाली की मांगी गई दुआएं

शाह टाइम्स संवाददाता

**स्योहारा।** रमजान-उल-मुबारक की बरकतों के बीच बीती देर रात कुरी हाउस में 18वें रोजे की तरावीह बड़े ही अकीदत के साथ मुकम्मल हुई। इस मौके पर बड़ी संख्या में लोगों ने शिरकत की और अल्लाह की बारगाह में इबादत कर मुल्क व दुनिया में अमन-शांति की दुआ मांगी।

मुफ्ती अकील अहमद ने अपने बयान में कहा कि रमजान का महीना इंसान को अपने गुनाहों से तौबा करने और कुरान से जुड़ने का पैगाम देता है। उन्होंने लोगों से अपील की कि कुरान-ए-पाक को सिर्फ पढ़ने तक सीमित न रखें, बल्कि उसे अपने दिलों में उतारें और उसकी तालीमात



पर अमल करें। उन्होंने कहा कि इंसान को सबसे ज्यादा तकलीफ तब होती है, जब वह अपने रब को नाराज कर देता है। इसलिए हर मुसलमान को चाहिए कि वह अल्लाह को राजी करने की कोशिश करे। अगर अल्लाह राजी हो गया तो जिंदगी के तमाम मसले आसान हो जाते हैं। उन्होंने आगे कहा कि नमाज मोमिन की जिंदगी की सबसे बड़ी नेमत है और इसमें अल्लाह के नबी की आंखों की ठंडक रखी गई है। इसलिए हर मुसलमान को नमाज की पाबंदी करनी चाहिए और अपने मां-बाप की खिदमत को अपनी जिम्मेदारी समझना चाहिए। उन्होंने कहा कि मां-बाप की सेवा और इंसानियत की राह पर चलना ही इस्लाम की असली तालीम है।

इस दौरान नगीना लोकसभा सांसद चंद्रशेखर आजाद भी मौजूद रहे और उन्होंने उलेमाओं से मुल्क में अमनो-अमान, भाईचारे और तरक्की के लिए खास दुआ करने की। गुजारिश की तरावीह के बाद मुल्क और दुनिया में अमन-चैन, खुशहाली और इंसानियत के कायम रहने के लिए सामूहिक दुआ की गई।

इस अवसर पर मुफ्ती सज्जाद नौमानी, मुफ्ती फुजैल अहमद, मुफ्ती अली हसन, मौलाना अरशद हक्की, मौलाना शाहिद, कारी हारून अंसारी, मौलाना वकील चौधरी, नासिर चौधरी, चौधरी फहीमुर्रहमान, चौधरी जकीउर्रहमान, गौहर चौधरी, मंसूब चौधरी, तलहा चौधरी, फराज अहमद, रिजवान, शरीफ, आरिफ गांधी, राशिद पीटर, लड्डन लारा, हाजी जाकिर उर्फ कल्लू, नय्यर चौधरी, जाकिर बैटरी वाले, वली चौधरी, मुकीद चौधरी, समीउर्रहमान, अफजाल चौधरी, खालिद चौधरी सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम की निजामत कारी नाजिर हुसैन ने की। अंत में आए हुए सभी लोगों का चौधरी फहीमुर्रहमान और नासिर उर्फ आदिल चौधरी ने आभार व्यक्त किया।

# पुलिस ने अवैध तमंचे व कारतूस के साथ दबोचा

**धामपुर।** पुलिस ने अवैध हथियार रखने वालों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत एक युवक को गिरफ्तार कर उसके पास से अवैध तमंचा और कारतूस बरामद किए हैं। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुक. दमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जनपद में अवैध शस्त्र रखने वालों के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नगर एवं क्षेत्राधिकारी धामपुर के निर्देशन में थाना धामपुर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया कि रामधन उर्फ रामू पुत्र राम निवासी मोहल्ला जोशियान पहाड़ी दरवाजा थाना धामपुर को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी के पास से एक अवैध तमंचा 315 बोर और दो जिंदा कारतूस 315 बोर बरामद किए गए। इस संबंध में थाना धामपुर पर आरोपी के विरुद्ध मुकदमा आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है और आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# श्री श्याम संकीर्तन महोत्सव में गूंजे भजनों के सुर

शाह टाइम्स संवाददाता

**धामपुर।** धर्म कार्यों एवं धार्मिक आयोजनों के लिए समर्पित धर्म नगरी धामपुर की अग्रणी धार्मिक संस्था श्री श्याम सखा मंडल का चतुर्थ वार्षिकोत्सव इस वर्ष भव्य श्री श्याम संकीर्तन महोत्सव के रूप में अत्यंत श्रद्धा और उत्साह के साथ आयोजित किया गया। नगीना मार्ग स्थित रामलीला बाग में बनाए गए विशाल पंडाल में आयोजित इस धार्मिक महोत्सव में देर रात तक भक्ति रस की अविरल धारा बहती रही।

कार्यक्रम का शुभारंभ संकट मोचन श्री सिद्धेश्वर बालाजी धाम के



महंत एवं संस्था के संरक्षक राहुल अग्रवाल जी महाराज के संरक्षण में विधिवत पूजन के साथ किया गया। सामूहिक पूजन के मुख्य यजमान नगर पालिका सभासद मनोज कुमार गोयल 'पप्पी', उनकी धर्मपत्नी आरती रानी गोयल, अंश गोयल तथा परी गोयल रहे। महोत्सव में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम की पावन नगरी अयोध्या से पधारी प्रसिद्ध भजन गायिका 'बंकू सिस्टर्स' ने अपने सुमधुर भजनों की प्रभावशाली प्रस्तुतियों से भक्तों को भावविभोर कर दिया। उनके प्रत्येक भजन पर उपस्थित श्रद्धालुओं ने पारंपरिक जयकारों के साथ भरपूर उत्साह दिखाया। संस्था की ओर से दोनों बहनों को सम्मानित भी किया गया। इसके अलावा श्याम भक्त अंश गोयल, बरेली से आए राम और श्याम तथा दिल्ली से पधारे मास्टर बॉबी की भजन प्रस्तुतियों ने भी श्रद्धालुओं को झूमने पर मजबूर कर दिया।



# ऑस्ट्रेलिया ने भारत को हराया

## ऐनाबेल सदरलैंड के हरफनमौला प्रदर्शन की बदौलत ऑस्ट्रेलियाई महिला टीम ने एकमात्र टेस्ट में भारतीय टीम को 10 विकेट से दी मात

**पर्थ, वार्ता।** ऐनाबेल सदरलैंड (कुल छह विकेट और 129 रन) के हरफनमौला प्रदर्शन की बदौलत ऑस्ट्रेलियाई महिला टीम ने एकमात्र टेस्ट के तीसरे दिन रविवार को भारतीय टीम को दूसरी पारी में 129 रन पर ढेर करने बाद मिले 25 रनों के लक्ष्य को 4-3 ओवर में हासिल कर मुकाबला 10 विकेट से अपने नाम कर लिया।

यहां भारतीय महिला टीम ने कल के छह विकेट पर 105 रनों से आगे खेलना शुरु किया। सुबह के सत्र में एश्ले गार्डनर ने स्नेह राणा (30) को आउट कर भारत को सातवां झटका दिया। अगले ही ओवर में अलाना किग ने काश्वी गौतम (शून्य) का शिकार कर लिया। सायली सातघरे (तीन) को भी अलाना किंग ने 48वें ओवर में आउट किया। अगले ही ओवर में एश्ले गार्डनर ने एक छोर थामे रन बना रही प्रतिका रावल को आउट कर भारत की दूसरी पारी का 149 के स्कोर पर अंत कर दिया। प्रतिका रावल ने भारतीय टीम के लिए सर्वाधिक 63 रन बनाए। इस दौरान उन्होंने 137 गेंदों का सामना किया और आठ चौके लगाए। ऑस्ट्रेलिया को जीत के लिए 25 रनों का लक्ष्य मिला। ऑस्ट्रेलिया की ओर से लूसी हैमिल्टन ने तीन विकेट लिए।

ऐनाबेल सदरलैंड, अलाना किग और एश्ले गार्डनर को दो-दो विकेट मिले। डार्सी ब्राउन ने एक बल्लेबाज को आउट किया। ऑस्ट्रेलिया ने दूसरी पारी में महज 4-3 ओवरों में बिना कोई विकेट गंवाए। 28 रन बनाकर मुक. ाबला अपने नाम कर लिया। जॉर्जिया वॉल (16) और फीबी लिचफील्ड (11) रन बनाकर नाबाद रही। भारतीय महिला टीम पहली पारी 198 रन बनाए।



## टेस्ट में लय नहीं बनाए रख सके : हरमनप्रीत

● **ऑस्ट्रेलिया में हर समय खेलकर बहुत खुश हूं और मुझे लगता है कि यह एक शानदार मैच था**

**पर्थ, वार्ता।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने कहा कि हमने बहु प्रारूप सीरीज में मजबूत शुरुआत की, लेकिन वाका ग्राउंड पर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एकमात्र टेस्ट में लय बनाए नहीं रख सके और मुकाबला हार गए। टेस्ट में मिली हार के बाद कौर ने कहा कि हमने बहुत अच्छी शुरुआत की, टी-20 में बहुत अच्छा क्रिकेट खेला लेकिन दुर्भाग्य से, उसके बाद, हम इसे जारी नहीं रख पाए, लेकिन मुझे लगता है कि कुल मिलाकर यह एक अच्छी सीरीज थी। ऑस्ट्रेलिया में हर समय खेलकर बहुत खुश हूं, और मुझे लगता है कि यह एक शानदार मुकाबला था।

उन्होंने कहा कि मल्टी-फॉर्मेट सीरीज और पिक-बॉल टेस्ट खेलना टीम के लिए एक कीमती अनुभव था। उन्होंने कहा कि यह बहुत मजेदार था, और उम्मीद है कि भविष्य में भी हमें इस तरह के टूर्नामेंट मिलते रहेंगे क्योंकि इससे आपको बहुत कॉन्फिडेंस मिलता है। टेस्ट क्रिकेट कुछ ऐसा है जिसे हम सब सच में खेलना चाहते हैं, और पिक-बॉल कुछ ऐसा था जो बहुत चुनौतीपूर्ण था और उम्मीद है कि भविष्य में भी हमें इस तरह के चैलेंज मिलेंगे। कौर ने टूर के दौरान सपोर्ट के लिए प्रशंसकों को भी धन्यवाद देते हुए कहा कि और सभी इंडियन फैंस और क्रिकेट फैंस का धन्यवाद जो हमें देखने के लिए यहां आए। मुझे पता है कि आज का दिन हमारे लिए अच्छा नहीं था, लेकिन मुझे यकीन है कि भविष्य में हम उन्हें गर्व महसूस कराएंगे।

### संक्षिप्त खेल समाचार

#### इंग्लैंड व द. कोरिया ने FIH हॉकी विश्व कप क्वालिफायर मुकाबले जीते

**हैदराबाद, वार्ता।** एफआईएच हॉकी विश्व कप क्वालिफायर 2026 के पहले दिन इंग्लैंड की महिला टीम ने रविवार को एक कड़े मुकाबले में इटली को हराया, जबकि दक्षिण कोरिया ने ऑस्ट्रिया को शिकस्त दी। यहां जीएमसी बालयोगी हॉकी ग्राउंड (गाचीबोवली हॉकी कॉम्प्लेक्स) में खेले गये मुकाबले में इंग्लैंड की महिला टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए इटली को 5-2 तथा एक अन्य मुकाबले में दक्षिण कोरिया की महिला टीम ने ऑस्ट्रेलिया को 1-0 से हराया। इंग्लैंड के लिए ग्रेस बाल्सडन ने (12वें, 32वें), लोटी लबगहैम ने (15वें), एलिजाबेथ नील ने (16वें) और एना टोमन ने (27वें) मिनट में गोल किए, जबकि इटली के लिए इवाना पेसिना ने (19वें) और फेडेरिका कार्टा ने भी एक गोल किया। दूसरे मैच में, कोरिया के लिए सियोना किम ने (34वें) अकेली गोल करने वाली खिलाड़ी थीं।

#### मंगलवार सुबह भारत से प्रस्थान करेगी विंडी और द. अफ्रीका की टीम

**कोलकाता, वार्ता।** विंडीज और दक्षिण अफ्रीका को टीमें मंगलवार की सुबह को चार्टर विमान में जोहैनेसबर्ग और वहां से वेस्टइंडीज का दल एंटीगुआ के लिए उड़ान भरेगा। दोनों टीमों को रविवार को भारत से रवाना होने की उम्मीद थी लेकिन आज अपरान्ह उन्हें नई तारीख की पुष्टि दी गई। दक्षिण अफ्रीका टीम के तीन सदस्य केशव महाराज, जॉर्ज ललडे और जेसन स्मिथ पूरे टीम प्रबंधक के साथ आज ही न्यूजीलैंड के लिए रवाना होंगे क्योंकि 15 मार्च से दक्षिण अफ्रीका को वहां पांच टी-20 मैचों की सीरीज खेलनी है। पश्चिम एशिया में युद्ध की स्थिति के कारण एयरस्पेस बंद होने या सीमित होने के चलते दोनों टीमों में नाराजगी है।

## हर जिला स्पोर्ट्स में एक्टिव हो हर बेटी कॉन्फिडेंट हो : खडसे



● **अस्मिता कार्यक्रम के तहत देशभर में 250 जगहों पर एथलेटिक्स लीग का शुभारंभ करते हुए यह बात कही**

**औरंगाबाद, वार्ता।** खेल राज्य मंत्री रक्षा निखिल खडसे ने रविवार को कहा कि समर ओलंपिक गेम्स और दूसरे मल्टी-डिसिप्लिन प्रतियोगिताओं में भारत के पदकों की संख्या में तभी सुधार हो सकता है जब स्पोर्ट्स में महिलाओं की भागीदारी कई गुना बढ़े।

तथा हर जिला स्पोर्ट्स में एक्टिव हो, हर बेटी कॉन्फिडेंट हो और फिटनेस राष्ट्रीय आदत बन जाए। श्रीमती खडसे ने आज यहां छत्रपति संभाजीनगर के गरखेड़ा में डिविजनल स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर (अची. विग स्पोर्ट्स माइलस्टोन बाय इंस्पायरिग विमेन थ्रू एक्शन) अस्मिता कार्यक्रम के तहत देशभर में 250 जगहों पर एथलेटिक्स लीग का शुभारंभ करते हुए यह बात कही।

इस दौरान केंद्रीय राज्य मंत्री ने अस्मिता बैनर के तहत योग, वुशु, किकबॉक्सिग और वेटलिफ्टिग लीग का भी उद्घाटन किया, साथ ही एक साइक्लोथॉन और वॉकथॉन को भी हरी झंडी दिखाई।

खेल राज्यमंत्री कहा कि हर डिस्ट्रिक्ट स्पोर्ट्स में एक्टिव हो, हर बेटी कॉन्फिडेंट हो, और फिटनेस एक नेशनल आदत बन जाए। उन्होंने कहा कि खेलो इंडिया, फिट इंडिया, माय भारत और अस्मिता के जरिए हम एक मजबूत, फिट और सशक्त भारत बना रहे हैं। प्रधानमंत्री के विजन के तहत, भारत का स्पोर्ट्स इकोसिस्टम लगातार अधिक समावेशी और महिला-केंद्रित बन रहा है।

## रैंडेल का प्रथम श्रेणी क्रिकेट में ऐतिहासिक प्रदर्शन

● **प्रथम श्रेणी में पांच गेंदों में लगातार पांच विकेट लेने वाले पहले गेंदबाज बने**

न्यूजीलैंड, वार्ता। सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट के तेज गेंदबाज ब्रेट रैंडेल ने प्रथम श्रेणी क्रिकेट में पांच गेंदों में लगातार पांच विकेट लेकर ऐतिहासिक प्रदर्शन किया है। ब्रेट रैंडेल ने रविवार को यह कारनामा प्लंकेट शील्ड मैच के दूसरे दिन नॉर्दर्न डिस्ट्रिक्ट के खिलाफ मुकाबले में किया है। इसी के साथ वह प्रथम श्रेणी में यह उपलब्धि हासिल करने वाले पहले गें. दबाज बन गए। रैंडेल का स्पेल इतना खतरनाक रहा कि नॉर्दर्न डिस्ट्रिक्ट ने केवल नौ के स्कोर पर ही अपने पांच विकेट गंवा दिए।

रैंडेल ने दूसरे ओवर की आखिरी गेंद पर हेनरी कूपर को आउट करते हुए विकेट लेने का यह सिलसिला शुरू किया। अगले ओवर की पहली गेंद पर उन्होंने राउंड द विकेट से आकर जीत रावल की गिल्लियां बिखेर दीं। दूसरी गेंद पर जो कार्टर को विकेट के पीछे कैच कराते हुए उन्होंने अपनी हैट्रिक पूरी की। रॉबर्ट ओ 'डॉनेल ने अगली गेंद पर स्लिप में कैच थमाया। क्रिस्टियन क्लार्क ने अगली गेंद पर ऑफ स्टंप के बाहर बल्ला चलाया और गेंद अंदरुनी किनारा लेकर स्टंप में जा लगी। इस समय रैंडेल के गेंदबाजी आंकड़े 2-4-1-2-5 थे जिस पर भरोसा कर पाना बेहद मुश्किल था। थोड़ी ही देर बाद वह प्रथम श्रेणी क्रिकेट में आठ गेंदों में छह विकेट लेने वाले भी पहले गेंदबाज बने थे। अपनी उपलब्धि पर रैंडेल ने कहा कि मैं भरोसा नहीं कर पा रहा हूं। यह ऐसा लम्हा था जब मुझे लगा कि कोई आकर मुझे पिच करे। मैं एकाग्र रहकर गेंद को एक ही जगह गिराने की कोशिश कर रहा था और हैट्रिक के बाद भी मैंने वही करना जारी रखा। मुझे इसका बिल्कुल अंदाजा नहीं था कि यह पहली बार हुआ 'प्रथम श्रेणी क्रिकेट में पांच गेंदों में पांच विकेट'। मेरे पास फिलहाल शब्द नहीं हैं। मैं ईमानदारी से कहूं तो मजा आया। रैंडेल को सात विकेट लेने के लिए केवल 3-5 ओवर ही लगे। उन्होंने 11 ओवर में 25 देकर सात विकेट झटक कर अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। नॉर्दर्न डिस्ट्रिक्ट की टीम केवल 82 के स्कोर पर ढेर हो गई।

## मेली केर सात विकेट लेकर तोड़ा रिकॉर्ड

● **न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया और जिम्बाब्वे को मात्र 102 रनों पर समेट दिया**



**डुनेडिन, वार्ता।** मेली केर (34 रन देकर सात विकेट) के ऐतिहासिक गेंदबाजी प्रदर्शन की बदौलत न्यूजीलैंड ने रविवार को डुनेडिन के यूनिवर्सिटी ओवल में दूसरे एकदिवसीय मैच में जिम्बाब्वे को आठ विकेट से शिकस्त दी। इसी के साथ केर ने जैकी लॉर्ड के 44 साल पुराने रिकार्ड को भी तोड़ दिया। न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। केर ने 34 रन देकर सात विकेट झटके और जिम्बाब्वे को मात्र 102 रन पर समेट दिया, जिससे जैकी लॉर्ड का 44 साल पुराना रिकॉर्ड टूट गया। लॉर्ड ने आईसीसी महिला क्रिकेट वर्ल्ड कप 1982 में भारत के खिलाफ 6/10 का रिकॉर्ड बनाया था, जो इससे पहले एकदिवसीय में न्यूजीलैंड की किसी महिला का सबसे अच्छा गेंदबाजी प्रदर्शन था। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की वेबसाइट के अनुसार यह महिला एकदिवसीय में सात विकेट लेने का सातवां मौका था।

केर इस उपलब्धि के साथ पाकिस्तान की साजिदा शाह, इंग्लैंड की जो चेम्बरलेन, वेस्ट इंडीज की अनीसा मोहम्मद और ऑस्ट्रेलियाई तिकड़ी अलाना किंग, एलिस पेरी और शेली निट्स्के की सूची में शामिल हो गईं। इससे पहले, मॉली पेनफोल्ड ने 17 रन देकर तीन विकेट लिए, जिससे जिम्बाब्वे का शीर्ष क्रम ध्वस्त हो गया और मेहमान टीम 48 रन पर तीन विकेट खोकर संघर्ष कर रही थी। इसके बाद केर ने आक्रमण की जिम्मेदारी को संभाला और सी धुरुरू को बोल्ड करके टीम को गिराना शुरू किया। उन्होंने मोडेस्टर मुपाचिकवा, क्रिस्टाबेल चैटोंजवा, एडेल जिम. ुनु, न्याशा ग्वानजुरा, ऑड्रे माज. विशाया और तेंदई मकुशा को जल्दी-जल्दी आउट किया, जिससे मेजबान टीम ने मैच पर अपनी पकड़ मजबूत कर ली। केर ने बल्ले से भी अहम योगदान दिया, लक्ष्य का पीछा करते हुए उन्होंने सबसे अधिक 45 रन बनाए, जिससे न्यूजीलैंड ने आराम से आठ विकेट से जीत हासिल की। इस जीत के साथ ही न्यूजीलैंड की महिला टीम ने तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त बना ली।



● टी-20 विश्व कप फाइनल में न्यूजीलैंड के खिलाफ शानदार शॉट लगाते ईशान किशन ईशान ने 25 गेदों में 54 रन बनाए



● न्यूजीलैंड का विकेट गिरने पर खुशी मनाते भारतीय टीम के खिलाड़ी

## वैष्णवी अदकर ने जीता ITFW-35 कलबुर्गी का खिताब

● **वैष्णवी अदकर ने फाइनल में हमवतन अंकिता रैना को 7-6(3), 6-4 से हराकर खिताब अपने नाम किया**



**कलबुगी, वार्ता।** भारत की वैष्णवी अदकर ने रविवार को फाइनल में हमवतन अंकिता रैना को 7-6(3), 6-4 से हराकर आईटीएफ डब्ल्यू 35 कलबुर्गी का एकल खिताब अपने नाम किया। यहां खिताबी मुकाबले में तीसरी सीड अदकर ने मैच की जबरदस्त शुरुआत की, दोनों विग से क्लीन विनर लगाकर शुरुआती गेम में दो ब्रेक पॉइंट हासिल किए, फिर रैना की एक गलती से सर्व ब्रेक करवाया।

उसने शुरुआती बढ़त को मजबूत करते हुए एक आरामदायक पकड़ बनाकर 2-0 की बढ़त बना ली। रैना ने धीरे-धीरे अपनी लय पकड़ी, कोर्ट की चौड़ाई का अच्छा इस्तेमाल करके सर्व होल्ड किया और फिर अदकर की एक गलती का फायदा उठाकर ब्रेक बैक किया और स्कोर 2-2 से बराबर कर दिया। जैसे ही अदकर ने कोर्ट में कदम रखा, मोमेंटम बदलता रहा और उन्होंने एग्रे. सिव रिटर्न मारकर फिर से ब्रेक करके 3-2 की लीड ले ली, लेकिन रैना ने भी अपने अटैकिग रिटर्न से जवाब देकर स्कोर 3-3 से बराबर कर दिया। दोनों खिलाड़ियों ने कई कड़े गेम खेले, जिसमें अदकर ने ड्रॉप शॉट लगाकर रैना की रिदम बिगाड़ी। सेट तब तक कड़ा रहा जब तक अदकर ने ब्रेक करके 5-4 की लीड नहीं ले ली, लेकिन रैना ने तुरंत ही मजबूत फोरहैंड से वापसी करते हुए मुकाबला टाई-ब्रेक में पहुंचा दिया। ब्रेकर में, रैना की लगातार गलतियों की वजह से अदकर ने 3-0 की लीड ले ली, फिर कॉन्फिडेंट शॉट मारकर अपनी बढ़त 5-1 कर ली।

हालांकि रैना ने अंतर 6-3 कर दिया, लेकिन अदकर ने एक मजबूत सर्व के साथ सेट 7-6(3) से अपने नाम कर लिया। दूसरे सेट की शुरुआत में मोमेंटम में और उतार-चढ़ाव आया क्योंकि रैना ने शुरुआती गेम में ब्रेक किया, लेकिन अदकर ने सीधे वापस ब्रेक किया। अदकर की गलतियों के बाद रैना फिर से आगे निकल गईं, लेकिन यह लीड ज्यादा देर तक नहीं टिकी क्योंकि अदकर ने एक बार फिर ब्रेक किया और कंट्रोल करने के लिए सर्व बनाए रखा। अदकर के बैकहैंड रिटर्न छठे गेम में अहम साबित हुए, जब उन्होंने रैना की सर्विस तोड़ी और 4-2 से आगे हो गईं। रैना ने आक्रामक रिटर्न करके वापसी की और मुकाबले में बने रहे, लेकिन आखिरी समय में अडकर ने अपनी पकड़ बनाए रखी। उन्होंने 5-4 तक सर्विस बनाए रखी और फिर रैना की कुछ गलतियों का फायदा उठाकर अगले गेम में तीन ब्रेक पॉइंट हासिल किए।

## मिलिंद सोमन, रागिनी द्विवेदी, सिमरन शर्मा, नंदिनी अगासरा ने लिया फिट इंडिया कार्निवल में हिस्सा

**वेलिंगटन, वार्ता।** न्यूजीलैंड की महिला क्रिकेट टीम की तेज गेंदबाज ली ताहुहू ने 15 साल के करियर के बाद एकदिवसीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया है।

न्यूजीलैंड क्रिकेट वेबसाइट के अनुसार 2011 में ब्रिस्बेन में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 20 साल की उम्र में एकदिवसीय क्रिकेट में पदार्पण करने वाली ताहुहू ने 103 एकदिवसीय मैच में न्यूजीलैंड का प्रतिनिधित्व किया है। उन्होंने सफेद गेंद प्रारूप में 125 विकेट लिए हैं, जो इस फॉर्मेट में किसी गें. दबाज द्वारा लिए गए सबसे अधिक विकेट हैं। ताहुहू उन 12 खिलाड़ियों में से हैं जिन्होंने न्यूजीलैंड की महिला टीम के लिए 100 से अधिक एकदिवसीय मैच खेले हैं और आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप के चार एडिशन का हिस्सा रही हैं। 2023 में महिला एकदिवसीय टीम ऑफ द ईयर चुनी गई ताहुहू ने कहा कि अब 50 ओवर के प्रारुप से दूर जाने का समय आ गया है। उन्होंने कहा कि एकदिवसीय क्रिकेट में न्यूजीलैंड की शर्ट पहनना हमेशा से मेरे लिए खुशी और सम्मान की बात रही है।

एक गेम खेलना एक कमाल का एहसास था। एकदिवसीय क्रिकेट में 100 से अधिक बार शर्ट पहनना और अपने देश और अपने परिवार को रिप्रेजेंट करना, ऐसा कुछ है जिसके बारे में मैंने कभी सपने में भी नहीं सोचा था। मैं हर पल को संजो कर रखूंगी और वनडे गेम से इस फॉर्मेट में जो कुछ भी हासिल कर पाई हूं, उस पर बहुत गर्व के साथ जाऊंगी। न्यूजीलैंड टीम के मुख्य कोच बेन सॉयर ने टीम में उनके शानदार योगदान और एकदिवसीय क्रिकेट में उनके शानदार रिकॉर्ड के लिए ताहुहू की तारीफ की। सॉयर ने कहा कि अपने देश की ऑल-टाइम लीडिग विकेट-टेकर के तौर पर एक फॉर्मेट से हटना एक ऐसी अचीवमेंट है जिस पर ली को बहुत गर्व होना चाहिए। ली ने एकदिवसीय गेम की ऊंचाइयों को छुआ है और न्यूजीलैंड के लिए फॉर्मेट में गेंदबाजी के नए मानक तय किए हैं। ताहुहू टी-20 प्रारुप में न्यूजीलैंड का प्रतिनिधित्व करती रहेंगी।

CMYK



**रमजान मुबारक**



**बीसवां रोजा**

| | | |
|---|---|---|
| सहरी | सुन्नी | 5.14 |
| | शिया | 5.05 |
| इफ्तार | सुन्नी | 6.25 |
| | शिया | 6.39 |

मोमिन को शुक्र-सब्र और यकीन पर कायम रहना चाहिए।जो अल्लाह ने दिया है उस पर अल्लाह का शुक्र अदा करना चाहिए।हो सकता है बहुत से लोग उससे महरूम हों।जो नहीं है उस सब्र करना चाहिए कि इसमें भी अल्लाह की कुछ बहतराई हो सकती है।

कुरआन करीम

# उत्कृष्ट कार्य के लिए आंगनवाड़ी कार्यकत्रियां सम्मानित

## नवचयनित तीन मुख्य सेविकाओं को प्रदान किए नियुक्ति पत्र, सीएम कार्यक्रम का देखा सीधा प्रसारण



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर लखनऊ मे मुख्यमंत्री द्वारा पिंक रोजगार महाकुंभ 2026 में 5000 से अधिक महिलाओं को रोजगार के ऑफर, रोजगार उपलब्ध कराने वाले प्लेटफॉर्म रोजगार संगम पोर्टल के मोबाइल ऐप की लॉन्चिंग एवं नव-नियुक्त मुख्य सेविकाओं को नियुक्ति पत्रों का वितरण, उत्कृष्ट महिला कार्मिकों और मेधावी बालिकाओं का सम्मान एवं नारी शक्ति अवॉर्ड, कन्या सुमंगला योजना की लाभार्थी बालिकाओं को चेक वितरण एवं आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के बीमा प्रीमियम और साड़ी/वर्दी हेतु रुपये 3849 लाख की धनराशि का डीबीटी अंतरण किया गया।

कार्यक्रम के अंतर्गत जनपद कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि विधायक रामपुर मनिहारान देवेंद्र निम रहे। कार्यक्रम के अंतर्गत जनपद में नवचयनित 3 मुख्य सेविकाओं को नियुक्ति पत्र प्रदान किये गए एवं उत्कृष्ट कार्य करने वाली आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किये गए तथा कार्यक्रम का सजी प्रसारंण भी देखा गया।

कार्यक्रम में परियोजना निदेशक ग्राम्य विकास अभिकरण प्रणय कृष्ण, जिला कार्यक्रम अधिकारी दुर्गेश प्रताप सिंह सहित जनपद की आंगनबाडी कार्यकर्ता, समस्त मुख्य सेविकाएं, समस्त बाल विकास परियोजना अधिकारी उपस्थित रहे।

# घर में घुसकर महिला पर चाकू से हमला

**■ महिला की हालत गंभीर, जिला चिकित्सालय के लिए रेफर**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** कस्बे के मौहल्ला सराय में एक घर में घुसकर एक महिला पर चाकू से हमला करने का मामला सामने आया है। घायल महिला को गंभीर हालत में उपचार के लिए जिला अस्पताल सहारनपुर रेफर किया गया है।

मौहल्ला सराय निवासी अहकाम पुत्र मोहम्मद इकराम ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 7 मार्च 2026 की दोपहर करीब 2 बजे शाहनवाज पुत्र वहीद ने फोन कर उसे और उसके परिवार को जान से मारने की धमकी दी थी, जिसकी लिखित शिकायत उसकी पत्नी द्वारा थाने में दी गई थी।

आरोप है कि उसी रात करीब 8:30 बजे शाहनवाज और उसकी पत्नी सानिया घर में घुस आए और उसकी पत्नी निशा पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना के समय महिला घर में बच्चों के साथ अकेली थी। शोर सुनकर पड़ोसी मौके पर पहुंचे और बीच-बचाव किया। पीड़ित पक्ष का कहना है कि घटना की पूरी रिकॉर्डिंग घर में लगे सीसीटीवी कैमरों में भी कैद है।

सूचना पर पुलिस ने घायल महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामपुर मनिहारान पहुंचाया, जहां से हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल सहारनपुर रेफर कर दिया गया।पीड़ित अहकाम ने आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाही की माँग की है।

# पीएम को पत्र भेजकर पुलिस प्रशासन पर लगाए गंभीर आरोप

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जिले की निवासी फरीदा बेगम ने प्रधानमंत्री को प्रार्थना पत्र भेजकर सहारनपुर पुलिस प्रशासन पर कथित तौर पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने आरोप लगाया है कि वर्ष 2017 से उनके परिवार को सुनियोजित तरीके से फर्जी मुकदमों में फंसाया गया और गैंगस्टर एक्ट के तहत उनकी संपत्तियों को अटैच कर भू-माफियाओं के साथ मिलीभगत कर अवैध रूप से बेच दिया

प्रार्थना पत्र के अनुसार, परिवार के कई सदस्यों मोहम्मद वाजिद, मोहम्मद जावेद, मोहम्मद अफजल, आलिशान तथा देवर महमूद अली समेत अन्य को अलग-अलग मामलों में जेल भेज दिया गया, जिससे परिवार का कोई सदस्य मुकदमों की पैरवी के लिए बाहर नहीं रह सका। इसी का लाभ उठाते हुए पुलिस प्रशासन ने गैंगस्टर एक्ट में ग्राम इंद्रपुर तालड़ा व नागल माफी की भूमि को अटैच कर दिया। इसके बाद पुलिस प्रशासन ने कुछ भू-माफियाओं और कथित गैंग के साथ मिलकर अरबों रुपए की संपत्तियों को कूटरचित दस्तावेज तैयार कर अवैध बिक्री करा दी। तत्कालीन थाना मिर्जापुर के एक इंस्पेक्टर द्वारा अपनी पत्नी के नाम करीब 60 बीघा जमीन की फर्जी रजिस्ट्री कराने का भी आरोप लगाया गया है।

इसके अलावा गैंगस्टर एक्ट के दूसरे मुकद्दमे की आड़ में दिल्ली रोड, दीवानी कचहरी के पास स्थित आरजी पैलेस, लाल कोठी क्षेत्र की भूमि, अली अकबरपुर स्थित अब्दुल वहीद एजुकेशनल चैरिटेबल ट्रस्ट की जमीन तथा शाहपुर गाड़ा और शेरपुर पेलो की भूमि को भी अटैच किया गया था। आरोप है कि इन संपत्तियों को भी फर्जी दस्तावेजों के माध्यम से अलग-अलग लोगों को बेच दिया गया। फरीदा बेगम का कहना है कि कुछ मामलों में अदालत से राहत मिलने और सर्वोच्च न्यायालय द्वारा कार्रवाई पर स्थगन आदेश दिए जाने के बावजूद पुलिस ने 17 फरवरी 2026 को फिर से जमीन अटैच कर दी। उन्होंने आशंका जताई है कि बची हुई संपत्तियों को भी अवैध तरीके से बेचने की तैयारी की जा रही है। प्रार्थिया ने मामले की निष्पक्ष जांच सीबीआई से कराने की मांग की है।

# बच्चों को कराया शैक्षिक भ्रमण



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** खंड शिक्षा अधिकारी पुंवारका जितेंद्र कुमार के नेतृत्व में परिषदीय स्कूलों के छात्रों को आंचलिक विज्ञान केंद्र देहरादून का शैक्षिक भ्रमण कराया गया।

डॉ अजय कुमार शर्मा एकेडमिक रिसोर्स पर्सन ने बताया कि राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अंतर्गत ब्लॉक स्तर पर छात्र-छात्राओं का शैक्षिक भ्रमण के लिए चयन किया छात्र-छात्राओं ने आंचलिक विज्ञान केंद्र पर तारामंडल हिमालय थ्रीडी आदि विज्ञान से संबंधित अवधारणाओं के बारे में विस्तृत जानकारी ली। इस अवसर पर डा. अंकिमा जैन कार्यक्रम प्रभारी जोगेंद्र सिंह, अर्चना रानी सत्येंद्र सिंह, ममता सिंह, मुनीश शर्मा अलका आर्य नीलम गोपाला रुचि गोयल सुमित कुमार ,अमर बारी आशुतोष एवं छात्र-छात्रा उपस्थित रहे।

# विज्ञान ओलंपियाड में 3157 बच्चों का प्रतिभाग



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** छात्रों में विज्ञान विषय में अभिरुचि उत्पन्न करने के लिए आज विकासखंड बलिया खेड़ी में विद्यालय स्तर पर विज्ञान ओलंपियाड का आयोजन किया गया।

ओलंपियाड में विकासखंड के समस्त उच्च प्राथमिक विद्यालयों की कक्षा 6 7 8 केछात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया। उच्च प्राथमिक विद्यालय में नामांकित 4088 केसापेक्ष3157 छात्राओं के द्वारा प्रतिभाग किया गया। प्रत्येक कक्षा के लिए अलग-अलग प्रश्न पत्र तैयार किए गए विद्यालय स्तर पर प्रत्येक कक्षा से अधिकतम अंक प्राप्त करने वाले3 छात्रों का चयन किया जाएगा। विद्यालय स्तर पर विजेता छात्राओं की न्याय पंचायत स्तरीय परीक्षा आयोजित की जाएगी जिसमें प्रत्येक कक्षा से विजेता तीन छात्रों का चयन किया जाएगा जिनका परीक्षण विकासखंड स्तर पर होने वाली ओलंपियाड परीक्षा में किया जाएगा। विकासखंड के सभी अध्यापको द्वारा परीक्षा को सफलतापूर्वक संपन्न कराने हेतु खंड शिक्षा अधिकारी सुरेश त्यागी द्वारा सभी को बधाई दी गई।

C M Y K

# महिला दिवस पर विशेष प्रार्थना



**सहारनपुर।** सेक्रेड हार्ट चर्च में आज ईसाई समाज की महिलाओं ने धूमधाम से महिला दिवस मनाया।

फादर जॉन चिमन द्वारा एक विशेष प्रार्थना सभा हुई जिसमें उन्होंने महिलाओं को बधाई दी और जो विश्व में युद्ध चल रहे हैं उनको रोकने के लिए भी लोगों से अपील की है। वह अपने घरों पर जाकर प्रार्थना करें जिससे कि विश्व में शांति बने रहे। महिला संघ की सदस्य जीनत ने कहा महिलाएं हर क्षेत्र में आगे हैं। वह हवाई जहाज से लेकर रेल तक में अपना योगदान दे रही है। फादर संत टियागो ने भी महिलाओं को बधाई दी। इस मौके पर प्रमिला मसीह, लुईजा, अनु विक्टर, मधु, कैथरीन, सरोज मसीह, एंजेला विक्टर, एवलिन मेसी, काफी महिलाएं उपस्थित रही।

# विधायक मुकेश को सौंपा सीएम के नाम ज्ञापन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपंर।** संयुक्त राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कर्मचारी संघ से जुड़े कर्मियों ने नकुड़ विधायक मुकेश चौधरी को मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन सौंपा।

आज संयुक्त राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कर्मचारी संघ से जुड़े कर्मी कोर्ट रोड स्थित विधायक मुकेश चौधरी के आवास पर पहुंचे ओर प्रदेश के मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन सौपते हुए बताया कि पिछले कई दशकों से संविदा पर कार्य कर रहे एनएचएम कर्मियों को पद अनुसार या पद सर्जित करके नियमित करने और जब तक नियमित ना हों तब तक नियमितीकरण जैसी सभी सुविधाएं दी जाने कि मांग रखी। ज्ञापन सौंपने वालो मे मुख्य रूप से प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य देवेंद्र कुमार, मंडल संयोजक एम पी सिंह चावला, जनपद संयोजक शुभम मानिक, जनपद सह संयोजक अभिषेक वर्मा, अनुज कुमार, मुकेश कुमार, विकास राणा के नेतृत्व में सौंपा। इस मौके पर भारतीय मजदूर संघ के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं संयुक्त राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कर्मचारी संघ से जुड़े जनपद सहारनपुर के संविदा स्वास्थ्यकर्मी विनीत चौहान, सचिन, अनिल, सचिन, संजय सैनी सुधीर, हिमांशु, रिजवान, सूरजभान, अमरीश, सुधीर, विपिन, शुभम कटारिया, अजय त्यागी, विश्वेंद्र, काक्कू, अक्षय शर्मा, ओम प्रकाश, हिमांशु आर्य मधु, अंजू त्यागी, मीनू मोघारा, विशाल, सौरभ, सन्नी, त्रिशपाल, विकास चौहान,योगेश कश्यप, नरेंद्र, सुमित, प्रदीप सैनी अजीम, राहुल विपिन सैनी, आकाश, मुद्दसिर, आशुतोष, सजनीत, पुनीत सहित काफी संख्या मे स्वास्थ्य विभाग से जुड़े कर्मचारी मौजूद रहे।

# डम्पर की टक्कर लगने पर एक की मौत, दो घायल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** पेपर मिल रोड पर हिम्मतनगर के पास हुए सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

मृतक की पहचान संजय शर्मा के रूप में हुई है, जो भाजपा सहका. रिता प्रकोष्ठ के महानगर संयोजक राजेश शर्मा के भाई बताए जा रहे है। बताया जा रहा है कि संजय शर्मा अपने साथी मोनू पंडित के साथ बाइक से घर लौट रहे थे। रास्ते में पिंटू नाम के युवक ने उनसे लिफ्ट मांगी, जिस पर दोनों ने उसे भी बाइक पर बैठा लिया था। बताया जाता है कि जैसे ही तीनों युवक हिम्मतनगर के पास पहुंचे, तभी तेज गति से आ रहे खनन सामग्री से लदे डंपर ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि संजय शर्मा की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि मोनू पंडित और पिंटू गंभीर रूप से घायल हो गए। बताया गया है कि संजय शर्मा सहारनपुर की एक गत्ता फैक्टरी में फोरमैन के पद पर कार्यरत था।






# मतदान के प्रति किया जागरूक

**गंगोह।** पूरनमल रामलाल डिग्री कालेज की एनएसएस ईकाई के विशेष शिविर के तीसरे दिन स्वयंसेवकों व सेविकाओं को सशक्त लोकतंत्र के लिए वोट को बेशक. ीमती बताते हुए मतदाता सूचियों मे नाम जुडवानें और बिना किसी प्रलोभन या डर के निर्भीकता से मतदान को प्रेरित किया।

प्राचीन इतिहासिक बाबा हरिद. ास मन्दिर का भ्रमण किया एवं पुजारी उमेश दास से मन्दिर के बारे विस्तृत चर्चा की। स्वयसेबकों ने मन्दिर परिसर में सफाई की और छायादार एवं फल फूल वाले पौधे रो. पित किये। प्राचार्य पवन कुमार, कार्यक्रम अधिकारी रामकुमार, धीरेन्द्र मौर्य, अरुण सैनी, स्वयसेवक देवांश, मुराद अली, लक्ष्य कुमार, प्रिया, प्रियासी; जीनत, आरती आदि मौजूद रहे।

# कब्जा हटाने के विरोध में उतरे लोग



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** सर्किट हाउस रोड पर जैसे ही बुलडोजर चलाया गया तो कोरी माजरा लाकडमाजरा और आसपास के सैकड़ो लोग मौके पर पहुंचकर विरोध करते हुए लोग निर्माण विभाग के अधिकारी धर्मेंद्र योगराज का घेराव कर सवाल किए गए की बगैर नोटिस दिए बुलडोजर चलाया जा रहा है यह नियम विरुद्ध अपराध है।

इतिहास गवाह कि पहले मकान मालिकों को नोटिस जारी किया जाए और उसके उपरांत नोटिस जारी करके 30 दिन से लेकर 90 दिन का समय देना चाहिए ताकि मकान मालिक अपने मकान को स्वयं ही पीछे हटाने का समय देना चाहिए कुछ मकान मालिकों ने सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता के जन सूचना का अधिकार अधिनियम के अंतर्गत आदेश दिखाया गया की दाई तरफ पटरी राजबाहे के बीच के मध्य से 20 फुट और बायीओर पटरी 35 फुट की चौड़ाई राजबाहे की थी कुल 55 फुट सिंचाई विभाग के द्वारा निर्धारित की गई है लेकिन पीडब्ल्यूडी विभाग उसको गरीब लोगों के मकान तोड़कर 70 से 80 फुट चौड़ी सड़क बनाने का हसनपुर से शुगर मिल तक के 200 से ढाई सौ मकान जड़ में आते हैं जिससे बहुत से गरीब व्यक्ति घर से बेघर होने की स्थिति में आ जाएंगे।

इस अवसर पर राजकुमार प्रधान अरविंद भानु प्रताप सिंह सीपी सिंह ओम सिंह मोनू कुमार राजेंद्र कुमार जगन्नाथ विजयपाल रणदीप राणा बॉबी विश्वनाथ तिवारी यशपाल नरेश संजय राज चमन विजय राकेश अशोक कुमार आदि मौजूद रहे।

**दो वारंटी गिरफ्तार: सहारनपुर।** मंडी कोतवाली पुलिस ने दो वारंटी आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल कर ली। जनपद पुलिस द्वारा एसएसपी अभिनंदन सिंह के निर्देश पर अपराधों की रोकथाम एवं अपराधों में संलिप्त अपराधियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत मंडी कोतवाली पुलिस ने प्रभारी निरीक्षक नेमचंद सिंह व उपनिरीक्षक जोगेंद्र पाल सिंह के नेतृत्व में मुखबिर की सूचना पर चौकिंग के दौरान दो वांछित आरोपियों शफीक पुत्र कल्लू निवासी फुरकान मुतवल्ली के घर के पास मौहल्ला नूरबस्ती थाना कोतवाली नगर व मयंक शर्मा पुत्र गुलशन निवासी पाल डेरी के पास न्यू गोपाल नगर थाना कोतवाली नगर को उनके घरों से गिरफ्तार कर लिया।









# एफबीडी महिला विंग के शिविर में 55 यूनिट रक्त एकत्र




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर फैमिली ऑफ ब्लड डोनर्स ट्रस्ट की महिला विंग द्वारा लगाये गये रक्तदान शिविर में 55 यूनिट रक्त एकत्र हुआ।

दिल्ली रोड स्थित ब्लड सेंटर में लगाये शिविर में बड़ी संख्या में महिलाओं ने उत्साह के साथ पंजीकरण कराया, जिनमें से 55 महिलाओं ने सफलतापूर्वक रक्तदान किया, जबकि 15 से अधिक महिलाएँ स्वास्थ्य संबंधी नियमों के कारण रक्तदान नहीं कर सकीं। वरिष्ठ सलाहकार अनीता शर्मा, वरिष्ठ संरक्षक नीरू सिंह ने कहा कि समाज में स्वैच्छिक रक्तदान को जनआंदोलन बनाने में महिलाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। जब महिलाएँ आगे बढ़कर रक्तदान करती हैं तो वह पूरे समाज के लिए प्रेरणा बनती हैं। उपाध्यक्ष पूनम कम्बोज ने कहा कि फैमिली ऑफ ब्लड डोनर्स ट्रस्ट का उद्देश्य समाज के हर वर्ग को रक्तदान से जोड़ना है। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिलाओं के लिए विशेष शिविर आयोजित करना इसी दिशा में एक सार्थक पहल है।

महिला विंग की अध्यक्ष सोनिया कपूर व उपाध्यक्ष नंदिनी बठला ने कहा कि आज की महिलाओं ने यह सिद्ध कर दिया है कि वे समाज सेवा के हर क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा सकती हैं। रक्तदान शिविर में महिलाओं की उत्साहपूर्ण भागीदारी इस बात का प्रमाण है कि नई पीढ़ी सामाजिक जिम्मेदारियों को समझ रही है।

मंजू अरोडा, प्रीति भाटिया, रीता गुप्ता ने भी विचार रखे।















CMYK

शाह टाइम्स

सम्पादकीय

सोमवार, 9 मार्च 2026

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# ममता का धरना

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का एसआईआर के बाद मतदाता सूची में कथित मनमानी तरीके से नाम हटाए जाने के विरोध में चल रहा धरना रविवार को तीसरे दिन में प्रवेश कर गया, जिसमें टीएमसी सुप्रीमो ने भाजपा पर वैध मतदाताओं को मतदाता सूची से हटाने के लिए लुप्त आयोग का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया। उनकी यह टिप्पणी ऐसे दिन आई है जब राज्य विधानसभा चुनावों से पहले चुनावी तैयारियों की समीक्षा करने के लिए चुनाव आयोग की पूरी पीठ कोलकाता पहुंचने वाली है। बनर्जी ने यह भी आरोप लगाया कि देश अपनी लोकतांत्रिक नींव पर अभूतपूर्व और प्रत्यक्ष हमले का सामना कर रहा है। उन्होंने आरोप लगाया, अपने एक राष्ट्र, एक नेता, एक पार्टी के उन्माद में, भाजपा ने अपने जनविरोधी महत्वाकांक्षाओं को पूरा करने के लिए हर लोकतांत्रिक संस्था और हर संवैधानिक पद का व्यवस्थित रूप से दुरुपयोग किया है। बनर्जी ने दावा किया कि भाजपा का अंतिम लक्ष्य बाबासाहेब अंबेडकर द्वारा तैयार किए गए संविधान को अपने पार्टी घोषणापत्र से प्रतिस्थापित करना है। टीएमसी सुप्रीमो ने आरोप लगाया, सालों से वे बंगाल के खिलाफ केंद्रीय एजेंसियों, राष्ट्रीय आयोगों, चाटुकार गोदी मीडिया और न्यायपालिका के एक आज्ञाकारी वर्ग को लगा रहे हैं। वे वैध मतदाताओं को मतदाता सूची से मिटाने के लिए लुप्त आयोग का दुरुपयोग कर रहे हैं। ममता बनर्जी ने भाजपा नेतृत्व को दिल्ली के जमींदार बताया और दावा किया कि वे बंगाल को अपने अधीन करने के अपने मिशन में कभी सफल नहीं होंगे। उन्होंने कहा कि धर्मातला में हमारा धरना उन सभी बांग्ला-विरोधी एजेंडों का जवाब है जो इस राज्य के लोगों को अपमानित करने, डराने-धमकाने और सताने की कोशिश करते हैं। मुख्यमंत्री की यह टिप्पणी मतदाता सूचियों के विशेष गहन संशोधन (एसआईआर) को लेकर बढ़ते विवाद के बीच आई है, जिसके बारे में टीएमसी का दावा है कि इससे बड़ी संख्या में वैध मतदाताओं के नाम हटा दिए गए हैं। 28 फरवरी को जारी आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, पिछले साल नवंबर में एसआईआर प्रक्रिया शुरू होने के बाद से लगभग 63.66 लाख नाम- मतदाताओं के लगभग 8.3 प्रतिशत-हटा दिए गए हैं, जिससे मतदाता आधार लगभग 7.66 करोड़ से घटकर 7.04 करोड़ से थोड़ा अधिक रह गया है। इसके अतिरिक्त, 60.06 लाख से अधिक मतदाताओं को न्यायिक जांच के अधीन श्रेणी में रखा गया है, जिसका अर्थ है कि आने वाले हफ्तों में कानूनी जांच के माध्यम से उनकी पात्रता निर्धारित की जाएगी, एक ऐसी प्रक्रिया जो निर्वाचन क्षेत्र स्तर पर चुनावी समीकरणों को और अधिक रूप दे सकती है। सुश्री बनर्जी ने दावा किया कि जहां भाजपा की एकमात्र प्राथमिकता सत्ता है, वहीं उनकी प्राथमिकता हमेशा से जनता रही है।

## गरीबों को शर्मिंदा किया जाता है



वह गरीबों तथा अमीरों को मिलने वाली मुफ्त सरकारी सुविधाओं के खिलाफ नहीं हैं, लेकिन इस बारे में विचार करते समय ईमानदारी बहुत जरूरी है, गरीबों को दी जाने वाली सरकारी सुविधा का मजाक उड़ाया जाता है, जबकि अमीर लोगों को दी जाने वाली सुविधा को सम्मान बताया जाता है, जब गरीबों को जीवनयापन के लिए सब्सिडी मिलती है, तो इसे रेवड़ी और मुफ्त सुविधाएं कहा जाता है, जब अडानी और अंबानी को कौड़ियों के भाव जमीन, कर छूट और करोड़ों के ऋण माफ किए जाते हैं, तो इसे विकास कहा जाता है, गरीबों को शर्मिंदा किया जाता है, शक्तिशाली लोगों का गुणगान किया जाता है, मैं मुफ्त सुविधाओं के बारे में बातचीत के लिए तैयार हूं, लेकिन आइए ईमानदारी से दोनों पक्षों पर विचार करें।

**-राहुल गांधी, नेता विपक्ष, लोकसभा**

# विश्व में शांति का ठेका और नोबल शांति पुरस्कार की इच्छा



**तनवीर जाफरी**



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की जिद, सनक और हठधर्मी ने इस समय लगभग पूरी दुनिया को एक खतरनाक युद्ध में झोंक दिया है। अमेरिका व इस्राईल द्वारा अकारण ईरान पर थोपा गया एक ऐसा युद्ध जिसके अंजाम को लेकर विश्व के बड़े बड़े सामरिक विशेषज्ञ भी कोई भविष्यवाणी कर पाने में असमर्थ हैं। ईरान, इस्राईल और अमेरिका के बीच चल रहे इस युद्ध की लपटें फिलहाल मध्य पूर्व से भी आगे तक फैल चुकी हैं। लगभग 20 से अधिक देश इस युद्ध से प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित हो चुके हैं। गत 28 फरवरी से शुरू हुए इस युद्ध में अब तक हजारों निर्दोष लोगों की मौतें हो चुकी हैं। इसी युद्ध के परिणाम स्वरूप जहां ईरान ने अपने सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह अली खामनेई को खो दिया है वहीं युद्ध छिड़ने के पहले ही दिन यानी 28 फरवरी की सुबह को ही ईरान के दक्षिणी शहर मिनाब में अमेरिका और इस्राईल ने शाजारे तैय्यबह गर्ल्स प्राइमरी स्कूल पर उस वक्त हमला किया जब बच्चियां अपने अपने क्लास में पढ़ रही थीं। इस हमले में 175 तक छात्राएं मारी गईं जिनमें अधिकांश की उम्र 7-12 साल की थी। स्कूल का दो मंजिला भवन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा ईरान पर थोपा गया यह युद्ध किसी न किसी रूप में कुवैत इराक, बहरीन, सऊदी अरब, यूएई, ओमान, कतर, जॉर्डन, तुर्की, अजरबैजान, साइप्रस व यमन तक पहुंच गया है। यहां तक कि भारत-लंका के समुद्रीय क्षेत्र में भी अमेरिकी पनडुब्बी ने समुद्री हमला कर भारत में अतिथि के रूप में आए ईरान के एक नेवल जहाज को डुबो दिया है। अमेरिका-इस्राईल की इन सैन्य कार्रवाइयों से जहां पूरे विश्व की ऊर्जा जरूरतों के प्रभावित होने की संभावना है वहीं बढ़ते तेल संकट और विभिन्न हवाई क्षेत्र बंद होने से भी इस युद्ध का वैश्विक प्रभाव पड़ा है।

पूरे विश्व में दिनोंदिन फैलती जा रही इस अशांति के सबसे बड़े जिम्मेदार केवल अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप उनकी हठधर्मिता उनकी सनक व जिद को माना जा रहा है। जी हां, यह वही ट्रंप हैं जो अपने आप को स्वयंभू विश्व शांति दूत समझते हैं और विश्व का सबसे प्रतिष्ठित समझा जाने वाला नोबल शांति पुरस्कार पाने हेतु हमेशा लालायित नजर आते रहे हैं। उन्होंने समय समय पर न केवल नोबल शांति पुरस्कार प्राप्त करने की इच्छा कई बार सार्वजनिक रूप से व्यक्त की है बल्कि इसके लिए सक्रिय रूप से प्रयास भी किए हैं। वे स्वयं को इस पुरस्कार के योग्य समझते हुए कहते भी रहे है कि मैं इसका हकदार हूं ट्रंप ने तो 2017-2021 के अपने पहले कार्यकाल से ही नोबेल पुरस्कार प्राप्त करने की इच्छा जतानी शुरू कर दी थी। जोकि उनका दूसरा कार्यकाल आते आते 2025 में और अधिक तीव्र हो गई। अपने इस दावे के पक्ष में वे अपने शासनकाल की अमेरिकी विदेश नीति के फैसलों को पेश किया करते थे। हालांकि ट्रंप कई अवसरों पर यह भी कह चुके हैं कि वे नोबल शांति पुरस्कार के हकदार तो जरूर हैं परन्तु उन्हें लगता है कि इस पुरस्कार का निर्णय करने वाली नॉर्वेजियन नोबल कमेटी यह पुरस्कार उन्हें कभी नहीं देगी, जबकि 2025 में तो ट्रंप ने संयुक्त राष्ट्र की सभा में यह कहा था कि ष्हर कोई कहता है कि मुझे नोबल शांति पुरस्कार मिलना ही चाहिए।

हद तो यह है कि ट्रंप ने इस पुरस्कार के लिए इस तरह की बातें कीं यहां तक कि अपने असहज करने वाले बयानों से नोबल कमेटी पर इसके लिए दबाव बढ़ाने की कोशिश की जो नोबेल शांति पुरस्कार के इतिहास में इसके पहले किसी भी दावेदार द्वारा नहीं की गई। उदाहरण के तौर पर एक बार उन्होंने अमेरिकी सैनिकों से बातचीत के दौरान कहा कि वे (नॉर्वेजियन नोबेल कमिटी) इसे किसी ऐसे व्यक्ति को देंगे जिसने कुछ नहीं किया, लेकिन मुझे नहीं देंगे, जबकि मैं इसके योग्य हूं। इसके अलावा ट्रंप ने नॉर्वे के वित्त मंत्री जेन्स स्टोल्टेनबर्ग जोकि पूर्व नाटो प्रमुख भी हैं, को फोन कर यह पुरस्कार हासिल करने के लिए लॉबिंग की। उन्होंने 2025 में इस्राईली बंधकों के परिवारों से भी उन्हें पुरस्कार देने की अपील कराई। ट्रंप को इस्राईली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू व पाकिस्तान द्वारा इस पुरस्कार हेतु नामांकन भी कराया गया।

ट्रंप स्वयं को विश्व शांतिदूत इसलिए समझते थे कि उनका दवा था कि उन्होंने विश्व में 8 युद्ध समाप्त किए। इन दावों के समर्थन वे इस्राईल और हमास के बीच गजा युद्ध में सीज फायर डील, रूस-यूक्रेन युद्ध को समाप्त करने की कोशिशें, इस्राईल -ईरान, भारत-पाकिस्तान, थाईलैंड-कंबोडिया, और अजरबैजान-अल्बानिया के बीच संघर्ष रुकवाने जैसे दावे करते रहे हैं। हालांकि इनमें से कई दावे हास्यास्पद भी हैं, क्योंकि इनमें से कई जगह या तो युद्ध अभी भी जारी हैं या फिर इनमें अमेरिका (ट्रंप) की कोई निर्णायक भूमिका नहीं थी। या फिर कुछ देश श्ट्रंप हस्तक्षेप या मध्यस्थता मानने को तैयार नहीं। दूसरी तरफ आंकड़े यह बताते है कि इसी स्वयंभू शांतिदूत के कार्यकाल में 2017 में अमेरिकी सैन्य कार्रवाइयों से इराक, सीरिया, अफगानिस्तान और यमन में 499 नागरिकों की मौत हुई। इन्हीं के कार्यकाल में अफगानिस्तान में युद्ध ने 2,463 अमेरिकी सैनिकों और नागरिकों की जान ली। इसी तरह ट्रंप के दूसरे कार्यकाल में 2025-2026 के दौरान ईरान और वेनेजुएला जैसे देशों पर हमले किए गए। वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मदुरै को उनकी पत्नी सहित अपहृत कर अमेरिका ले जाया गया। 2025 में अलकायदा के एक दुर्दांत आतंकी सरगना अहमद हुसैन अल शरा को सीरिया का राष्ट्रपति थोप दिया गया। क्योंकि राष्ट्रपति निक. ोलस मदुरै की ही तरह पूर्व राष्ट्रपति बशर अलअसद, भी ट्रंप व अमेरिका के पिछलग्गू नहीं थे और अब ट्रंप ने इस्राईल से अपनी दोस्ती निभाते हुए ईरान को एक बार फिर ऐसे युद्ध में लपेट लिया है जहां विनाश का अभूतपूर्व इतिहास लिखा जा रहा है और नि:संदेह इस विनाश के जनक और कोई नहीं बल्कि केवल स्वयंभू विश्व शांतिदूत राष्ट्रपति ट्रंप ही हैं।

केवल तेल संपदा पर नियंत्रण के लिए वेनेजुएला से लेकर ईरान तक और ईरान युद्ध के चलते विश्व में अशांति फैलाने वाले ट्रंप का नोब. ेल शांति पुरस्कार के लिए इस कद्र मचलना वास्तव में हैरान करने वाला है। खासकर तब और भी अधिक जबकि एप्सटीन फाइल्स में उनके कथित कारनामे न केवल पूरे अमेरिका बल्कि पूरी मानवता को शर्मसार करने वाले हो सकते हैं। ट्रंप का कत्लो गारत का यह मिशन अभी पूरा नहीं हुआ है, क्योंकि वे स्वयं ईरान के बाद अब क्यूबा पर हमले की योजना बना रहे हैं। गोया एक तरफ तो ट्रंप ने पूरे विश्व में अशांति फैलाने का ठेका भी ले रखा है और दूसरी तरफ नोबेल शांति पुरस्कार की इच्छा भी पाले हुए हैं?

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# सिर्फ पढ़ाई ही नहीं साथ में करें कमाई भी

अगर आप कॉलेज में पढ़ाई के साथ-साथ कुछ अर्न भी करना चाहते हैं तो यह खबर आपके लिए है। अर्निंग हैबिट हर किसी को जिम्मेदार और आत्मनिर्भर बनाता है और अगर कॉलेज के दिनों में आत्मनिर्भरता की ओर कदम बढ़ाने का मौका मिले, तो क्या कहना? आइए आपको बताते हैं कि आप पढ़ाई के साथ कुछ घंटे काम करके कॉलेज के दौरान कैसे 10 से 20 हजार रुपए मंथली कमा कर खुद को सहारा दे सकते हैं।

### सोशल मीडिया स्ट्रेटेजिस्ट

सोशल मीडिया के बढ़ते असर को देखते हुए कॉरपोरेट कंपनियां, पॉलिटीशियन, सरकारी महकमों आदि में सोशल मीडिया मैनेज करने वालों की मांग तेजी से बढ़ी है। इसमें वैसे लोगों की मांग बढ़ी है, जिसको फेसबुक, ट्विटर, लिंक्डइन, यूट्यूब आदि की समझ हो और इसको अच्छे से मैनेज करने की क्षमता रखते हों। कॉलेज स्टूडेंट इस काम को पढ़ाई के साथ बेहतर तरीके से कर सकते हैं। इसके लिए कोई एक्सट्रा नॉलेज या स्पेस की जरूर नहीं होगी। आपको कंटेंट और टेक्नोसेवी होना होगा। इसके लिए अगर आप रोज 2 से 4 घंटे देकर काम करते हैं तो 10 से 20 हजार रुपए तक कमा सकते हैं। एक बार आपका काम कंपनी या व्यक्ति को समझ में आ जाने के बाद काम लेने के लिए ज्यादा मशक्कत नहीं होगी।

### ऑनलाइन रिसर्चर

आज के इस कम्पटेटिव दौर में ज्यादातर कंपनियां प्रोडक्ट लॉन्च करने से पहले ऑनलाइन रिसर्च करती हैं। इसके अलावा कॉलेज भी अलग-अलग टॉपिक पर रिसर्च कराते हैं। इसके लिए कॉलेज के डिपार्टमेंट्स पेड रिसर्च को पार्ट टाइम हायर करते हैं। हालांकि, इस फील्ड में काम करने के लिए आपके पास पहले से थोड़ा-बहुत अनुभव होना चाहिए। अगर आप किसी प्रोडक्ट या सबजेक्ट को लेकर ऑनलाइन रिसर्च कर रहे हैं तो उस के विषय में पहले से जानकारी बहुत जरूरी है। तभी आप सही तरीके से रिसर्च कर सकते हैं। इस वर्क करने के दो फायदे मिलेंगे। एक तो कमाई होगी और दूसरा आपके बायोडाटा में यह एक एडेड एडवांटेज के तौर पर जुड़ जाएगा। ऑनलाइन रिसर्चर के तौर पर आप महीने में 15 से 20 हजार रुपए कमा सकते हैं। इसके लिए आपको 2 से 5 घंटे देने होंगे।

### फास्ट फूड शॉप में पार्ट टाइम जॉब

कॉलेज के बाद पार्ट टाइम जॉब के रूप में आप कॉफी-डे, बरिस्ता, केएफसी, डोमिनोज, बड़े डिपार्टमेंट स्टोर का रुख कर सकते हैं। इस तरह के फास्ट फूड स्टोर और डिपार्टमेंट स्टोर में आमतौर पर शाम के वक्त ज्यादा लोगों की जरूरत होती है। ऐसा नहीं कि सिर्फ शाम के वक्त ही ये पार्ट टाइम जॉब ऑफर करते हैं। सुबह, दोपहर और नाइट में भी पार्ट टाइम का ऑफर रहता है। ये यंग लड़के को पार्ट टाइम के तौर पर रखने की प्रमुखता देते हैं। इस तरह के डिपार्टमेंटल स्टोर में 3 से 6 घंटे काम करने का ऑफर हमेशा होता है। 3 से 5 घंटे काम कर मंथली 8 से 15,000 रुपए कमा सकते हैं। कमाई के साथ ये ड्रिंक (काफी, ठंडा) और मील (खान) मुफ्त में देते हैं।



इससे छात्रों की फूडिंग परेशानी दूर हो जाती है।

### इवेंट प्लानिंग

अगर, आप किसी मेट्रो सिटी या बड़ी सिटी में पढ़ाई कर रहे हैं तो आप रोज किसी न किसी इवेंट से रूबरू जरूर हो रहे होंगे। बड़े शहरों के अलावा टियर टू और थ्री शहरों में इवेंट ऑर्गेनाइजर की मांग तेजी से बढ़ी है। इसके चलते इस सेक्टर में काम करने वाली कंपनियों को नए हैंड की जरूरत बढ़ी है। वे इसके लिए पार्ट टाइम लड़के या लड़कियों को हायर करते हैं। इवेंट कंपनी में पार्ट टाइम जॉब की टाइमिंग 4 से 6 घंटे की होती है। इवेंट कंपनी में काम करने के सबसे बड़ा फायदा उन स्टूडेंट को मिलता है तो मैनजमेंट (बीबीए या एमबीए) कर रहे होते हैं। उनको इवेंट के दौरान मैनजेमेंट के गुर सिखने को मिलते हैं। साथ ही वो ऐसे चैलेंज से भी अवगत हो जाते हैं, जो काम के दौरान भविष्य में उनके सामने आने वाले होते हैं। वो अपने काम को अपने रेज्यूमे में दिखा सकते हैं, जिससे कैम्पस सेलेक्शन में भी आसानी होती है। इवेंट कंपनी में काम कर महीने के 10 से 20 हजार रुपए की कमाई आसानी से कर सकते हैं। महीने में 15 से 20 दिन काम करना होगा। काम 4 से 6 घंटा करना होगा।

### कंटेंट एडिटिंग एंड राइटिंग

अगर, आपको लिखने का शौक या भाषा पर अच्छी पकड़ है तो आप कंटेंट का काम कर अच्छी खासी रकम कमा सकते हैं। इसमें आपको कंटेंट एडिटिंग से लेकर राइटिंग का काम कर सकते हैं। कंटेंट एडिटर के तौर पर आप जिस भाषा में काम करेंगे उस पर अच्छी पकड़ होनी चाहिए।

# अमेरिका की कूटनीति नहीं दादागिरी!



**विनीत नारायण**

आज दुनिया में हर ओर युद्ध, तबाही और अराजकता का दौर है। विकास की गति रुक रही है। अनिश्चितता का वातावरण है। अनेक देशों के नेता ही मवालियों की तरह बर्ताव कर रहे हैं। जबकि विश्व के लोग हमेशा शांति और विकास चाहते हैं। कोई भी युद्ध नहीं चाहता। हर कोई यह चाहता है कि दुनिया के हर मुल्क में स्थिरता का माहौल बना रहे। इसी उठा-पटक में अमरीका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प सबसे आगे हैं। ट्रम्प ही क्यों, अमरीका की तो फितरत ही रही है कि कोई बहाना ढूंढ कर कमजोर देशों को दबाना और उनके संसाधनों पर कब्जा करना। हाल ही में सोशल मीडिया पर वायरल एक पोस्ट ने अमेरिका की कूटनीति और युद्ध रणनीति पर गंभीर सवाल उठाए हैं।

सोशल मीडिया पर एक पोस्ट काफी वायरल हुई जिसमें लिखा है कि, प्रिय दुनिया, क्या तुम अमेरिका और उसके सहयोगियों द्वारा झूठ बोलने से थक नहीं गए हो? क्या तुम उस साम्राज्य से थक नहीं गए हो जो खून और मौत की तलाश में नहीं रुकता? उन्होंने कोरिया (1950.1953) के बारे में झूठ बोला, ग्वाटेमाला (1954) के बारे में, इंडोनेशिया (1958), क्यूबा (1961), वियतनाम (1961.1975), लाओस (1964.1973), कांगो (1964), डोमिनिकन रिपब्लिक (1965), कंबोडिया (1969.1970), ग्रेनाडा (1983), लेबनान (1983.1984), लीबिया (1986), ईरान (1987.1988), पनामा (1989), इराक (1991, 1998, 2003), सोमालिया (1992. 1994, 2007.वर्तमान), बोस्निया (1994.1995), सूडान (1998), अफगानिस्तान (1998, 2001), यूगोस्लाविया (1999), यमन (2002.वर्तमान), पाकिस्तान (2004), सीरिया (2014), लीबिया (2011), वेनेजुएला (2026), क्यूबा (2026), ईरान (2026) के बारे में झूठ बोला। अमेरिका या उसके सहयोगी कभी किसी बात पर सच्चे रहे हैं? दुनिया कब इनके झूठ से ऊब जाएगी? अब तो हमें पता होना चाहिए कि वैश्विक अशांति, मौत, अराजकता और विनाश के जिम्मेदार कौन हैं? जो दुनिया की स्थिरता के खिलाफ हैं? जो विश्व शांति के विचार से डरते हैं? तुम्हारी चुप्पी सहयोग है! अमेरिका वैश्विक मुसीबत पैदा करने वाला है। मौत और विनाश की मशीन। अमेरिकी साम्राज्य की तानाशाही के खिलाफ बोलो।

यह पोस्ट न केवल अमेरिका की ऐतिहासिक गलतियों को उजागर करती है बल्कि दुनिया को जगाने का प्रयास भी करती है। आज, जब हम वेनेजुएला, क्यूबा और ईरान जैसे देशों में अमेरिकी हस्तक्षेप की नई लहर देख रहे हैं, यह स्पष्ट हो गया है कि अमेरिका के फैसले गलत साबित हो चुके हैं। इन युद्धों ने न केवल लाखों जानें लीं बल्कि दुनिया को अस्थिरता की ओर धकेला। अमेरिका की इन गलतियों से यह पता चलता है कि वैश्विक समुदाय अब युद्धों से कितना ऊब चुका है?

अमेरिका की विदेश नीति का इतिहास झूठ, हस्तक्षेप और युद्धों से भरा पड़ा है। 1950 के दशक से शुरू करें तो कोरियाई युद्ध (1950-1953) में अमे. रिका ने उत्तर कोरिया के आक्रमण का बहाना बनाकर हस्तक्षेप किया, लेकिन वास्तविकता यह थी कि यह शीत युद्ध की रणनीति का हिस्सा था। लाखों कोरियाई मारे गए, लेकिन क्या अमेरिका की जीत हुई? नहीं, यह युद्ध आज भी कोरियाई प्रायद्वीप पर तनाव का कारण बना हुआ है। इसी तरह, 1954 में ग्वाटेमाला में अमे. रिका ने लोकतांत्रिक रूप से चुनी गई सरकार को उखाड़ फेंका, क्योंकि वहां की भूमि सुधार नीतियां अमेरिकी कंपनियों को पसंद नहीं आईं। सीआईए के ऑपरेशन ने देश को दशकों की अस्थिरता में डाल दिया। क्या यह फैसला सही साबित हुआ? नहीं, ग्वाटेमाला आज भी गरीबी और हिंसा से जूझ रहा है।

1950-60 के दशक से अमेरिका के झूठ की फेहरिस्त लंबी है। इंडोनेशिया (1958) में सीआईए ने विद्रोहियों को समर्थन दिया, लेकिन असफल रहा। क्यूबा (1961) में 'बे ऑफ पिग्स' हमला एक बड़ी असफलता थी, जहां अमेरिका ने फिदेल कास्त्रो को हटाने की कोशिश की लेकिन खुद की किरकिरी हुई। वियतनाम युद्ध (1961-1975) तो अमेरिकी इतिहास का सबसे काला अध्याय है। अमेरिका ने श्टोंकिन की खाड़ी घटनाश् को बहाना बनाकर युद्ध शुरू किया, जो बाद में झूठ साबित हुआ। 58,000 अमेरिकी सैनिक और लाखों वियतनामी मारे गए। अमेरिका हारकर लौटा, और वियतनाम आज एक मजबूत अर्थव्यवस्था वाला देश है। क्या अमेरिका का फैसला सही था? नहीं, यह युद्ध अमेरिकी समाज को भी बांट गया। लाओस (1964-1973) और कंबोडिया (1969-1970) में गुप्त बमबारी ने लाखों लोगों को मार डाला और खमेर रूज जैसे आतंक को जन्म दिया। कांगो (1964) में अमेरिका ने वहां प्रधानमंत्री पैट्रिस लुमुम्बा की हत्या में भूमिका निभाई, जो अफीका की आजादी के प्रतीक थे। डोमिनिकन रिपब्लिक (1965) में हस्तक्षेप ने लोकतंत्र को कुचला। 1980 के दशक में भी यह सिलसिला जारी रहा। ग्रेनाडा (1983) में अमेरिका ने मेडिकल छात्रों की सुरक्षा का बहाना बनाकर आक्रमण किया, लेकिन यह छोटे देश पर साम्राज्यवादी कब्जा था। लेबनान (1983-1984) में अमेरिकी सैनिकों की मौत हुई, लेकिन कोई स्थाई शांति नहीं आई। लीबिया (1986) में कद्दाफी पर हमला, ईरान (1987-1988) में नौसेना संघर्ष, पनामा (1989) में नोरिएगा को हटाना . ए सभी फैसले अमेरिका की ताकत दिखाने के लिए थे, लेकिन उन्होंने क्षेत्रीय अस्थिरता बढ़ाई। इराक के खिलाफ 1991 का गल्फ वॉर, 1998 की बमबारी और 2003 का आक्रमण श्महाविनाश के हथियारोंश के झूठ पर आधारित था। सद्दाम हुसैन को हटाया गया, लेकिन इराक आज भी अराजकता में डूबा है, आईएसआईएस जैसे समूह पैदा हुए। सोमालिया (1992-1994, 2007-वर्तमान) में अमेरिकी हस्तक्षेप ने समुद्री डकैती और आतंकवाद बढ़ाया। बोस्निया (1994-1995) में नाटो हमले, सूडान (1998) में दूतावास बमबारी, अफगानिस्तान (1998, 2001) में तालिबान के खिलाफ युद्ध यह सभी अमेरिका की 'आतंकवाद विरोधी' नीति के नाम पर थे, लेकिन अफगानिस्तान से 2021 की शर्मनाक वापसी ने साबित किया कि 20 साल का युद्ध व्यर्थ था। यूगोस्लाविया (1999) में नाटो बमबारी ने कोसोवो को अलग किया, लेकिन जातीय तनाव आज भी हैं। यमन (2002-वर्तमान) में ड्रोन हमलों ने नागरिकों को मार डाला, पाकिस्तान (2004) में भी यही हुआ। सीरिया (2014) में आईएसआईएस के खिलाफ हस्तक्षेप ने देश को बर्बाद कर दिया। लीबिया (2011) में कद्दाफी को हटाने के बाद देश गृहयुद्ध में फंस गया। और अब 2026 में वेनेजुएला, क्यूबा और ईरान पर झूठ। वेनेजुएला में अमेरिका ने आर्थिक प्रतिबंध लगाए और विपक्ष को समर्थन दिया, दावा किया कि मदुरो तानाशाह है, लेकिन यह तेल संसाधनों पर कब्जे की कोशिश है। क्यूबा पर दशकों से प्रतिबंध, लेकिन 2026 में नए आरोप लगाकर दबाव बढ़ाया जा रहा है। ईरान पर परमाणु कार्यक्रम के बहाने हमले की धमकी, जबकि ईरान शांति समझौते चाहता है। ये सभी फैसले गलत साबित हो चुके हैं क्योंकि उन्होंने न केवल लक्षित देशों को नुकसान पहुंचाया बल्कि वैश्विक अर्थव्यवस्था को प्रभावित किया।

संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट्स बताती हैं कि युद्धों से करोड़ों लोग विस्थापित हुए, अर्थव्यवस्थाएं चरमरा गईं। यूक्रेन-रूस संघर्ष और इजराइल-फिलिस्तीन विवाद में अमेरिका की भूमिका ने दिखाया कि वह शांति दलाल नहीं, बल्कि युद्ध उकसाने वाला है। एशिया, अफ्रीका और लैटिन अमेरिका के देश अब चीन और रूस जैसे भागीदारों की ओर मुड़ रहे हैं, क्योंकि उन्हें लगता है कि ए देश शांति और विकास पर जोर देते हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)



केरल। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर भोजन करते समय छात्राओं से बातचीत करते लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी।

## अमेरिका-इजरायल और ईरान युद्ध में कुर्द को शामिल नहीं करना चाहते हैं: ट्रम्प

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि वह नहीं चाहते हैं कि अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच चल रहे युद्ध में कुर्द शामिल हों। ट्रम्प ने शनिवार शाम कहा कि हम नहीं चाहते कि कुर्द युद्ध में शामिल हों। उन्होंने कहा कि हम युद्ध को पहले से ज्यादा मुश्किल नहीं बनाना चाहते। मैं नहीं चाहता कि कुर्द घायल हों और मारे जाएं। हमारे बीच अच्छे रिश्ते रहे हैं। वे युद्ध में शामिल होने को तैयार हैं, लेकिन सच में मैंने उनसे कहा है कि मैं नहीं चाहता कि वे युद्ध में शामिल हों।

## श्रीलंका ने बचाए गए ईरानी नाविकों को वायुसेना बेस पर भेजा

**कोलंबो।** श्रीलंका ने ईरानी युद्धपोत आइरिस डेना के डूबने के बाद बचाए गए 22 ईरानी नाविकों को करापितिया अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद दक्षिणी प्रांत के कोग्गला में श्रीलंका वायुसेना बेस पर भेज दिया है। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। दस और नाविकों का अभी भी इलाज चल रहा है, जिनमें से आठ को आपातकालीन देखरेख में रखा गया है। इस बीच, श्रीलंका के अधिकारियों ने एक और ईरानी नौसेना के जहाज आइरिस बुशहर से सभी 204 लोगों को वेलिसारा नौसेना कैंप में रखा है। आइरिस बुशहर को शुक्रवार को त्रिकोमाली के पूर्वी बंदरगाह पर ले जाया गया। श्रीलंका पिछले हफ्ते द्वीप के दक्षिणी तट पर समुद्री इमरजेंसी के बाद ईरानी नौसेनिकों को मेडिकल देखभाल, शरण और आवागमन से संबंधित समर्थन दे रहा है।

# न्यूयॉर्क मेयर ममदानी के आवास पर बम हमले की कोशिश

### न्यूयॉर्क सिटी पुलिस विभाग ने इस मामले में दो संदिग्धों की पहचान की है और उन्हें हिरासत में लिया

**न्यूयार्क।** अमेरिका के न्यूयॉर्क शहर में एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है, जहां मेयर जोहरान ममदानी के आधिकारिक आवास, ग्रेसी मेंशन के बाहर बम हमले का प्रयास किया गया। न्यूयार्क सिटी पुलिस विभाग (एनवाईपीडी) ने इस मामले में दो संदिग्धों की पहचान की है और उन्हें हिरासत में लिया है।

■ यह घटना रमजान के पवित्र महीने के दौरान हुई, जब दो विरोधी प्रदर्शनकारी समूहों के बीच हिंसक झड़प हुई



यह घटना रमजान के पवित्र महीने के दौरान हुई, जब दो विरोधी प्रदर्शनकारी समूहों के बीच हिंसक झड़प हुई। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार घटना के दौरान एक वीडियो में एक संदिग्ध को एक उपकरण दूसरे को सौंपते हुए दिखाया गया है, जिसके तुरंत बाद गिरफ्तारी हुई। पुलिस द्वारा बरामद किए गए उपकरण में एक जार था, जो काले टेप से लिपटा हुआ था और उसमें नट, बोल्ट, स्क्रू और एक फ्यूज भरा हुआ था। यह उपकरण फुटबाल से थोड़ा छोटा बताया जा रहा है। यह कार्रवाई उस समय हुई जब मेयर के आधिकारिक आवास के बाहर दो विरोधी प्रदर्शनकारी समूहों के बीच झड़प हो गई थी। पुलिस ने इस दौरान कुल छह लोगों को हिरासत में लिया। बताया गया कि यह हिंसा उस समय भड़की जब दक्षिणपंथी प्रभावक जेक लैंग द्वारा आयोजित एक इस्लाम विरोधी प्रदर्शन का टकराव रमजान के दौरान आयोजित एक प्रदर्शन से हो गया। इस दौरान दो संदिग्ध उपकरणों को जलाकर फेंका गया। पुलिस आयुक्त जेसिका एस. टिश ने बताया कि ये उपकरण आकार में फुटबाल से थोड़े छोटे थे और फिलहाल उनकी जांच की जा रही है ताकि यह पता लगाया जा सके कि वे वास्तव में काम करने वाले विस्फोटक थे या सिर्फ डर फैलाने के लिए बनाए गए थे। पुलिस के मुताबिक प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि हवा में जाते समय उपकरण से आग और धुआं निकलता दिखाई दिया, जो एक बैरियर से टकराने के बाद पुलिस अधिकारियों से कुछ फीट दूर गिरकर बुझ गया। रिपोर्ट के अनुसार घटना की शुरुआत तब हुई जब इस्लाम विरोधी समूह के एक व्यक्ति ने काउंटर-प्रोटेस्ट करने वालों पर कथित तौर पर मिर्च स्प्रे का इस्तेमाल किया। लगभग 20 मिनट बाद एक 18 वर्षीय प्रदर्शनकारी ने जलता हुआ उपकरण प्रदर्शन क्षेत्र की ओर फेंका, जो सड़क के क्रासवाक पर गिरा। इसके बाद उसी व्यक्ति ने अपने 19 वर्षीय साथी से दूसरा उपकरण लिया और उसे भी जलाकर सड़क पर गिरा दिया, तभी पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दोनों को हिरासत में ले लिया। ये दोनों उन छह लोगों में शामिल हैं, जिन्हें पुलिस ने पकड़ा है। घटना के बाद मेयर जोहरान ममदानी और उनकी पत्नी रमा दुवाजी सुरक्षित बताए गए हैं। मेयर के प्रवक्ता ने इस प्रदर्शन को 'निंदनीय और इस्लामोफोबिक' बताया और कहा कि यह घटना उन खतरों की याद दिलाती है जिनका उन्हें अक्सर सामना करना पड़ता है।

## संक्षिप्त समाचार

### ट्रम्प ने ब्रिटेन को कहा धन्यवाद, अब हमें मदद की जरूरत नहीं

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने अमेरिका-इजरायल और ईरान युद्ध में दो विमान-वाहक पोत भेजने पर विचार करने के लिए ब्रिटेन धन्यवाद दिया है और कहा है कि अब उन्हें इसकी जरूरत नहीं हैं। ट्रम्प ने ट्रूथ सोशल पर ब्रिटेन को धन्यवाद देते हुए कहा कि ब्रिटेन जो कभी हमारा सबसे बड़ा साथी था, शायद सबसे बड़ा, आखिरकार पश्चिम एशिया में दो विमान-वाहक पोत भेजने के बारे में गंभीरता से सोच रहा है। कोई बात नहीं प्रधानमंत्री कीर स्टारमर, हमें अब उनकी जरूरत नहीं है, लेकिन हम याद रखेंगे।

### बेरूत के होटल पर इजरायली हमले में चार की मौत, 10 घायल

**बेरूत।** लेबनान की राजधानी बेरूत स्थित एक होटल पर इजरायल की ओर से किए गए हमले में चार मारे गए, जबकि 10 अन्य लोग घायल हुए हैं। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार लेबनान के अधिकारियों ने बताया कि बेरूत के होटल पर इजरायली हमले में चार लोगों की मौत हो गई और 10 घायल हो गए। लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार यह हमला मध्य बेरूत में स्थित एक होटल पर हुए, जिसके कारण चार लोगों की जान चली गई।

### बंगलादेश : खालिदा जिया को मिला 'श्रेष्ठ अजेय महिला पुरस्कार'

**ढाका।** बंगलादेश की पूर्व प्रधानमंत्री और बंगलादेश नेशनलिस्ट पार्टी की पूर्व अध्यक्ष खालिदा जयिा को लोकतंत्र को आगे बढ़ाने में उनकी भूमिका के लिए 'श्रेष्ठ अजेय महिला' सम्मान से नवाजा गया है। उनकी तरफ से उनकी पोती जैमा रहमान ने यह पुरस्कार स्वीकार किया। सुजयिा की बहू जुबैदा रहमान भी आयोजन में मौजूद रहीं। मोहम्मद शहाबुद्दीन ने रविवार सुबह 11 बजे उस्मानी मेमोरियल ऑडिटोरियम में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर एक कार्यक्रम में जैमा रहमान को यह पुरस्कार दिया।

### पेजेश्कियान के बयान के सिर्फ एक दिन बाद ईरान ने बरपाया कहर

# अरब देशों में ड्रोन, मिसाइल हमलों की नई लहर

**रियाद/ मनामा।** पड़ोसी देशों से माफी मांगने वाले ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियान के बयान के सिर्फ एक दिन बाद फारस की खाड़ी के कई देशों में रविवार सुबह ड्रोन और मिसाइल हमलों की नई लहर दर्ज की गई, जिससे क्षेत्र में तनाव और बढ़ गया है। कुवैत की सेना ने कहा है कि कुवैत अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के ईंधन भंडारण क्षेत्र को 'शत्रुतापूर्ण ड्रोन की लहर' ने निशाना बनाया। सेना के अनुसार वायु रक्षा प्रणालियों ने कई ड्रोन और बैलिस्टिक मिसाइलों को मार गिराया, लेकिन अवरोधन के दौरान गिरे मलबे से कुछ नागरिक ढांचे को नुकसान पहुंचा।

सरकारी मीडिया के अनुसार ड्रोन हमले में पब्लिक इंस्टीट्यूशन फॉर सोशल सिक्योरिटी की इमारत भी प्रभावित हुई। लगभग 22 मंजिला इस भवन में आग लगने की तस्वीरें सामने आई हैं लेकिन इसमें किसी के घायल होने की खबर नहीं है। इस बीच, कुवैत के बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स के दो जवानों की रविवार सुबह 'कर्तव्य निभाते समय' मौत हो गई।

यह स्पष्ट नहीं है कि यह घटना हवाई अड्डे और सरकारी भवन पर हुए हमलों से जुड़ी है या नहीं। सऊदी अरब के रक्षा मंत्रालय ने भी रविवार तड़के ड्रोन हमलों की पुष्टि करते हुए कहा कि उसकी वायु रक्षा प्रणाली ने कम से कम 21 ड्रोन को मार गिराया है। बहरीन में गृह मंत्रालय ने बताया कि मिसाइलों के टुकड़े गिरने से एक विश्वविद्यालय की इमारत को




■ अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के ईंधन भंडारण क्षेत्र को 'शत्रुतापूर्ण ड्रोन की लहर' ने निशाना बनाया: कुवैत
■ सऊदी अरब ने भी की ड्रोन हमलों की पुष्टि, कहा: उसकी वायु रक्षा प्रणाली ने 21 ड्रोन मार गिराए
■ ईरानी ड्रोन हमले के कारण बहरीन के जल शुद्धिकरण संयंत्र को नुकसान पहुंचा: बहरीन गृह मंत्रालय

नुकसान पहुंचा और तीन लोग घायल हुए। इसके अलावा एक समुद्री जल शोधन संयंत्र भी क्षतिग्रस्त हुआ है। संयुक्त अरब अमीरात के राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने बताया कि देश की वायु रक्षा प्रणालियां रविवार सुबह एक संभावित मिसाइल खतरे का सामना कर रही थीं।

इन हमलों से एक दिन पहले ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियान ने खाड़ी देशों से पिछले सप्ताह अमेरिकी ठिकानों पर हुए ड्रोन और मिसाइल हमलों के लिए खेद व्यक्त किया था और कहा था कि यदि उन पर हमला नहीं किया गया तो ईरान अपने पड़ोसी देशों को निशाना नहीं बनाएगा। बाद में राष्ट्रपति कार्यालय ने स्पष्ट किया कि उनका आशय यह था कि यदि क्षेत्रीय देश अमेरिका के हमलों में सहयोग नहीं करते हैं, तो ईरान भी उन पर हमला नहीं करेगा। वहीं बहरीन के गृह मंत्रालय ने कहा है कि ईरानी ड्रोन हमले के कारण बहरीन के एक जल शुद्धीकरण संयंत्र को नुकसान पहुंचा है। यह घटना ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अराघची के उस बयान के एक दिन बाद हुई है, जिसमें उन्होंने कहा था कि अमेरिका ने दक्षिणी ईरान के केश्म द्वीप पर एक जल शुद्धीकरण संयंत्र पर हमला किया है, जो अपने आप में एक 'मिसाल' है। बहरीन के इस बयान के बाद ईरान की ओर से फिलहाल कोई तत्काल प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। खाड़ी के अधिकतर देश अपने निवासियों की खपत के लिए मुख्य रूप से जल शुद्धीकरण पर ही निर्भर हैं। बहरीन ने कहा है कि एक ईरानी ड्रोन ने जल शुद्धीकरण संयंत्र पर हमला किया। पिछले नौ दिनों से जारी युद्ध के दौरान यह पहली बार है, जब किसी अरब देश ने ईरान की ओर से जल शुद्धीकरण संयंत्र को निशाना बनाए जाने का दावा किया है। यह घटना तब हुई है, जब ईरानी अधिकारियों ने कहा था कि अमेरिका ने देश के दक्षिणी द्वीप केश्म में ईरान के जल शुद्धीकरण संयंत्र को निशाना बनाया है। खाड़ी देशों में प्राकृतिक मीठे पानी के संसाधन अत्यंत सीमित हैं। इस कारण पानी की जरूरतों को पूरा करने के लिए वे ऊर्जा-गहन समुद्री जल विलवणीकरण पर निर्भर रहते हैं। वॉशिंगटन डीसी के अरब सेंटर के प्रकाशित शोध पत्र के अनुसार, ए संयंत्र कितने महत्वपूर्ण हैं, इसे समझने के लिए यहां कुछ आंकड़े दिए गए हैं-खाड़ी सहयोग परिषद (जीसीसी) के सदस्य देश वैश्विक जल शुद्धीकरण क्षमता का लगभग 60 प्रतिशत हिस्सा रखते हैं और इस पूरे क्षेत्र में 400 से अधिक शुद्धीकरण संयंत्रों के माध्यम से दुनिया के कुल विलवणीकृत जल का लगभग 40 प्रतिशत उत्पादन करते हैं।

## हमला करने वालों के खिलाफ मजबूती से खड़ा है ईरान: मसूद पेजेश्कियान



**तेहरान।** ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियान ने कहा है कि ईरान पर हमला करने वालों के खिलाफ देश मजबूती से खड़ा है और किसी भी आक्रामकता का जवाब पूरी ताकत के साथ दिया जाएगा। ईरानी सरकारी मीडिया के अनुसार, पेजेश्कियान ने एक अस्पताल में घायलों से मुलाकात के बाद यह टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि उनके पहले दिए गए बयान को गलत तरीके से पेश किया गया, जिससे यह धारणा बनाई गई कि ईरान खाड़ी देशों पर हमले रोकने का निर्णय ले रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि ईरान अपने पड़ोसी देशों के साथ अच्छे और भाईचारे वाले संबंध चाहता है। यदि किसी अन्य देश की जमीन से ईरान पर हमला किया जाता है, तो उसे जवाब देने के लिए मजबूर होना पड़ेगा, लेकिन इसका अर्थ यह नहीं है कि उन देशों के साथ उसका विवाद है। पेजेश्कियान ने कहा कि ईरान किसी भी हमले के सामने मजबूती से खड़ा रहेगा और उसका जवाब ताकत के साथ देगा। उन्होंने कहा कि सभी समस्याओं के बावजूद देश के लोग किसी भी राजनीतिक दल या गुट से ऊपर उठकर दुश्मन के खिलाफ एकजुट रहेंगे।

## ईरान ने किया मिनाब में बालिकाओं के स्कूल पर हमला: ट्रम्प

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान के मिनाब शहर में एक स्कूल पर हुए हमले में अमेरिका की जिम्मेदारी से इन्कार करते हुए कहा है कि इसे ईरान ने खुद अंजाम दिया था। इस हमले में 175 लोगों की मौत हुई थी, जिनमें अधिकांश बच्चे बताए जा रहे हैं। ट्रम्प ने कहा कि उनकी राय में यह हमला ईरान की एक त्रुटिपूर्ण मिसाइल के कारण हुआ हो सकता है। उल्लेखनीय है कि सीएनएन, न्यूयॉर्क टाइम्स और वॉशिंगटन पोस्ट जैसे अंतर्राष्ट्रीय मीडिया संस्थानों की जांच में अलग निष्कर्ष सामने आए हैं। रिपोर्टों के अनुसार उपग्रह चित्रों और अन्य दृश्य प्रमाणों के आधार पर यह संभावना जताई गई है कि 28 फरवरी को इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर के ठिकानों पर अमेरिकी हमलों के दौरान दक्षिणी ईरान के मिनाब शहर में स्थित एक लड़कियों के प्राथमिक विद्यालय को निशाना बनाया गया। ट्रम्प से शनिवार को जब पूछा गया कि क्या अमेरिका इस हमले के लिए जिम्मेदार है, तो उन्होंने कहा कि उनकी जानकारी के अनुसार यह हमला ईरान द्वारा किया गया था। इस दौरान अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ से भी इस विषय पर सवाल किया गया। उन्होंने कहा कि मामले की जांच की जा रही है और यह भी आरोप लगाया कि नागरिकों को निशाना बनाने वाला पक्ष ईरान है।

# ईरान में अगले सर्वोच्च नेता के नाम पर बनी सहमति

### खामेनेई के उत्तराधिकारी और उसे नियुक्त करने वालों का पीछा करना जारी रखेगा इजरायल

**तेहरान/तेल अवीव।** ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की हत्या के बाद खाली हुए पद को भरने के लिए 'असेंबली ऑफ एक्सपर्ट्स' (विशेषज्ञों की परिषद) ने नए उत्तराधिकारी के नाम पर लगभग सहमति बना ली है।

ईरानी समाचार एजेंसी 'फार्स' के अनुसार, परिषद के सदस्य अयातुल्ला मोहम्मद मेहदी मीरबागेरी ने पुष्टि की है कि नेतृत्व निर्धारित करने के लिए 'बड़े प्रयास' किए गए हैं और एक 'निर्णायक और सर्वसम्मत राय' बन चुकी है। हालांकि, सुरक्षा कारणों और कठिन परिस्थितियों का हवाला देते हुए अभी तक नए नेता के नाम की आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है। परिषद के



■ ईरान के सर्वोच्च नेता आयतुल्लाह खामेनेई, ने 37 वर्षों तक शासन किया था और वह 28 फरवरी को तेहरान में एक अमेरिकी-इजरायली हमले में मारे गए थे

एक अन्य सदस्य हुज्जतुल इस्लाम जाफरी ने कहा कि तीसरे सर्वोच्च नेता के चयन में देरी सभी के लिए अनपेक्षित है, लेकिन जल्द ही परिणाम सामने आएंगे। गौरतलब है कि 88 सदस्यीय यह परिषद ही ईरान के सर्वोच्च नेता को चुनने के लिए संवैधानिक रूप से अधिकृत है। ईरान के सर्वोच्च नेता आयतुल्लाह खामेनेई, ने 37 वर्षों तक शासन किया था और वह 28 फरवरी को तेहरान में एक अमेरिकी-इजरायली हमले में मारे गए थे। उनके निधन के एक सप्ताह के बाद भी ईरान उनकी जगह किसी को नेता चुन नहीं सका और इसके बजाए देश की कमान एक तीन सदस्ईय समिति को सौंप दी गई थी। इस देरी के कारण ईरान के कुछ समूहों में असंतोष भी उपज रहा था। इन लोगों का मानना है कि नेतृत्व के नाम पर एक चेहरा अवश्य होना चाहिए। विशेषकर युद्ध के हालात में फौज का मनोबल बनाए रखने के लिए ऐसा करना जरूरी है। दूसरी ओर, इजरायल ने ईरान के संभावित नए सर्वोच्च नेता और उनके चयन में शामिल लोगों को सीधी सैन्य कार्रवाई की चेतावनी दी है। इजरायल रक्षा बल (आईडीएफ) ने रविवार को जारी एक बयान में कहा कि इजरायल का 'लंबा हाथ' खामेनेई के उत्तराधिकारी और उसे नियुक्त करने वाले किसी भी व्यक्ति का पीछा करना जारी रखेगा। आईडीएफ ने चेतावनी देते हुए कहा कि हम आपको निशाना बनाने में संकोच नहीं करेंगे। इसे अपने लिए चेतावनी समझें। आधिकारिक नाम की घोषणा अभी भले न हुई हो लेकिन विशेषज्ञों और अंतर्राष्ट्रीय विश्लेषकों के अनुसार इस शक्तिशाली पद के लिए कई नाम सामने आए हैं।

# अमेरिका अपने पकड़े गए सैनिकों का सच छिपा रहा: लारिजानी

**तेहरान।** ईरान की सर्वोच्च राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के सचिव अली लारिजानी ने दावा किया है कि हालिया संघर्ष के दौरान कई अमेरिकी सैनिकों को ईरानी बलों ने बंदी बना लिया है और अमेरिका इस सच्चाई को छिपाने की कोशिश कर रहा है। लारिजानी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर रविवार को किए गए एक पोस्ट में कहा कि उन्हें जानकारी मिली है कि कई अमेरिकी सैनिकों को गिरफ्तार किया गया है।

उन्होंने आरोप लगाया कि अमेरिकी पक्ष उन्हें युद्ध में मारे जाने की बात कह रहा है, लेकिन यह सच्चाई ज्यादा समय तक छिपी नहीं रह सकेगी। पिछले महीने के अंत से अमेरिका और इजरायल द्वारा ईरान पर हमले शुरू किए जाने के बाद

■ पिछले महीने के अंत से अमेरिका और इजरायल द्वारा ईरान पर हमले शुरू किए जाने के बाद क्षेत्र में संघर्ष तेज हो गया है

क्षेत्र में संघर्ष तेज हो गया है। इसके जवाब में ईरान की सशस्त्र सेनाओं, विशेष रूप से इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने कई संवेदनशील और रणनीतिक ठिकानों को निशाना बनाते हुए सैकड़ों बैलिस्टिक मिसाइलों और ड्रोन से जवाबी हमले किए हैं। इससे एक दिन पहले लारिजानी ने चेतावनी दी थी कि अमेरिका की कार्रवाई का जवाब दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि अमेरिका को समझना चाहिए कि ईरान के सब्र को तोड़ने और अंतर्राष्ट्रीय कानून का उल्लंघन करने के गंभीर परिणाम होंगे। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय संकल्प के आधार पर ईरान अमेरिकी आक्रामकता का जवाब दिए बिना नहीं छोड़ेगा और उसे जवाबदेह ठहराया जाएगा। शेरा लारिजानी ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की आलोचना करते हुए कहा कि उनकी बयानबाजी से यह स्पष्ट होता है कि ईरान के खिलाफ अमेरिका की व्यापक रणनीति विफल रही है। उन्होंने कहा कि अमेरिका का मुख्य उद्देश्य ईरान की शासन व्यवस्था को कमजोर करना और राष्ट्रीय एकता को तोड़ना था, लेकिन यह लक्ष्य हासिल नहीं हो सका।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर यूरोपीय नेताओं ने दी बधाई

■ उर्सुला वॉन डर ने महिलाओं से अपने भीतर की शक्ति को पहचानने और कभी पीछे न हटने का आह्वान किया

**नई दिल्ली।** यूरोपीय नेताओं ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिलाओं को बधाई दी है। यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेएन ने दुनिया भर की उन लड़कियों और महिलाओं को श्रद्धांजलि दी जो



उत्पीड़न के खिलाफ लड़ाई जारी रखे हुए हैं। उन्होंने महिलाओं से अपने भीतर की शक्ति को पहचानने और कभी पीछे न हटने का आह्वान किया है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने भी महिलाओं से अपने देश की रक्षा करने का आह्वान किया। उन्होंने युद्ध के मैदान और दैनिक जीवन में महिलाओं द्वारा प्रदर्शित की जाने वाली शक्ति के लिए उनका आभार व्यक्त किया।

यूक्रेन के रक्षा मंत्रालय के अनुसार, बाधाओं का सामना करने के बावजूद वर्ष 2025 में यूक्रेन की सेना में 70000 से अधिक महिलाओं ने सेवा दी, जो 2022 की तुलना में 20 प्रतिशत अधिक है। इनमें से 5500 से अधिक महिलाएं सीधे अग्रिम पंक्ति (फ्रंट लाइन) पर तैनात थीं। स्पेन के प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज ने एक वीडियो साझा करते हुए कहा कि उनकी सरकार 'नफरत को अधिकारों का स्थान नहीं लेने देगी।' उन्होंने जोर देकर कहा कि लैंगिक हिंसा को कमतर करके आंकने और ऑनलाइन उत्पीड़न जैसी चुनौतियों के बावजूद नारीवादी आंदोलन को आगे बढ़ते रहना चाहिए। इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी ने इंटरनेट के माध्यम से संदेश दिया 'आठ मार्च हम सभी को एक ऐसी जिम्मेदारी की याद दिलाता है जो केवल एक दिन के लिए नहीं बल्कि हर दिन के लिए लागू होती है। हमें एक ऐसे इटली का निर्माण जारी रखना है जहां किसी भी महिला को स्वतंत्रता, कार्य, परिवार और व्यक्तिगत संतुष्टि के बीच चुनाव न करना पड़े। यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष एंटोनियो कोस्टा और संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस जैसी अन्य प्रमुख हस्तियों ने दुनिया को याद दिलाया कि 'समानता से सभी को लाभ होता है' और महिलाओं एवं लड़कियों की शिक्षा और उनके कल्याण को बढ़ावा देना दुनिया को एक बेहतर स्थान बनाने के सबसे निश्चित तरीकों में से एक है।

# खामेनेई की मौत पर अमेरिका में लगा था सट्टा

■ 498 करोड़ का खेला था दांव, अब साइट ने भुगतान रोका, नियमों को लेकर विवाद

**न्यूयार्क/वाशिंगटन।** ईरान के सर्वोच्च नेता खामेनेई को लेकर अमेरिकी प्रेडिक्शन मार्केट साइट काल्शी पर 498 करोड़ रुपये का दांव लगाया गया। यह न्यूयार्क स्थित कंपनी है, जहां लोग चुनाव, युद्ध और वैश्विक घटनाओं के नतीजों पर पैसे लगाते हैं। खामेनेई की मौत के बाद कई यूजर्स ने खुद को विजेता मान लिया।

एक कारोबारी ने 3.19 लाख रुपये लगाए थे और उसे 58 लाख रुपये मिलने की उम्मीद थी, लेकिन कुछ ही मिनट बाद साइट ने ट्रेड रोक दिया। कंपनी ने कहा कि उसके नियम किसी व्यक्ति की मौत से जुड़े दांव पर भुगतान की अनुमति नहीं देते। विवाद बढ़ने पर काल्शी ने दांव लगाने वालों को पैसा और फीस लौटाने का फैसला किया है। डोनाल्ड ट्रम्प ऐसे पहले अमेरिकी राष्ट्रपति बन गए हैं जिन्होंने स्पष्ट जनसमर्थन के बिना युद्ध शुरू किया। आम तौर पर जब कोई अमेरिकी राष्ट्रपति युद्ध शुरू करता है तो शुरुआती दौर में जनता उसके पीछे खड़ी (रैली अराउंड द प्रेसिडेंट) हो जाती है। ताजा सर्वे के मुताबिक ईरान पर हमले को सीमित समर्थन मिला है। रायटर्स-इप्सोस सर्वे में केवल 27 प्रतिशत अमेरिकियों ने कार्रवाई का समर्थन किया, जबकि 43 प्रतिशत इसके विरोध में रहे। सीएनएन के सर्वे में समर्थन करीब 41 प्रतिशत रहा।


यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ

पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108